जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 29 अप्रैल, 2023



## विचार बिन्दु

चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। -हरिऔध

# शासन सदैव नम्रता से नहीं चलता, अपितु यदाकदा कठोरता दिखानी भी आवश्यक होती है

देश में लोकतंत्र कहने को है बल्कि तंत्र कुछ और ही है न तो पूर्ण प्रजातंत्र है और न ही पूर्ण तानाशाही, और न ही कोई अन्य शासन व्यवस्था जैसे समाजवाद, सामंतवाद, तथा साम्यवाद आदि। प्रजातंत्र अथवा लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक के जहाँ कुछ अधिकार होते हैं वही कुछ उत्तरदायुत्व भी निभाने पड़ते हैं। देश में प्रत्येक नागरिक अधिकारों की लड़ाई तो लड़ता है, आंदोलन करता है और शासन से अधिकार छीन लेने में समथ भी हो जाता है, परन्तु आंदोलन के समय हुए कार्य के नुकसान की भरपाई कभी नहीं होती ? मेरे विचार से वर्तमान शासन व्यवस्था खिचड़ी/घालमेल है जिसकी अनुशंसा संबिधान में शायद ही की गयी है?

आज़ादी के काफी समय बाद तक बहुत कुछ ठीक चला। शनैः शनैः दुष्प्रवत्तियाँ सिस्टम में प्रवेश करती चली गयी। भ्रष्टाचार, अशिष्ट संवाद, सदन में ऊधम ऐसा कि कुछ भी सुनायी न पड़े आम दृश्य हैं। ऐसे दृश्य टेलीविज़न पर भी प्रसारित होते दिखाई देते हैं जिनेह दुनियां देखती है, और भिन्न-भिन्न प्रकार से उन पर टिप्पणी कर मसालेदार बनाकर सबको परोस देती है। सदन के अध्यक्ष को मैं अनेक बार निरीह अवस्था में देखता हूँ उनके निर्देश का सदस्य पालन नहीं करते अनदेखी कर मखौल उड़ाते प्रतीत होते हैं। देश के प्रधान मंत्री सब सहनशीलता से टुकुर-टुकुर देखते रहते हैं। ऐसी दयनीय स्तिथि में भी अध्यक्ष मार्शल बुलाकर अनुशासनहीन सदस्य को सदन से बाहर करवाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते।

ऐसी क्या मजबूरी है सरकार की? अरे प्राइमरी स्कूल का अध्यापक ही अनुशासन हीनता पर छात्र को कक्षा से बाहर निकाल देता है। देश में बिना अनुशासन कोई व्यवस्था नहीं चल सकती। घर परिवार भी व्यवस्थित नहीं रह सकते। प्रधानमंत्री को कोई चोर कहे और उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया न हो आश्चर्य है लोक तंत्र का। समाज में बहुधा ऐसी दशा में मारपीट पर उतरना बहुत आम बात है। इस पूरे प्रकरण में अनर्गल बयानबाजी और शोर में प्रमुख कांग्रेस लीडर राहुल गाँधी और उनके अनुयाई होते हैं।

लगता है वर्तमान सरकार ने पूर्व कांग्रेस सरकार की बड़े घोटालों की फाइलें खोल दी हैं क्योंकि उन फाइलों पर कतिपय टेलीविज़न चैनलों ने विडिओ बनाकर अपलोड कर दिए हैं। वर्ष 2004 से 2014 तक के तत्कालीन शासन अवधि में सभी घोटालों का कुल आंकलन लगभग 46 ख़रब रुपये से भी अधिक बताया गया है जो चौकाने वाला है। मेरे विचार से अंक 46 के बाद 12 शुन्य लगाने होंगे अंकों में बताने के लिए? इतनी बड़ी घोटाले की राशि ऑडिटर जनरल ऑफ़ इंडिया को भी नजर नहीं आयी और कोई खबर मीडिया में पढ़ने को नहीं मिली। लेकिन अब समझ आया ऐसे बड़े भ्रष्टाचारों के आंकलन के लिए सरकार को सी बी आई, एनफोर्समेंट निदेशालय और आयकर विभाग की सयुंक्त कार्यवाही क्यों करानी पड़ती है। समयानुसार यदि ऑडिट तत्काल सही रिपोर्टिंग कर दे तो ऐसे बड़े घोटाले उसी समय निपटाए जा सकते हैं। बाद में घोटाले रिपोर्ट होने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री और सम्बंधित विभाग और ऑडिट विभाग के अफसर मुख्य रूप से दोषी ठहराए जायेंगे।

**देश की जनता आजादी के पचास और साठ के दसक की अपेक्षा अब कहीं अधिक शिक्षित और जागरूक है वर्तमान में लेखक को लगता है कि यह पूरा खेल आगामी लोकसभा चुनाव् के परिपेक्ष में खेला रहा है। सत्तागत पार्टी भारी बहुमत से श्री मोदी जी के नेतृत्व में चुनाव जीतकर पुनः सत्ता में लौटने की आशा रखती है वहीं विपक्ष कांग्रेस के नेतृत्व में मोदीजी को प्रधानमंत्री बनने के सपने को तोड़ने के प्रयास में लगी है।**

रामचरितमानस में महात्मा तुलसीदास ने सुंदरकांड में बहुत उत्तम प्रकरण पेश किया है। जिसका सन्दर्भ उदाहरण स्वरुप यहाँ देना कुछ समयाचीन होगा। लंका अभियान के समय जब हनुमान जी रात के अँधेरे में रावण के राजप्रासाद में घुसने का रास्ता तलाश रहे थे उसी समय प्रहरी लंकिनी ने उन्हे देख लिया और अपना आहार जानकर (राक्षस मांसाहारी होते हैं) उनको चोर कहकर डपटा। देखिये तुलसीदास ने उस दृश्य को कैसे लिखा है? देश के प्रधान मंत्री को तो यह अच्छी तरह याद भी होना चाहिए :-

**मसक समान रूप कपि धरी, लंकहिं चलेउ सुमिरि नरहरि।**
**नाम लंकिनी एक निसचरि, सो कह चलेसि मोहि निंदरी॥/**
**जानेहि नहीं मरमु सठ मोरा, मोर आहार जहाँ लगी चोरा।**
**मुठिका एक महा कपि हनी, रुधिर वमन धरनी ढनमनी॥**
**पुनि संभारि उठी सो लंका, जोरि पाणिकर विनय ससंका।**
**जब रावनहि ब्रह्म वर दीना, चलत बिरंचि कहा मोहि चीनहा॥**
**बिकल होय ते कपि के मारे, तब जानेसु निश्चर संघारे।**

हनुमान जी राम भक्त हैं, और देश के प्रधान मंत्री भी रामभक्त हैं। चोर कहने पर हनुमान जी की एक मुक्का मारने से प्रहरी के नांक और मुहं से जब रक्त निकल और लंकिनी को ब्रह्मा जी द्वारा रावण को दिया वर भी याद आ गया। तो क्या मोदी जी की एक मुष्टिका (प्रतीकात्मक) अच्छे धुरंधरों को कम से कम तीन चार पीढ़ीओं पीछे की याद नहीं करा सकती ? अब निर्णय मोदी जी पर निर्भर है कि वे कब ऐसा निर्णय लेते हैं और लेते भी हैं अथवा नहीं ? रामचरित मानस में हनुमान जी का यह दृष्टांत उन्हें स्मरण अवश्य होगा ऐसा मेरा निश्चित मत है। मैं मानता हूँ वे सही अवसर पर ऐसी हनुमान समान मुष्टिका का प्रहार चोर कहने पर अवश्य करेंगे। दूसरी तरफ वे कोमल हृदय भी हैं, क्षमा मांगनें पर माफ़ी भी दे सकते हैं।

देश में वर्तमान राजनैतिक खेल के कई आश्चर्यजनक पहलू हैं। यह पूरा खेल सत्ता पक्ष और विपक्षी पार्टिओं के बीच खेला जा रहा है, जहाँ सम्पूर्ण विपक्ष इकठ्ठा होकर कांग्रेस की कमान में भारतीय जनता पार्टी के ऊपर अलोकतांत्रिक तरीके से सरकार पर प्रहार करती नजर आती है। यह सभी खेल प्रिंट मीडिया में कभी पढ़ने को नहीं मिलता, बल्कि सोशल मीडिया और विशेष रूप से यू ट्यूब पर पक्ष और विपक्ष दोनों विडिओ बना कर जनता को अवगत कराने के साथ मनोरंजन करते अधिक नजर आते हैं। सभी जानकारी सोशल मीडिया पर ही अधिकांशतः केन्द्रित रहती है जो विषय सदन में सम्बाद से सुलझने चाहिए विपक्ष सामूहिक रूप से उन्हें सड़कों और विदेशों की धरती पर सुलझाने के प्रयास का रहा है प्रमुख रूप से यूट्यूब पर। चूंकि आरोप प्रत्यारोप सभी यू ट्यूब पर ही अपलोड किये जाते हैं, पाठक को अपना खुद का विश्लेषण करना पड़ता है, सही और गलत निर्धारण के लिए। यहाँ एक बड़ा प्रश्न है कि यदि विपक्ष में बैठी कांग्रेस पर उनके समय किये विभिन्न घोटालों पर जिनको वर्तमान सरकार उचित और सही मानती है तो उन पर पुलिस और न्यायिक कार्यवाही करने में केंद्र सरकार की हिचकिचाहट क्यों और देरी किस कारण ? वर्ष 2004 से 2014 तक समय कांग्रेस पार्टी सरकार में थी और डॉ. मनमोहन सिंह प्रधान मंत्री थे।

ऐसे में सोनियां गाँधी के ऊपर हमला क्यों ? भारत सरकार में एक ऑडिट विभाग भी होता है उस विभाग ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट में क्या वे सब आरोप या भ्रष्टाचार उजागर किये ? यदि नहीं तो सबसे पहले उन अधिकारिओं को जबाबदेही बनाना उचित होगा। यदि ऑडिट विभाग ने भुगतान करते समय कोई सवाल नहीं उठाये तो फिर घोटालों में उस विभाग की संलिप्तता भी संदेह के घेरे में बनती है ?

दूसरा प्रश्न है कि सम्बंधित सरकारी विभाग ऐसी कमिओं को प्रेस को अथवा रिपोर्टर को क्यों नहीं मुहैया कराते, जिससे अखबार के माध्यम से आम जनता भी अवगत हो सके। देश की जनता आजादी के पचास और साठ के दशक की अपेक्षा अब कहीं अधिक शिक्षित और जागरूक है वर्तमान में लेखक को लगता है कि यह पूरा खेल आगामी लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष में खेला रहा है। सत्तागत पार्टी भारी बहुमत से श्री मोदी जी के नेतृत्व में चुनाव् जीतकर पुनः सत्ता में लौटने की आशा रखती है वहीं विपक्ष कांग्रेस के नेतृत्व में मोदीजी को प्रधानमंत्री बनने के सपने को तोड़ने के प्रयास में लगी है। यहाँ यह निश्चित है कि यदि विपक्ष अपने उद्देश्य में सफल हो जाता है तो आगे सरकार की वही हालत की सम्भावना बन सकती है जैसी वर्ष 1977 से 1980 के बीच में जनता पार्टी की सरकार की बनी थी। प्रधान मंत्री के पद के लिए अनेक दावेदारों में सिर और फिर मुहं फुटब्बल होकर किसी भी समय सरकार बिखरने की आशंका बनी रहेगी। हां एक दशा में सभी वर्तमान विपक्षी पार्टियां डॉ. मनमोहन सिंह को यदि प्रधानमंत्री बनाने पर सहमत हो जायं, तो उनकी अब तक की प्रवर्ति और प्रकृति के कारण सभी पार्टियां अपने अपने उद्देश्य साधने में सफल भी हो सकती हैं। भविष्य बताएगा कि देश की जनता क्या फैसला करती है ?

**-अतिथि सम्पादक,**
**प्रो.डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**( पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि., उदयपुर-राज. )**

## 30 अप्रैल, ''मन की बात'' की सौ वीं कड़ी के प्रसारण पर विशेष

# जन-मन की भावनाओं में झलकता आलोक



कलराज मिश्र

'मन की बात' जीवन से जुड़े अनुभवों का एक तरह से गान है। मैं यह बात इसलिए कह रहा हूँ कि मैंने इसे प्रसारित होने के बाद से ही निरंतर सुना है और यह महसूस किया है कि इसमें प्रधानमंत्री जी नरेन्द्र मोदी ने सनातन मूल्यों को एक तरह से पोषित किया है। सनातन का अर्थ है 'नित्य नूतन'। इसमें जड़ता के लिए कोई स्थान नहीं है।

'मन की बात' देश में हो रही प्रगति से अवगत कराता है, उन लोगों के जीवन को सार्वजनिक करता है जिन्होने कुछ अनूठा-अपूर्व किया है और इसके साथ ही जीवन में जो कुछ परिवर्तन आ रहे हैं, उनको सम्मिलित करके भविष्य की एक दिशा का निर्माण करने वाला रेडियो कार्यक्रम है।

मैं यह भी मानता हूँ 'मन की बात' जीवन से जुड़े आदर्शों का निर्माण करने वाली देशभर में यत्र-तत्र बिखरी हमारी मानवीय धरोहर, जीवन दर्शन और आपदा-विपदा से जुड़े प्रश्नों के आलोक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वह वक्तव्य है जिसमें जीवन की सकारात्मकता को सुना और गुना जा सकता है। देश भर के लोगों का प्रतिनिधित्व इसमें होता है, कोने-कोने के लोगों की राय, उनकी बातों, उनके अनुभवों और आशा उम्मीदों का स्वर इसमें घुला हुआ है।

कल की बात लगती है जब यह कार्यक्रम रेडियो द्वारा प्रारम्भ हुआ था। यह 3 अक्टूबर 2014 का दिन था, जब 'मन की बात' कार्यक्रम का पहला प्रसारण हुआ था। बाद में 2015 में वह दिन भी आया जब इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी इसमें भाग लिया था। देखते ही देखते इसकी सौंवी कड़ी प्रसारण की घड़ी भी आई है। सबसे बड़ी बात जो इस कार्यक्रम की है, वह यह है कि इसमें नागरिकों से प्रधानमंत्रीजी जी का सीधा संवाद होता है। देशभर के लोगों का इससे सीधा जुड़ाव इस रूप में भी है कि भारतीय लोक प्रसारक, प्रसार भारती द्वारा 'मन की बात' का अनुवाद और प्रसारण 52 भाषाओं और बोलियों में किया जाता है। इसमें ग्यारह विदेशी भाषाएं भी सम्मिलित है।

देश के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत के प्रधानमंत्री अपने इस कार्यक्रम के जरिए अपना मंतव्य ही लोगों तक नहीं पहुंचाते बल्कि राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का एक तरह से आह्वान करते हैं। मुझे लगता है 'मन की बात' एक दूरदर्शी और स्वप्नदृष्टा प्रधानमंत्री की नागरिकों के प्रति अपनी जवाबदेही समझते हुए किया जाने वाला वह संवाद है, जिसमें श्रव्य मीडिया की सुदूर पहुंच को समझते हुए उसके जरिए जन-मन में रचने-बसने की मंशा निहित है। कोई कहता है कि रेडियो के दिन अब रहे नहीं, उनको 'मन की बात' वह जवाब है जिसने यह साबित किया है कि यदि विषय जनता से जुड़े हों, खुद को उसमें सम्मिलित कर समावेशी सोच से संवाद की पहल हो तो लोग उसमें रूचि लेते हैं। रविवार को यह जब प्रसारित होता है लोग खासतौर से इसे सुनते हैं।

रेडियो श्रव्य मीडिया है। इसका प्रमुख उद्देश्य है सूचना, शिक्षा और मनोरंजन। पर किसी एक ही कार्यक्रम में इन तीनों का समावेश कहीं हुआ है तो वह भी 'मन की बात' में ही हुआ है। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूँ कि 'मन की बात' कार्यक्रम में कोरी सूचनाएँ नहीं हैं, शिक्षा है-जीवन का आलोक पथ है और मन का स्वस्थ रंजन है। जिस तरह से इसे प्रधानमंत्री श्री मोदी सहज हल्के-फुल्के बतियाते हुए अंदाज में पेश करते है, उससे पर्यावरण, कोविड, जलवायु परिवर्तन, हर घर तिरंगा, स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि बहुत सारे विषय सहज-संप्रेषित होते है।मुझे याद है, इसी कार्यक्रम की एक कड़ी में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकलांगों के स्थान पर 'दिव्यांग' शब्द देश को दिया था। जो किसी रूप में शारीरिक रूप में अशक्त है, उसके पास ईश्वर ने कुछ विशेष आम-जन से पृथक दिया है। इसलिए ऐसे व्यक्ति विकलांग नहीं दिव्यांग हैं। ऐसे ही और भी लोक से जुडे शब्द, संवेदनाओं को निरंतर इस कार्यक्रम ने हमसे साझा किया है। इसलिए यह देश ही नहीं विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रमों में शुमार हुआ है।

'मन की बात' को सुनते कई बार मुझे यह भी लगा है कि यह भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ा सम-सामयिक आख्यान है। ऐसा जिसे सुनने, उसमें रमने का मन करता है। हमारे वेद, पुराण और उपनिषदों में ज्ञान को सबसे ऊँचा स्थान दिया गया है। उसे परम पवित्र माना गया है। ज्ञान का अर्थ किसी बात की सिर्फ बाहरी जानकारी नहीं है। निरंतर चिंतन के द्वारा तत्व की गहराई में जाकर, उसमें उतरकर प्रत्यक्ष अनुभव को ज्ञान कहा गया है। इसे जन-विषयों के प्रति रूचि के जरिए प्राप्त किया जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने व्यस्त समय के बावजूद जनता से जुड़े विषयों में रूचि रखने के कारण इस कार्यक्रम को सतत जन-संवाद के लिए ही अपनाया है। आप आम जन से किन्ही विषयों पर राय लेना, उस पर विमर्श करना, कहीं किसी स्थान पर अद्वितीय कार्य करने वाले लोगों के बारे में जानकारी एकत्र कर उस पर सार्वजनिक चिंतन की यह अनूठी पहल है। मैं इसे कई बार प्रधानमंत्री जी की 'रेडियो डायरी' के रूप में सुनता और गुनता हूँ। किसी व्यक्ति के चिंतन के, उसके जन सरोकारों के कितने-कितने आयाम हो सकते हैं, 'मन की बात' उसकी मिसाल है। मैं समझता हूँ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की जिज्ञासाओं, जन-जन से जुड़े मन को टटोलने और निरंतर नया कुछ जानने की प्रेरणा ही 'मन की बात' है। यह देश को उसके लोगों को, उनके विचारों को, भूगोल को, संस्कारों को, विज्ञान और धर्म आदि को युगीन संदर्भों में समझते हुए उन पर संवाद की अनूठी पहल है।

हमारे यहाँ ब्रह्म सूत्रों का आरम्भ ही 'अथातो ब्रह्म जिज्ञासा' से होता है। पूर्व मीमांसा का भी पहला सूत्र 'अथातो धर्म जिज्ञासा' है। धर्म वह जिसे धारण किया जाए। वह जिसमें विरासत में जो विचार-दृष्टि हमें मिली, उसमें नवीन संस्कारों-विचारों और जीवन से जुड़े अनुभवों को मिलाते हुए भविष्य के पथ पर आगे बढ़ा जाए। 'मन की बात' को इसलिए मैं 'योगःकर्मसु कौशलम्' की संज्ञा देता हूँ। माने कर्मों में कौशल ही योग है। यह एक देश के प्रधानमंत्री के देश को जानने-समझने और तदनुरूप राष्ट्र की नीतियाँ, उसे आगे बढ़ाने, जन-जन के उत्थान के कर्म-कौशल का योग है। यह सिर्फ कार्यक्रम नहीं श्रव्य मीडिया का वह आलोक है जिसे सनातन संस्कारों में अनुभूत किया जा सकता है।

एतरेय ब्राह्मण का बहुश्रुत मंत्र है- चरैवेति, चरैवेति। जो सभ्यताएं चलती रहीं वे आगे बढ़ी। जो थम गई, उनका विकास भी रूक गया। पानी एक ही स्थान पर पड़ा रहता है तो संड़ांध मारने लगता है। जल के बहने में ही उसकी सार्थकता है। इसीलिए बुद्ध ने भी कहा 'चरथ भिक्खवे चरथ' माने भिक्षुओं चलते रहो। जो चलता है उसे ही जीवन का मधु मिलता है। डा. मंगलदेव शास्त्री ने 'चरैवेति' को श्रमगान कहा है। मैं यह मानता हूं, 'मन की बात' भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का श्रमगान है। मैंने 'मन की बात' के सारे कार्यक्रम सुने हैं, उनकी चर्चा नहीं करूंगा। पर इतना जरूर कहूंगा कि यह सशक्त भारत के दृष्टिकोण का मूलाधार है। देश की राष्ट्रीय और वैश्विक सफलताओं को उजागर करते हुए नागरिकों में गौरव की अनुभूति पैदा करते हुए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की ओर उन्हें उन्मुख करने का संवाद-गान है। यह महज रेडियो कार्यक्रम नहीं, जन-जन की भावनाओं, उनके उद्‌गारों में झलकता आलोक है।

**-कलराज मिश्र,**
**राज्यपाल, राजस्थान**

# राज्य के 62 स्कूल पांचवीं से आठवीं कक्षा में क्रमोन्नत

**बीकानेर,** (निसं) नए शिक्षा सत्र 2023-24 में 23 जिलों के 62 राजकीय प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अपना स्कूल नहीं बदलना पड़ेगा। शिक्षा विभाग ने नया सत्र शुरू होने से पहले राज्य के 62 प्राइमरी स्कूलों को आठवीं में क्रमोन्नत करने की स्वीकृति जारी कर दी है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। क्रमोन्नत होने वाले इन स्कूलों में शिक्षा सत्र 2023-24 से कक्षा 6 में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

प्रारंभिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने स्पष्ट किया है कि पर्याप्त नामांकन होने पर सातवीं और आठवीं कक्षा भी एक साथ शुरू की जा सकेगी। नए क्रमोन्नत स्कूलों में पदों का आवंटन शिक्षा विभाग में उपलब्ध अधिशेष पदों में से स्टाफिंग पैटर्न के निर्धारित प्रावधानों के मुताबिक किया जाएगा। जिन स्कूलों में नामांकन की अपेक्षा शिक्षकों की संख्या अधिक है। उन स्कूलों से लेवल दो के तीन शिक्षकों को क्रमोन्नत स्कूलों में लगाया जाएगा। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

शिक्षा विभाग ने पिछले दस दिन में राज्य के 216 स्कूलों को क्रमोन्नत करने के आदेश जारी किए हैं। इन स्कूलों में नए शिक्षा सत्र से विद्याथियों को प्रवेश मिलेगा। इससे पूर्व 18 अप्रैल को शिक्षा निदेशालय ने राज्य के 156 स्कूलों को पांचवी से आठवीं में क्रमोन्नत करने के आदेश जारी किए थे। शिक्षा विभाग की ओर से इन 216 स्कूलों को पांचवी से आठवीं में क्रमोन्नत होने से इन स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 15 हजार विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। इन विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए अब स्कूल नहीं बदलना पड़ेगा। यदि वर्तमान स्कूल में ही अब आठवीं तक की शिक्षा हासिल कर सकेंगे राज्य के 23 जिलों के क्रमोन्नत 62 स्कूलों की सूची में सबसे अधिक बीकानेर के छह स्कूल शामिल है। जिसमें शहरी क्षेत्र के तीन स्कूल है। शहरी क्षेत्र में अंबेडकर कॉलोनी, कोरियों का बास नंबर दो, चोपड़ा बाड़ी गंगाशहर स्थित प्राइमरी स्कूल को आठवीं में अपग्रेड किया गया है। वही ब्लॉक स्तर पर कोलायत, लूणकरणसर और नोखा का एक-एक स्कूल क्रमोन्नत हुआ है।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस

# पशु चिकित्सा में सुधार, समय की मांग



मरियम अबुहैदरी

आज विश्व पशु चिकित्सा दिवस है। आज के दिन हम बेबस एवं मासूम पशुओं के जीवन रक्षकों के महान कर्तव्य का उत्सव मनाते हैं। एक पशु कार्यकर्ता के रूप में मैंने जयपुर में निम्नस्तर पशु चिकित्सा व देखभाल के हृदयविदारक परिणामों को देखा है, मैं पशु चिकित्सा शिक्षा और सरकारी भर्ती मानकों में सुधार की आवश्यकता पर पर्याप्त जोर देना चाहती हूँ। सरकारी पशु चिकित्सकों के साथ मेरे व्यक्तिगत अनुभव बहुत दुखद रहे हैं, और अब समय है कि हम इस क्षेत्र में पशु कल्याण और करुणा को प्राथमिकता दें।

पशु चिकित्सा पेशे में व्यावहारिक ज्ञान और सहानुभूति की कमी के कारण जानवरों को पीड़ित और मरते देखना बेहद निराशाजनक है। यह विचित्र है कि कई लोग इस क्षेत्र को केवल आय का एक साधन मानते हैं, एक सुपर-सिक्योर सरकारी नियुक्ति।

पशु चिकित्सा पेशे में पाखंड व्याप्त हो चुका है। हमें इस पाखंड के बारे में विचार करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पशु चिकित्सक पशु रोगों का जानकार, जानवरों के प्रति दयालु और संवेदनशील हों। यह समय है कि सरकार अपने पशु चिकित्सकों के समूह के बीच पशु कल्याण और करुणा को प्राथमिकता दे। तभी हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि पशु चिकित्सक अपनी शपथ पूरी करने के साथ-साथ हमारे प्यारे साथियों की देखभाल कर पाएँगे।

क्या यह विचित्र नहीं है कि मैं अभी तक किसी सरकारी पशु चिकित्सक या पशु चिकित्सा अधिकारी से नहीं मिली हूँ जिसने जानवरों के प्रति अपने प्रेम के कारण यह पेशा चुना है। आपको लगता होगा कि ये लोग बहुत बुद्धिमान होंगे क्योंकि इन्होंने 5 साल कुछ ऐसा अध्ययन करने में खर्च किया जो वे संभवतः अपने शेष जीवन के जानवरों के प्रति अपने प्यार के लिए कर रहे होंगे। पर अफ़सोस की अधिकतर लोगो ने इसे सिर्फ़ आय स्त्रोत बना दिया है।

यह एक घटना थी जो मेरी स्मृति में अंकित है। तुंगा में एक कुत्ते को 22 बार गोली मारी गई थी, और कुत्ते का मेडिकल करने के लिए पशु चिकित्सकों की एक टीम को नियुक्त किया गया था। दो पशु चिकित्सक बेहद असभ्य थे, और मुझे उनके साथ सबसे अप्रिय अनुभव हुआ। कुत्ते की चोटें गंभीर नहीं है जब एक पशु चिकित्सक ने मुझे यह कहा तो मानो मेरे पैरों तले ज़मीन खिसक गई,कोई यह कैसे कह सकता है यह जानते हुए कि उस प्यारे कुत्ते को 22 बार गोली मारी गई थी उन्होंने इलाज को नज़रअंदाज़ करना चुना। कुत्ते की मदद हो यह सुनिश्चित करने के लिए मुझे पशुपालन विभाग के सचिव और कुछ वरिष्ठ निजी पशु चिकित्सकों को शामिल करना पड़ा। यह सब टाला जा सकता था अगर पशु चिकित्सकों ने सिर्फ उनकी शपथ का सम्मान किया होता। टीम के एक पशु चिकित्सक डा. मयंक को उस मरते हुए श्वान की दुर्दशा के प्रति सहानुभूति थी। वह देख सकता था कि मुझे व उस श्वान को किस कदर परेशान किया जा रहा है। यदि वह उस दिन मेरी मदद ना करते तो यह मेडिकल रिपोर्ट भी पहले की कई अन्य रिपोट्र्स की तरह ख़ाली होती, आखिरकार, कुछ अच्छे लोग भी हैं जो क्लोन किए जाने के योग्य हैं! गलत मेडिकल या पोस्टमार्टम में क्लीन चिट; के आधार पर न्यायपालिका को गुमराह किया जा रहा है। जानवरों के शरीर पर गंभीर घाव के बावजूद क्रूरता का कोई निशान नहीं? आख़िर किसने हमे अंधा बनाया है पैसा या इस समाज ने? दुर्भाग्य से, कुत्ते ने अपनी चोटों के कारण दम तोड़ दिया, लेकिन इस अनुभव ने मुझे भयाक्रांत व निराश छोड़ दिया। पूरी कवायद तनावपूर्ण थी। इस तरह के निराशाजनक अनुभव के कारण, मैं सुरक्षित रूप से कह सकती हूं कि सरकारी पशु चिकित्सकों में जानवरों की उचित देखभाल करने के लिए जुनून और समर्पण की कमी है। इसके विपरीत, कुछ निजी पशु चिकित्सकों ने इस पेशे को जानवरों के लिए अपने प्राथमिक प्रेम से चुना है, और उनका समर्पण वास्तव में प्रेरणादायक है।


मैंने प्रत्यक्ष रूप से देखा है कि कैसे अन्य देशों की तुलना में भारत की पशु चिकित्सा शिक्षा प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। हमें भारत में पशु चिकित्सा शिक्षा में सुधार कर चिकित्सकों को पशुओं के प्रति सहानुभूतिपूर्ण और दयालु बनाना चाहिए। यह अपर्याप्त प्रशिक्षण न केवल कंपाउंडरों की प्रभावी देखभाल प्रदान करने की क्षमता में बाधा डालता है बल्कि पशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण को भी जोखिम में डालता है। पशु चिकित्सा कंपाउंडरों को एक एसा प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए जिसमें पशु चिकित्सा नर्सिंग कौशल की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल हो, जिसमें बुनियादी पशु प्राथमिक चिकित्सा, दवाओं का आँकलन और पशु के महत्वपूर्ण शारीरिक संकेतों की निगरानी शामिल हो। इसके अलावा, निजी पशु चिकित्सकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानना आवश्यक है, जो जानवरों के लिए अपने प्यार और करुणा से अपने करियर को आगे बढ़ाने का विकल्प चुनते हैं। निजी पशु चिकित्सकों के पास अक्सर अधिक संसाधनों और उपकरणों तक पहुंच होती है, जिससे वे जानवरों को गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करने में सक्षम हैं। यदि सरकारी पशु चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया में शैक्षणिक योग्यता के साथ व्यावहारिक ज्ञान और सहानुभूति को प्राथमिकता नहीं दी गई तो हम मुश्किल में होंगे। जयपुर में मेरा अनुभव एक ऐसे राष्ट्र के इरादों के बारे में विवाद का विषय बन गया है जो जानवरों के इलाज पर गर्व करता है, जिन्हें अक्सर पौराणिक कथाओं में दयालुता के साथ चित्रित किया जाता है। ज़रूरत है कि हम अपने बच्चों को यह बताये कि पशु चिकित्सा को तभी चुने, जब उन्हें लगे कि वह उनकी सेवा के लिए पूर्ण रूप से समरपित हो पायेंगे।

जिस तरह हम छात्रों को मेडिसिन की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हैं, उसी तरह हमें उन्हें पशु चिकित्सा विज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित करना चाहिए। यह क्षेत्र एक पूर्ण और पुरस्कृत कैरियर विकल्प प्रदान करता है जो व्यक्तियों को जानवरों और उनके मालिकों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने की ताकत देता है।

इस क्षेत्र को विकसित करने और छात्रों को इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकार, भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (वीसीआई) और निजी संगठनों को ख़ास ध्यान देना चाहिए। निस्संदेह, यह सब सरकार द्वारा पशु चिकित्सा शिक्षा और भर्ती मानकों में पशु कल्याण और करुणा को प्राथमिकता देने और छात्रों को एक कैरियर विकल्प के रूप में पशु चिकित्सा विज्ञान और नर्सिंग को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ शुरू होता है। हमें व सरकार को जानवरों की देखभाल करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने वाले पशु चिकित्सकों की सराहना और समर्थन करना चाहिए। ऐसा करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जानवरों को वह देखभाल और करुणा मिले जिसके वे हकदार हैं और साथ ही पशु चिकित्सा और पशु चिकित्सा नर्सिंग सहित हमारे समाज का एक सम्मानित और महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जाये जिस से की आने वाली पीढ़ी भी इस पेशे को अपनी इच्छा से गर्वपूर्ण भाव से अपनाए ना की सरकारी नौकरी के लालच में।

**-मरियम अबुहैदरी,**
**पशु अधिकार कार्यकर्ता**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शनिवार 29 अप्रैल, 2023

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, अश्विनी नक्षत्र सांय दिन 12:47 तक, गण्ड योग दिन 10:30 तक, कौलव करण सांय 6:22 तक, चन्द्रमा दिन 12:47 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज स्थिर योग सूर्योदय से 12:47 तक है। दुग्ध योग सूर्योदय से दिन सांय 6:22 तक है। रवियोग दिन 12:47 से आरम्भ होगा। आज सीता नवमी, श्री हरि जयन्ती, चण्डिका नवमी है। गुरू उदय रात्रि 8:58 से उदय होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:32 से 9:09 तक, चर 12:24 से 2:02 तक, लाभ-अमृत 2:02 से 5:17 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:54, सूर्यास्त 6:54

**मेष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**कर्क**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**सिंह**
व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल बढ़ेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। धन हानि हो सकती है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**धनु**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

**कुंभ**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। व्यावसायिक योजना बनेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आपसी सहयोग-समन्वय बढ़ेगा।

**मीन**
परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 266 प्रभात जयपुर, शनिवार 29 अप्रेल , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**The Afterglow Remains** — Generals never die, they just fade away. In General Ajai's case he leaves behind an afterglow.

**The Scholar-Warrior Of The Superior Kind**

**My Uncle Ajai Kaka** — Gogoi had major differences with both Sinha and Singh on the issue of Bangladeshi infiltration



*सदर्न स्कॉटलैंड के एक प्राइवेट एस्टेट में, अन्य स्थानों से स्थानांतरित गोल्डन ईगल्स को प्रजनन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, वृक्षों पर बहुत ऊंचाई पर दो कृत्रिम आयरीज़ (ऊँचाई पर बना बाज़ या चील का विशाल घोंसला) रखे गए हैं। ऊँचाई पर चढ़ने में दक्ष लोगों ने ड्यूक ऑफ नॉर्थम्बरलैंड के बर्नकासल एस्टेट में उस क्षेत्र के पास, दुर्गम स्थानों पर कृत्रिम घोंसले बनाए हैं, जहाँ सैटेलाइट टैग वाले तीन युवा गोल्डन ईगल देखे गए हैं। निजी भूमि पर पहली बार ऐसे घोंसले रखे गए हैं। यहाँ के 17 से अधिक एस्टेट्स, साउथ ऑफ स्कॉटलैंड गोल्डन ईगल प्रोजैक्ट का समर्थन कर रहे हैं। स्थानान्तरण की वजह से अब यहाँ गोल्डन ईगल के 38 जोड़े हो गए हैं, जो कि तीन सदियों में सर्वाधिक हैं। घोंसले इस प्रकार से डिजाइन किए गए हैं जिससे ईगल्स अपनी टैरिटरी स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित हों और आगामी वर्षों में प्रजनन करें। प्रौजैक्ट के अध्यक्ष, माइकल क्लार्क ने कहा, ''क्षेत्र के सर्वोच्च परभक्षी के रूप में गोल्डन ईगल इकोसिस्टम को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार होते हैं। वे उन सभी प्रजातियों का सरवाइवल और समृद्धि सुनिश्चित करते हैं, जो उनका भोजन हैं और इकोटूरिज़्म के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।'' नार्थम्बरलैंड के ड्यूक ने कहा कि, गोल्डन ईगल सदर्न स्कॉटलैंड में फिर से बस गए हैं, इससे वे बेहद खुश हैं। एस्टेट इन पक्षियों की मदद करने और आयरीज़ बनाने के लिए काफी उत्सुक है।'' अवैध तरीके से गोल्डन ईगल को मारे जाने से हाइलैंड्स में गोल्डन ईगल की भारी कमी हो गई थी। वर्ष 2018 में, जब प्रोजैक्ट शुरू नहीं हुआ था, तब डम्फ्रीज़ और गैलोवे के बीच गोल्डन ईगल के 2-4 जोड़े ही बचे थे। प्रोजैक्ट के तहत 7 वयस्क एवं 18 अवयस्क गोल्डन ईगल को हाईलैंड्स से सफलतापूर्वक स्कॉटलैंड के दक्षिण में स्थानान्तरित किया गया है, इनकी उम्र 6 माह से तीन साल के बीच है। इंग्लैंड में गोल्डन ईगल का अंतिम आवास 2015 में लुप्त हो गया था। नए घोंसले बर्न कासल और वैस्टर्न लैमरम्यूर में उस जगह बनाए गए हैं जहां 18 माह की दो मादाएं व एक नर देखा गया था। वर्ष 2018 में यहाँ पहली बार जिन पक्षियों को छोड़ा गया था वे भी घोंसलों का उपयोग कर अपनी टैरटरी बना सकते हैं। गोल्डन ईगल 3-4 साल के होने पर प्रजनन करते हैं।*

# अमूल को ''साऊथवर्ड पुश'' की नीति त्यागनी पड़ेगी?

## लोकल ब्राण्ड्स, जैसे नन्दिनी, केरल के मिल्मा तथा तमिलनाडू के आविन के पक्ष में अमूल का विरोध तीव्र हुआ

- इन जन आंदोलनों को हवा मिली है, आंध्र के अनुभव से। आंध्र के दुग्ध उत्पादकों का मानना है कि, आंध्र की सरकार प्रदेश से दूध इकट्ठा करके अमूल को बेच रही है।
- आंध्र सरकार की इस कार्यवाही से आंध्र के दुग्ध उत्पादकों को कोई लाभ नहीं हो रहा बल्कि नुकसान ही हो रहा है। एक पूर्व मंत्री ने तो यह आरोप भी लगाया राज्य सरकार पर कि, स्थानीय दुग्ध उत्पादकों की सहकारी समितियों की सम्पत्ति भी राज्य सरकार अमूल को बेच रही है।
- इस अमूल विवाद ने कर्नाटक में इतना जोर पकड़ा कि, पूर्व मु.मंत्री सिद्धारमैया ने सार्वजनिक भाषण दिया कि, कन्नड़ भाषियों को अमूल उत्पादनों का बहिष्कार करना चाहिये। कुछ रैस्टोरैंट व होटलों ने इस अपील का आदर करते हुए अमूल ब्राण्ड की चीजें खरीदना बंद कर दिया है।

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 अप्रैल। लगभग 25 साल पहले, 1998 में ''प्याज'' जैसी मामूली चीज ने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के आँसू ला दिये थे तथा सरकार गिर गई थी क्योंकि प्याज के भाव आसमान छूने लगे थे। और वाजपेयी सरकार प्याज की कीमतों को बढ़ने से रोक नहीं पाई थी। दरअसल, सरकार अनुभवहीन थी तथा समय रहते प्याज का आयात नहीं कर सकी। और विपक्षी कांग्रेस ने सरकार को घरने के लिये इस मुद्दे का प्रभावी उपयोग किया था।

अगर प्याज जनित उस राजनैतिक संकट का मुख्य कारण मौसम की मनमानी तथा आंशिक रूप से, प्याज संकट को सँभालने में सरकार की अक्षमता रही थी, तो कर्नाटक की भाजपा सरकार ने दूध-संकट और इससे जुड़े विवाद को स्वयं आमंत्रित किया है तथा इस चुनाव में यह संकट और सरकार का पीछा नहीं छोड़ रहा है, उसे बहुत परेशान कर रहा है।

कर्नाटक में, सजग और सतर्क कांग्रेस ने दूध, बल्कि दूध-व्यवसाय विवाद को अपने आक्रामक प्रचार का ज्वलंत मुद्दा बना लिया है तथ बासवराज बोम्मई सरकार को बैकफुट पर पहुँचा दिया है।

विभिन्न ताकतों, ''अमूल'' ब्रान्ड के मालिकों और कर्ताधर्ताओं तथा कर्नाटक एवं केन्द्र सरकारो के साफ इनकार के बावजूद, कर्नाटक में दूध-युद्ध जोर पकड़ चुका है। केन्द्र एवं राज्य सरकार तथा ''अमूल'' प्रतिष्ठान लगातार कहते आ रहे हैं कि अमूल द्वारा कर्नाटक के स्थानीय ब्रान्ड ''नन्दिनी'' के अधिग्रहण की कोई कोशिश नहीं हो रही है, इसके बावजूद, कर्नाटक मिल्क कोऑपरेटिव को दूध की सप्लाई करने वाले लाखों किसानों के मन में यह डर बैठ गया है कि अगर गुजरात मिल्क कोऑपरेटिव, जो अमूल ब्रांड का

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# 'अगर शिकायत दर्ज नहीं भी हो, आप ''हेट स्पीच'' के खिलाफ स्वयमेव मामला दर्ज करें'

## सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों को यह आदेश दिया

- सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस आदेश में आगे यह भी कहा कि, अगर राज्य सरकारों ने मुकदमा दर्ज करने में विलम्ब किया तो, उन राज्य सरकारों के खिलाफ न्यायालय के आदेश की अवमानना का केस दायर होगा।
- सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में आगे यह भी कहा कि, हर जिले में इस काम के लिये एक ''नोडल अफसर'' नियुक्त होना चाहिये तथा सोशल मीडिया से ''हेट स्पीच'' हटाने की प्रक्रिया भी निर्धारित कर लेनी चाहिये।
- सुप्रीम कोर्ट इस सिलसिले में दायर मुकदमे की अगली सुनवायी 12 मई को जारी रखेगा।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 अप्रेल। देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने के संरक्षण की दिशा में एक प्राथमिक कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2022 के अपने आदेश का आज दायरा बढ़ाया। इसके तहत दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड पुलिस को निर्देश दिए गए कि वे हेट स्पीच के केसों के विरूद्ध स्व-प्रेरित कार्यवाही करें। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए कि यदि कोई शिकायत दर्ज ना हों, तब भी वे हेट स्पीच के केसों के विरूद्ध कार्रवाई करें। कोर्ट ने चेतावनी कि केसों को दर्ज करने में यदि विलम्ब हुआ तो उसे अदालत की अवमानना समझा जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच अपराधों को लेकर दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए इसे एक गंभीर प्रकृति के अपराध की संज्ञा दी। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि हेट स्पीच देश के धर्म निरपेक्ष ताने बाने को प्रभावित करने की ताकत रखती है। बैंच ने इससे पहले अदालत की अवमानना को लेकर दायर एक याचिका पर महाराष्ट्र सरकार से जवाब देने को कहा। इस याचिका में राज्य सरकार पर आरोप लगाया गया

( शेष पृष्ठ 5 पर )




## 'यह कैसी याचिका है और आप कौन हैं?'

- सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका कर्ता आशीष गिरी के ''लोकस'' पर सवाल किया और शिव सेना की सम्पत्ति ठाकरे गुट से लेकर शिंदे गुट को सौंपने की याचिका खारिज कर दी।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 अप्रेल। सुप्रीम कोर्ट ने शिव सेना से संबंधित एक याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। इस याचिका में सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया गया था कि वह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिव सेना की सभी सम्पत्तियों को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## 'मेरी मां के लिए जम्मू में सही व्यवस्था नहीं की गई'

- नैशनल पैंथर्स पार्टी में चीफ पेट्रन अंकित लव ने अपनी मां जयमाला की मौत के लिए पार्टी अध्यक्ष विलक्षण सिंह को दोषी ठहराया। ज्ञातव्य है कि, अंकित ब्लैक लिस्टेड हैं और कोशिश कर रहे हैं, उन्हें भारत आने की अनुमति मिल जाए।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर की पैंथर्स पार्टी के मुख्य संरक्षक अंकित लव ने शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष विलक्षण सिंह पर उनकी माँ जयमाला की मृत्यु का दोषारोपण किया तथा कहा कि उन्होंने उनकी माँ के जम्मू में रहने की उचित व्यवस्था नहीं की थी। उन्होंने कहा कि विलक्षण सिंह अपने पद से अविलम्ब इस्तीफा दें।

अंकित ने कहा, ''जयमाला को, बिना किसी देख-रेख के, सीढ़ियों पर अकेले क्यों जाने दिया गया तथा उन्हें एक-मंजिला बँगले में क्यों नहीं रखा गया, जबकि यह मालूम था कि वे लकवे

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# कुश्ती फैडरेशन के मुखिया के खिलाफ अन्ततोगत्वा एफ.आई.आर. दर्ज हुई

## महिला कुश्ती प्लेयर्स, जो जंतर-मंतर पर छः दिन से धरने पर बैठी थीं, ने इसे जीत की दिशा में पहला कदम बताया

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 अप्रैल। रैसलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने के दिल्ली पुलिस के निर्णय के बाद, दिल्ली के जन्तर मन्तर पर प्रदर्शन कर रहीं महिला पहलवानों ने इस प्रगति को ''विजय की तरफ पहला कदम'' कहा है। लेकिन उन्होंने यह निर्णय भी लिया है कि भाजपा सांसद सिंह को उनके सभी पदों से हटाये जाने की माँग पर जोर देने के लिये वे प्रदर्शन जारी रखेंगी।

सत्तारूढ़ दल भाजपा पर यह आरोप है कि वह सिंह के राजनैतिक प्रभाव एवं दबदबे के कारण, उनके

( शेष पृष्ठ 5 पर )




# पायलट खेमे के विधायक बोले, नई पार्टी नहीं बनाएंगे हम लोग, कांग्रेस में ही सदा रहेंगे!

## वेदप्रकाश सोलंकी ने कहा, कुछ नेता चाहते हैं कि, इस तरह की बातें करके सचिन पायलट को किसी न किसी तरह दरकिनार किया जाये

- ए.आई.सी.सी. द्वारा नव नियुक्त सह प्रभारी अमृता धवन बोलीं, गहलोत के राज में रामराज्य, पायलट पार्टी के एसैट।

जयपुर, 28 अप्रेल (का.प्र.)। राजस्थान में जुलाई 2020 के बाद से सचिन पायलट को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है कि कांग्रेस उन्हें कुछ देगी या वे कोई नया कदम उठाने जा रहे हैं। पिछले दिनों 11 अप्रैल को जब वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार के मुद्दों के खिलाफ जब सचिन पायलट ने अनशन किया था तब उनको लेकर प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के तल्ख बयान आए, तो लगा कि पार्टी उन पर कार्यवाही करने जा रही है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

उसके बाद कई जगह ऐसी चर्चाएं हुईं कि पायलट नई पार्टी बनाने जा रहे हैं। हालांकि पायलट ने खुद कभी ऐसी चर्चा नहीं की, ना हीं उन्होंने कभी इंकार किया, लेकिन अब पायलट खेमे के विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने नई पार्टी बनाने से इनकार करते हुए कहा है कि पायलट कांग्रेस में रहेंगे। वहीं उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नेता उन्हें टारगेट कर रहे हैं।

दूसरी ओर राजस्थान में कांग्रेस की नई सह प्रभारी अमृता धवन ने कहा है कि गहलोत के राज में रामराज्य है। वहीं उन्होंने पायलट को लेकर कहा कि वह भी पार्टी की एसेट है।

शुक्रवार को पायलट कैंप के विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने पायलट के नई पार्टी बनाने की बात से साफ इनकार करते हुए कहा कि ''यह केवल बड़े नेताओं का शिगूफा है कि पायलट को कैसे दरकिनार किया जाए। उन्होंने कहा कि सचिन पायलट पार्टी नहीं छोड़ रहे, वह पार्टी में रहेंगे। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा है। वह पहले ही क्लियर कर चुके हैं।'' सोलंकी ने कहा कि कुछ नेता चाहते हैं कि इस तरह की बातें करके सचिन पायलट को कैसे दरकिनार किया जाए, लेकिन सचिन पायलट को दरकिनार करने से सरकार में वापसी संभव नहीं होगी। जब सब

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## जम्मू में महिला कॉन्स्टेबल पहली बार रात्रि गश्त पर

- महिला तस्करों से आम गृहणियों को राहत प्रदान करना इस निर्णय का आधार है।

जम्मू, 28 अप्रेल। जम्मू पुलिस ने महिला नशा तस्करों पर नजर रखने के लिए बड़ा कदम उठाया है। जरुरतमंद महिलाओं की मदद के लिए महिला कॉन्स्टेबलों को तैनात किया गया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि, यह पहला मौका है जब रात के समय भीड़ वाले इलाकों में महिला कॉन्स्टेबलों की तैनाती की गयी है। प्रत्येक जांच चौकी पर रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक दो महिला कर्मियों को तैनात किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि, अब तक शहर के क्षेत्र में 12 प्रमुख जांच चौकियों पर महिला कॉन्स्टेबलों को न केवल किसी

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# नीमराणा में 100 करोड़ रुपये से अधिक की जमीन पर हाईकोर्ट ने स्टे लगाया

## बिल्डर कंपनी पर फर्जी कागजात से जमीन हड़पने का आरोप लगाया

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने तहसील नीमराणा में स्थित 46 बीघा की जमीन पर चल रहे विवाद पर स्थगन आदेश लगाये हैं और जमीन पर वस्तु स्थिति बनाये रखने के आदेश दिये हैं। उक्त 46 बीघा जमीन की कीमत 100 करोड़ रुपये से भी अधिक बताई जा रही है। न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश शिवलता तथा अन्य याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिये।

▪ **इस 46 बीघा जमीन पर करीब 300 परिवार निवास करते हैं, पर कॉलोनी डवलपर ने फर्जी सेल डीड के माध्यम से आरोप लगाया कि वे इस जमीन पर गलत तरीके से रह रहे हैं**

उक्त मामले में करीब 300 परिवार शामिल हैं जिनकी ओर से अधिवक्ता रजत राजन और उनके सहायक अधिवक्ता द्रोण यादव उपस्थित हुए थे। याचिकाकर्ता का कहना है कि गांववालों ने इस 46 बीघा जमीन को उनके पूर्वजों ने विनायक दत्ता और लक्ष्मीकांत से 1976 में खरीदा था। याचिकाकर्ता की ओर से वकीलों का कहना है कि उनकी तरफ से हाईकोर्ट से पहले किसी भी स्तर पर उचित कानूनी प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा सका था क्योंकि वे ग्रामीण परिप्रेक्ष्य के थे और ज्यादा पढ़े लिखे नहीं थे। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि वर्ष 2012 में लक्ष्मीकांत और विनायक दत्ता के उत्तराधिकारियों तथा राजस्थान एजेंसी प्रा.लि. नामक जो एक कॉलोनी डवलपर हैं, के पक्ष में फर्जी सेल डीड के माध्यम से यह दर्शाने की कोशिश की कि लक्ष्मीकांत ने यह जमीन कभी गांववालों को बेची ही नहीं थी। याचिकाकर्ता के वकीलों का कहना है कि इस फर्जी डीड के माध्यम से लक्ष्मीकांत और विनायक दत्ता के पूर्वजों ने यह दर्शाने की कोशिश की कि उक्त जमीन का मालिकाना हक उन्हीं का है। इसके खिलाफ ग्रामीणों ने विनायक दत्ता और लक्ष्मीकांत के उत्तराधिकारियों के खिलाफ एस.डी.ओ. के समक्ष याचिका पेश की थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि एस.डी.ओ. के समक्ष यह दर्शाया कि उक्त सेल डीड फर्जी है और गैर खातेदारी जमीन की है जिसे बेचा नहीं जा सकता और एस.डी.ओ. द्वारा ग्रामीणों की याचिका को खारिज करवाने में सफल रहे। ग्रामीणों की ओर से इस मामले को 2017 में अलवर के रेवेन्यू अपीलेट ऑथोरिटी में भी चुनौती दी गई जिसे भी खारिज कर दिया गया था जिसके खिलाफ कई ग्रामीण रेवेन्यू बोर्ड के समक्ष भी अपील लेकर गये थे। याचिकाकर्ताओं के वकील का कहना है कि रेवेन्यू बोर्ड के समक्ष जब तक अपील की गई तब तक कई ग्रामीणों की मौत हो चुकी थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि जब रेवेन्यू बोर्ड के समक्ष अपील दायर की गई तब बोर्ड ने यह आदेश दिया कि याचिकाकर्ताओं ने सभी ग्रामीणों और उनके उत्तराधिकारियों को पार्टी नही बनाया है और इसलिये उनकी याचिका खारिज कर दी, जो संशोधित अपील रेवेन्यू बोर्ड के समक्ष ग्रामीणो ने दायर की, बोर्ड ने पूरा मामला सुने बगैर ही खारिज कर दिया। रेवेन्यू बोर्ड के आदेशों के खिलाफ अब याचिकाकर्ता हाईकोर्ट पहुंचे हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि रेवेन्यू बोर्ड ने इस मामले को कभी समझा ही नहीं बल्कि कुछ तकनीकी खामियों के कारण उनके मामले को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उक्त मामले में राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में उक्त 46 बीघा जमीन को गैर खातेदारी जमीन दर्शाया गया है जबकि यह जमीन खातेदारी जमीन है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह तथ्य इस बात से भी साबित होता है कि राजस्व विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार ही 1962 में उक्त जमीन का खातेदारी जमीन के रुप में ही आवंटन लक्ष्मीकांत और विनायक दत्ता को किया गया था। इसीलिये लक्ष्मीकांत और विनायक दत्ता के द्वारा 1976 में ग्रामीणों के पक्ष में जारी सेल डीड कानूनी मापदंडों पर खरी उतरती है। याचिकाकर्ताओं के वकील का कहना है कि यह तथ्य विनायक दत्ता और लक्ष्मीकांत के उत्तराधिकारियों ने रेवेन्यू बोर्ड से छुपाये थे। उनका यह भी कहना है कि एस.डी.ओ. नीमराणा की रिपोर्ट नम्बर 970 जो वर्तमान में डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर अलवर को दी गई है, जिससे साफ जाहिर होता है कि उक्त जमीन का कब्जा ग्रामीणों के ही हक में है ना कि लक्ष्मीकांत और विनायक दत्ता के उत्तराधिकारियों के पक्ष में। उक्त तथ्यों को सुनने के बाद अदालत ने इस मामले में यथा स्थिति बनाये रखने के आदेश दिये हैं।

# श्री स्वामी लक्ष्मीराम बाग में आयुर्वेदज्ञों से रूबरू हुए सांसद वरूण गांधी



**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में मोतीडूंगरी रोड पर दादाबाड़ी के सामने स्थित श्री स्वामी लक्ष्मीराम बाग में शुक्रवार शाम को विभिन्न संस्थाओं, आयुर्वेदज्ञों और संस्कृत के विद्वान एकत्रित हुए। सांसद वरूण गांधी भी इस कार्यक्रम में शरीक हुए और उन्होंने श्री स्वामी लक्ष्मीराम ट्रस्ट को सभी के सहयोग से आगे बढ़ाने का आव्हान किया। उन्होंने आयुर्वेदज्ञों की तारीफ करते हुए स्वामीजी के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन, राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति राष्ट्रीय संस्थान के पूर्व निदेशक बनवारीलाल गौड़ ने की। श्री स्वामी लक्ष्मीराम ट्रस्ट के ट्रस्टी हरिनारायण स्वामी ने बताया कि भारत विख्यात आयुर्वेदज्ञ स्वामी लक्ष्मीराम ने वर्ष 1934 में श्री स्वामी लक्ष्मीराम ट्रस्ट की स्थापना की। यह ट्रस्ट जयपुर रियासत का प्रथम ट्रस्ट बना। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं, आयुर्वेदज्ञों व संस्कृत के विद्वान एकत्रित हुए।



शुक्रवार को जयपुर शहर में एक बार फिर मौसम पलटा। दो दिन की गर्मी के बाद आसमान पर काले बादल छाये रहे। इस दौरान शहर में छितराई बारिश हुई जिससे मौसम ठंडा हो गया।

# प्रदेश में 414 नए करोना संक्रमित मिले शुक्रवार को

## हालांकि इस बीच साढ़े पांच सौ के करीब मरीज ठीक भी हुए हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में शुक्रवार को 414 नए करोना संक्रमित मिले हैं। हालांकि इस बीच करीब साढ़े पांच सौ मरीज रिकवर हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 3023 रह गए हैं। वहीं राहत कि बात यह भी है कि पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में शुक्रवार को 28 जिलों में 414 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले राज्य में गुरूवार को 383 रोगी पाए गए थे। इधर आज भी सर्वाधिक 98 संक्रमित जयपुर में सामने आए हैं। इसके अलावा नागौर में 49, अलवर में 35, उदयपुर में 31,

▪ **एक्टिव केस घटकर 3023 रह गये हैं**

भरतपुर में 27, चित्तौड़गढ़ में 26, जोधपुर में 25, अजमेर में 23, बीकानेर में 20, सीकर में 11, बांसवाड़ा में 9, पाली में 8, प्रतापगढ़ व सवाई माधोपुर में 7-7, बूंदी व हनुमानगढ़, जैसलमेर, राजसमंद व झालावाड़ में 4-4, भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर व झुंझुनूं में 3-3, चूरू, सिरोही व जालोर में 2-2, बारां, बाड़मेर व कोटा में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 7319 कोविड जांच हुई है।

प्रदेश में पिछले तीन दिन से नए संक्रमितों के मुकाबले में अधिक रिकवरी हो रही है। इसके चलते शुक्रवार को भी 546 संक्रमित ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 3023 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी इनकी संख्या घटकर 779 रह गई है। इसके अलावा भरतपुर में 316, उदयपुर में 277, अजमेर में 210, जोधपुर में 176, बीकानेर में 153 और नागौर में 149 एक्टिव केस है। प्रदेश में शुक्रवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9700 लोगों की जान जा चुकी है।

# फूल मोहम्मद हत्याकांड के अभियुक्तों की सजा स्थगित

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने मानटाउन थाने के तत्कालीन थानाधिकारी फूल मोहम्मद हत्याकांड मामले में आजीवन कारावास की सजा काट कर अभियुक्त डीएसपी महेंद्र सिंह सहित 29 अन्य की सजा को स्थगित कर दिया है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश महेन्द्र सिंह व अन्य की ओर से दायर अपील में सजा स्थगित करने के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रकरण में महेन्द्र सिंह को विभागीय जांच से दोषमुक्त किया जा चुका है। इसके अलावा घटना पूर्व निर्धारित नहीं थी व याचिकाकर्ताओं के खिलाफ सीधे तौर पर हत्या का आरोप भी नहीं है। वहीं अपील को तय होने में काफी समय लगेगा। ऐसे में अपील के निस्तारण का अभियुक्तों की सजा स्थगित की जाती है।

प्रकरण में अनुसार सवाई माधोपुर के मानटाउन थाना इलाके में सूरवाल गांव में दाखा देवी के हत्यारों को गिरफ्तार करने और पीड़ित पक्ष को मुआवजे की मांग को लेकर 17 मार्च, 2011 को प्रदर्शन किया जा रहा था। इस दौरान राजेश मीणा और बनवारी मीणा बोलत में पेट्रोल लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गए और आत्महत्या की धमकी देने लगे। लोगों की समझाइश पर बनवारी नीचे उतर गया, लेकिन राजेश ने खुद को आग लगाकर नीचे छलांग लगा दी। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। इसके चलते वहां मौजूद भीड़ बेकाबू हो गई और पुलिस पर पथराव करने लगी। इस दौरान मानटाउन थानाधिकारी फूल मोहम्मद पथराव से बचने के लिए जीप में बैठ गए। इस दौरान भीड़ ने फूल मोहम्मद को जिंदा जला दिया गया।

मामले में सवाई माधोपुर की एससी, एसटी कोर्ट ने नवंबर, 2022 में डीएसपी महेन्द्र सिंह सहित 29 अन्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अभियुक्तों की ओर से इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। वहीं अभियुक्तों की ओर से सजा स्थगित करने के लिए प्रार्थना पत्र पेश कर कहा गया कि अपील तय होने में समय लगने की संभावना को देखते हुए उनकी सजा को स्थगित किया जाए।

# चित्तौड़गढ़ किले पर अत्याधुनिक प्रोजेक्शन मैपिंग शो

**जयपुर**, (का.सं.)। मन की बात के 100वें एपिसोड को यादगार बनाने के लिए संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की अनूठी पहल के अन्तर्गत 29 अप्रैल, से देश भर में स्थित एएसआई स्मारकों 13 प्रतिष्ठित स्थानों जिसमें चितोड़गढ़ किला भी शामिल है, उस पर अत्याधुनिक प्रोजेक्शन मैपिंग शो का आयोजन किया जायेगा।

चित्तौड़गढ़ किला के अतिरिक्त लाल किला दिल्ली, .ग्वालियर का किला, मध्य प्रदेश, कोणार्क सूर्य मंदिर, उड़ीसा,गोलकुंडा किला, तेलंगाना, वेल्लोर किला, तमिलनाडु,.गेटवे ऑफ इंडिया, महाराष्ट्र, नव रतनगढ़ किला, झारखंड, रामनगर पैलेस, उधमपुर, रेजीडेंसी बिल्डिंग, उत्तर प्रदेश, मोढेरा सूर्य मंदिर, गुजरात, रंगघर, असम, प्रधानमंत्री संग्रहालय, नई दिल्ली के निवासी प्रोजेक्शन मैपिंग का आनन्द ले सकते है।

यह आयोजन आम लोगों के लिए शाम 5 बजे से खोला जाएगा। प्रोजेक्शन मैपिंग शो क्षेत्रीय भाषाओं में होगा और हमारे देश के इतिहास और विरासत को विस्तृत वर्णन करेगा, आकर्षण का केंद्र बनेगा। शाम 7 बजे से पर्यटक इसका लुत्फ उठा सकेंगे। यह शो एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना में स्मारक के ऐतिहासिक और स्थापत्य चमत्कार के साथ-साथ मन की बात के विषय पर प्रकाश डालेगा। इसके अलावा, इन सभी जगहों पर मन की बात के पिछले एपिसोड्स को सुनने के लिए ऑडियो बूथ, तस्वीरों के माध्यम से इस महत्वपूर्ण अवसर की यादों को इकट्ठा करने के लिए सेल्फी बूथ और विचारों को साझा करने के लिए मैसेज बूथ जैसी कई अन्य पहल भी की जाएगी।

# राजभवन में मन की बात पर प्रदर्शनी

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अक्टूम्बर 2014 में आमजन से जुड़ने के अभिनव प्रयास मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड़ के प्रसारण के उपलक्ष्य में सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, जयपुर द्वारा राजभवन मे मन की बात पर मल्टी मीड़िया डिजिटल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उदघाटन 30 अप्रैल को सबह 10.15 बजे राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे।

उन्होने बताया कि इस प्रदर्शनी में मन की बात कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न आयाम जैसे आत्मनिर्भर भारत, डीजिटल इण्डिया, फिट इण्डिया के अलावा राजस्थान के मन की बात से जुड़े लोगों को प्रदर्शित किया जायेगा।


**सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल ननु मीसारी पुत्र श्री जगन मीसारी निवासी समलेटी तहसील महवा जिला दौसा राज. के है, जो कि मेरे मुवक्किल के दो पुत्र सलीम व इस्लाम उसके परिवारजन उनके कहने में नहीं है जिसमें से सलीम का इंतकाल हो चुका है तथा सलीम की पत्नी पप्पी (पुत्र अमीर खान गुलफाम व पुत्रिया अफासाना, आसियाना, करिश्मा) व दूसरा पुत्र इस्लाम व उसकी पत्नी अन्नो व (पुत्रिया तानिया, आईशा, अनम, पुत्र-आदिल, अरबाज) मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं है तथा अपनी मर्जी के मुताबिक जिन्दगी जी रहे हैं तथा मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र सलीम के परिवारजन व इस्लाम व उसके परिवारजन को उसके गलत आचरण उनके खिलाफ होने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में जो कोई व्यक्ति इनसे कोई भी संव्यवहार या लेनदेन करेगा, उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी, इसमें मेरे अभिभाष्य ननु मीसारी का कोई सम्बन्ध नहीं होगा, सूचित रहे तथा मेरे मुवक्किल की पुत्रीया साबरा, सकीला, ऊषा, सलिमा व सितारा है जो कि मेरे मुवक्किल ननु मीसारी के इन्तेकाल के बाद उनकी पांचों पुत्रीया ही संयुक्त रूप से समस्त चल व अचल सम्पत्ति की स्वामिनी, मालिक, काबिज, अधिकारी होगी सूचित रहे। दिनांक- 14.04.2023
(दिलीप मौर्य) एडवोकेट, मो. 9664040683

**NAME CHANGE**

I Have Changed my Name from Hassan Ali to Hasan Ali in Future. 20, Muslim School Ke Piche Jinnaton Ki Masjid M.D. Road, Jaipur.

I have changed my name from Ravindera Singh Shekhawat to Ravinder Singh Shekhawat for all purpose. R/o 78 A.K gopalan nagar khatipura Jaipur Raj.

**खोया पाया**

मेरा प्लाट नंबर-33, बालाजी विहार-44, न्यू ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर का मूल आवंटन, साइट प्लान, रसीद खो गये है मिलने पर सूचित करें-मनोज कुमार सोगवान मो.9929849988

मकान नंबर 194/205 प्रतापनगर सांगानेर जयपुर के मूल आवंटन पत्र एवं मूल नाम हस्तान्तरण पत्र कहीं पर गिर/गुम गये हैं मिलने पर सूचित करें। श्रीमती कुसुम पटवारी मोबाइल-7737649870

जविप्रा की रिंग रोड परियोजना ग्राम अभयपुरा के भू.स.-11/OE/606, भू.स.-11/OE/572, भू.स.-11/OE/527 एवं भू.स.-11/OE/730 की लीजडीड, आवंटन पत्र व कब्जा पत्र कहीं गुम हो गये है, श्रीमती अनिता शर्मा, मो.नं. 9602754615

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 2350/2023
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम किशोर कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री नाथूलाल जाति शर्मा विवाद स्थान सेक्टर 7/393 मालवीय नगर, जयपुर (राज.)
मृतक श्रीमती शान्ति देवी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 31.05.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीमती शान्ति देवी पुत्री श्री गंगा बक्श जाति....निवी सी-10, सेठी कॉलोनी, आगरा रोड, प्रताप मार्ग, जयपुर (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 31 माह 05 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 27 माह 04 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थी ने मृतका श्रीमती शान्ति देवी के नाम प्रा. पत्र में वर्णित खातो में जमा राशि बाबत उत्याधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम


# नेपाल के 15 नागरिकों को जयपुर फुट लगाये

**जयपुर**, (का.सं.)। नेपाल के महिला और पुरूष दल के पन्द्रह सदस्यों को जो भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) में विशेष रूप से जयपुर फुट लगवाने और अपना पुर्नवास करने आए थे, को समिति द्वारा निःशुल्क कृत्रिम पैर लगाए गए।

नेपाल के बांकी जिला में महिला दिव्यांगजनों की संस्था बांकी डिसएब्ल्ड वीमन एसोसिएशन का नेतृत्व कर रही विनिता शर्मा ने कहा कि उनकी संस्था ने जयपुर यात्रा के लिए पाँच विकलांगों को भी शामिल किया। पूरा दल नेपाल से जयपुर तक की यात्रा बस से सफर कर पूरी की।

# नौ को अनुकम्पा नियुक्ति

**जयपुर**। जयपुर डिस्कॉम में निगम के मृतक कर्मचारियों के 9 आश्रितों को अनुकम्पात्मक आधार पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रुप में वाणिज्यिक सहायक द्वितीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद पर नियुक्ति प्रदान की है। सभी को अपने पदस्थापित स्थान पर आदेश जारी होने की तिथि से एक माह में कार्यग्रहण करने के निर्देश दिए गए है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने किया राष्ट्रीय सहकार मेले का उद्घाटन



**विधानसभाध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी ने शुक्रवार को जवाहर कला केन्द्र में दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय सहकार मसाला मेले का शुभारम्भ किया। इस दौरान कृषिमंत्री लालचंद कटारिया, उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव और सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना मौजूद रहे।**

**जयपुर**, (का.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला जयपुरवासियों की पहली पसन्द बन चुका है, शहरवासी इसका बेसब्री से इन्तजार करते हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग का यह बहुत अच्छा प्रयास है कि एक ही प्लेटफार्म पर गुणवत्तापूर्ण मसाले जयपुरवासियों के लिए उपलब्ध करा रहा है।

डॉ. जोशी शुक्रवार को जवाहर कला केन्द्र में दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला, 2023 का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के मसाले जयपुर के लोगों के लिए उपलब्ध होना लाभदायक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आर्गेनिक उत्पादों की गुणवत्ता बरकरार रहनी चाहिए। इस मौके पर कृषि मंत्री लाल चंद कटारिया एवं उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव भी उपस्थित थे।


**तीये की बैठक**




अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी

**श्रीमती गोपाली देवी**

श्रीमाल पत्नी स्व. श्री लक्ष्मी नारायण श्रीमाल गंगापुर (खानदेश) वालों का स्वर्गवास दिनांक 27.04.2023 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 29.04.2023 को 04:00-05:00 बजे निवास स्थान प्लॉट नंबर 9 तिरुपति बालाजी नगर एयरपोर्ट सांगानेर पर होगी।

**शोकाकुल**- सत्यनारायण, कैलाश, माणक, रमेश (भतीजे) नरेंद्र, राजेश (पुत्र) राम (पौत्र) एवं समस्त गंगापुर परिवार।-9636308536

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# जवाब पेश नहीं करने पर कलेक्टर और तहसीलदार पर हर्जाना लगाया

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रेवेन्यू रिकॉर्ड में सुधार करने से जुड़े मामले में राज्य सरकार की ओर से 12 साल से जवाब नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने सीकर कलेक्टर और श्रीमाधोपुर तहसीलदार पर दस-दस हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। अदालत ने राज्य सरकार को छूट दी है कि वह हर्जाना राशि दोषी अफसरों के वेतन से वसूल कर सकती है। वहीं अदालत ने कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि वह 23 मई को रिकॉर्ड सहित उपस्थित हो। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश पुष्पा शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि मामले को अंतिम निस्तारण के लिए सूचीबद्ध किया गया था, लेकिन मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश नहीं करने के चलते इस पर अंतिम सुनवाई नहीं हो सकी। जबकि अगस्त, 2022 में अदालत ने सरकारी वकील को जवाब पेश करने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। ऐसे में प्रकरण को लेकर राज्य सरकार की उदासीनता और कलेक्टर और तहसीलदार की ओर से जवाब पेश नहीं करने उन पर हर्जाना लगाया जा रहा है।

याचिका में अधिवक्ता श्याम आर्य और अधिवक्ता अतुल भारद्वाज ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के ससुर ने सीकर के खंडेला में आरएफसी से वर्ष 2007 में जमीन खरीदी थी। इस जमीन को आरएफसी ने एक कंपनी से गिरवी रखा था। वहीं रेवेन्यू रिकॉर्ड में यह जमीन पूर्व के मालिक के नाम ही दर्ज हो रखी है। याचिकाकर्ता की ओर से संबंधित अधिकारियों को कई बार लिखित प्रार्थना पत्र पेश किए, लेकिन रेवेन्यू रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं किया गया। इसके अलावा रिकॉर्ड में जमीन की किस्म में भी बदलाव नहीं किया जा रहा है। ऐसे में याचिकाकर्ता की ओर से वर्ष 2011 में याचिका पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कलेक्टर सहित अन्य से जवाब मांगा था, लेकिन अधिकारियों ने अब तक जवाब ही पेश नहीं किया।


**नोटिस मजरिये अदालत**

न्यायालय राजस्थान राज्य सहकारिता अधिकरण जयपुर (2150)
व मुकदमा नं. 30 सन् 2023 बरजुब
आईआईएफएल होम फा. लि. मुदई
बनाम
अति रजिस्ट्रार (प्रथम) सहकारी समितियां मुद्दायलह
दावा / प्रा. पत्र
बनाम **अजय कुमार सक्सेना** S/o रनवीर चरण, एवं **श्रीमती संतोष सक्सेना** W/o अजय कुमार सक्सेना **दोनो निवासी**– 622, रानी सतीनगर, जनपथ, अजमेर रोड, जयपुर

हरगाह कि मु. ..........ने अदालत हाजा में दरखवास्त पेश की है कि..............लिहाजा आपको जरिये हाजा मुत्तला किया जाता है कि.. .......अदालत हाजा में व तारिख **24/05 माह/2023 सन् ई.** वक्त अदालत असालतन या जरिये वकील हाजिर होकर खिलाफ मन्जूरी दरखवास्त और कोई वजह रखते हों तो जाहिर करो व सूरत आपकी अदम हाजरी के दरखवास्त इकतरफा समाअत की जाकर फैसिल होगी।
आज तारीख **25 माह 04 सन् 2023** बसब्त हमारे दस्तखत मोहर अदालत के जारी हुआ।

सहायक रजिस्ट्रार
राजस्थान राज्य सहकारी अधिकरण
महानगर न्यायालय परिसर बनीपार्क
जयपुर–302016

**इत्तलानामा बनाम रेस्पाडेन्ट**

न्यायालय राजस्थान राज्य सहकारिता अधिकरण जयपुर राजस्थान
अपील नम्बरी मुतफरिक या इजराय 33/23
डिटी नं. ........................सन्........................
बिजाराजी तजवोज ........................................
अदालत मुकाम ......................मुकाम ..........
मवरिखा ................................ सन् ...........
आईआईएफएल होम फा. लि. अपीलान्ट
बनाम
अतिरिक्त रजिस्ट्रार व अन्य रेस्पाडेन्ट
बनाम **अजय कुमार सक्सेना** S/o रनवीर चरण, एवं **श्रीमती संतोष सक्सेना** W/o अजय कुमार सक्सेना **दोनो निवासी**– 622, रानी सतीनगर, जनपथ, अजमेर रोड, जयपुर

मुत्तिला हो कि अपील बिनाराजी डिग्री व तारीख **03/01/2023** इस मुकद्दमें में अपिलार्थी ने पेश किया है और इस अदालत की तजबीज...24...05 माह..2023 सन् ई वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की गई है अगर खुद आप या आपके वकील या कोई और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जवाब व सवालत करने का माजज हो हाजिर न आवेगा तो समाअत और की जायेगी।
आज तारीख **25 माह 04 सन् 23ई.** मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से जारी किया।

सहायक रजिस्ट्रार
राजस्थान राज्य सहकारी अधिकरण
महानगर न्यायालय परिसर बनीपार्क
जयपुर–302016

# सहकारिता उप रजिस्ट्रार और उनकी तहसीलदार पत्नी के पास मिली करोड़ों की अघोषित आय

## भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उनके झालावाड़, जयपुर व उदयपुर के ठिकानों पर छापे मारे

**जयपुर** (कासं)। सहकारिता विभाग के उपरजिस्ट्रार राय सिंह मोजावत और उनकी तहसीलदार पत्नी अस्मिता सिंह के पास करोड़ों रुपये की अघोषित आय मिली है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) की इंटेलीजेंस टीम ने शुक्रवार को उनके झालावाड़, जयपुर व उदयपुर के ठिकानों पर छापेमारी की। फिलहाल राय सिंह मोजावत झालावाड़ में सहकारी समितियों के उपरजिस्ट्रार हैं और उनके पास भूमि विकास बैंक झालावाड़ के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार है। जबकि उनकी पत्नी अस्मिता सिंह झालरापाटन में तहसीलदार के पद पर कार्यरत है।

अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की इंटेलीजेंस टीम ने सूचना तंत्र विकसित कर यह छापेमारी की है। प्राथमिक आंकलन और अब तक मिले दस्तावेजों के मुताबिक राय सिंह व उनकी पत्नी अस्मिता सिंह के पास कई शहरों में आवासीय, व्यावसायिक भूखंड, कृषि भूमि व स्वर्ण आभूषण में निवेश



उपरजिस्ट्रार राय सिंह मोजावत और उनकी तहसीलदार पत्नी अस्मिता सिंह

सामने आया है। तलाशी के दौरान 6 प्लॉट, जयपुर, झालावाड़ व उदयपुर में तीन मकान, झालावाड़ में फार्म हाऊस, अमझार पैलेस (दर्रा जिला कोटा), कुंभलगढ़ में 6.25 बीघा जमीन समेत परिजनों व रिश्तेदारों के नाम पर कई बेनामी संपत्तियां, 44 हजार रुपये नकद, 315 ग्राम स्वर्ण आभूषण, बैंक में 12 लाख रुपये जमा तथा 2 बैंक लॉकर मिले हैं। फिलहाल आय से अधिक संपत्ति का मामला बनने पर एसीबी ने प्रकरण दर्ज करके कोटा एसीबी अधीक्षक आलोक श्रीवास्तव के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार को अनुसंधान अधिकारी बनाया है। एसीबी की 11 टीमों ने इन दोनों अधिकारियों के ठिकानों पर दबिश दी थी। एसीबी महानिरीक्षक सवाई सिंह गोदारा ने बताया कि एसीबी की कई टीमें इन दोनों अधिकारियों के ठिकानों पर तलाशी में जुटी हुई है।

- **तलाशी के दौरान 6 प्लॉट, जयपुर, झालावाड़ व उदयपुर में तीन मकान, झालावाड़ में फार्म हाऊस, अमझार पैलेस (दर्रा जिला कोटा), कुंभलगढ़ में 6.25 बीघा जमीन समेत परिजनों व रिश्तेदारों के नाम पर कई बेनामी संपत्तियां, 44 हजार रुपये नकद, 315 ग्राम स्वर्ण आभूषण, बैंक में 12 लाख रुपये जमा तथा 2 बैंक लॉकर मिले हैं।**
- **फिलहाल आय से अधिक संपत्ति का मामला बनने पर एसीबी ने प्रकरण दर्ज करके कोटा एसीबी अधीक्षक आलोक श्रीवास्तव के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार को अनुसंधान अधिकारी बनाया है।**

# रामप्रसाद मीणा सुसाइड केस में दो निगम उपायुक्त एपीओ

- **राज्य सरकार ने हवामहल-आमेर जोन उपायुक्त दिलीप शर्मा और सतर्कता उपायुक्त नीलकमल मीणा को ए.पी.ओ. किया**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । चांदी की टकसाल निवासी रामप्रसाद मीणा सुसाइड केस में हैरिटेज नगर निगम के दो उपायुक्तों पर गाज गिरी है। गृह विभाग ने नगर निगम हैरिटेज में नियुक्त सतर्कता उपायुक्त नीलकमल मीणा और स्वायत्त शासन निदेशालय ने हवामहल-आमेर जोन उपायुक्त दिलीप कुमार शर्मा को एपीओ कर दिया है। ज्ञात रहे कि रामप्रसाद ने आत्महत्या करने से पहले कैबिनेट मंत्री महेश जोशी समेत 8 लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।


सूत्रों के मुताबिक जयपुर में चांदी की टकसाल निवासी रामप्रताप मीणा ने गत 17 अप्रैल को उसके मकान का निर्माण नहीं करने देने और प्रताड़ित करने का आरोप मंत्री महेश जोशी समेत 8 लोगों पर लगाते हुए एक वीडियो वायरल करके फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

इस घटना के बाद राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा और बीजेपी नेताओं ने परिजनों के साथ कुछ दिनों तक घटनास्थल पर धरना देकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की थी। इस मामले पर गुरूवार देर रात राज्य सरकार ने सतर्कता उपायुक्त नीलकमल मीणा और हवामहल-आमेर जोन उपायुक्त दिलीप कुमार शर्मा को एपीओ कर दिया। इससे पहले सरकार ने नगर निगम में नियुक्त विजीलेंस इंस्पेक्टर नीरज तिवाड़ी को इस मामले में सस्पैंड किया था। वहीं सीआईडी-सीबी ने इस मामले में मकान के पास बन रहे एक होटल के मालिक और अन्य दो लोगों को भी गिरफ्तार किया था।

इस निर्माणाधीन होटल को सरकार ने घटना के दूसरे दिन कार्रवाई करके जमीदोज कर दिया था। बताया जा रहा है कि रामप्रसाद मीणा जिस जगह पर मकान का निर्माण कर रहा था, उस जगह पर उसका परिवार 60 सालों से रह रहा था। साल 2017 में उन्होंने मकान पर कब्जा होने का दावा पेश कर नगर निगम के हवामहल जोन से दादा ने 339ए का स्टेट ग्रांट का पट्टा ले लिया था। इस पट्टे के आधार पर इन्होंने इसी साल पिछले महीने मार्च में निर्माण शुरू करवाया था।

## संक्षिप्त

### डॉ.के.के.शर्मा बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**जयपुर** । विप्र फाउंडेशन का डॉ. के के शर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद सोती एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा (गुरुजी) के अनुमोदन से डॉ. के के शर्मा को विप्र फाउंडेशन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। डॉ शर्मा संयुक्त निदेशक जयपुर जोन, अतिरिक्त निदेशक राजपत्रित राजस्थान, निदेशक जन स्वास्थ्य के पद पर रह चुके है। समाज के प्रति उनका समर्पण और त्याग की भावना को देखते हुए उनका चयन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर किया गया है। डॉ. शर्मा के मनोनयन पर चिकित्सा विभाग के डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. ओ पी शर्मा, डॉ. दिनेश गौतम, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. गोविंद शर्मा, सुनील शर्मा और अरुण शर्मा सहित समाज के अधिकारी कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### 'सरकारी स्कूलों को नॉलेज सेंटर बनाएं'

**जयपुर**, (का.सं.)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों को 'नॉलेज सेंटर' के रूप में विकसित करने के लिए 'उत्कृष्टता प्रबंधन' की दिशा में अनवरत प्रयास जारी रखने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को खेल-खेल में और आनंद से भरे माहौल में शिक्षा देने के लिए शिक्षक अपने अनुभवों का भरपूर उपयोग करें, जिससे छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत बुनियाद तैयार हों। डॉ. कल्ला शुक्रवार को जयपुर में इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में प्रदेश में पी.एम.विद्यालय योजना के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को वर्चुअल माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए कई नवाचार किए जा रहे हैं, वहीं संसाधनों की दृष्टि से भी विद्यालयों को समृद्ध बनाया जा रहा हैं, शिक्षा के लिए इस प्रतिबद्धता के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। प्रदेश के 402 सरकारी स्कूलों का पी.एम. योजना के प्रथम चरण में चयन बड़ी उपलब्धि है।

### महिला पदाधिकारी दो दिन प्रवास पर

**जयपुर** । महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अल्का मून्दड़ा ने बताया कि 29 व 30 अप्रैल को प्रदेश के प्रत्येक जिलों में महिला मोर्चा राष्ट्रीय व विभिन्न प्रदेशों के पदाधिकारी संगठनात्मक प्रवास पर रहेंगे। महिला मोर्चा राष्ट्रीय महामंत्री दिप्ती रावत 29 व 30 अप्रैल को जयपुर में प्रवास पर रहेंगी। मून्दड़ा ने बताया कि संगठनात्मक प्रवास के दौरान केन्द्र सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थी महिलाओं से सम्पर्क, प्रदेश के नव मतदाताओं एवं छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 100वां मन की बात कार्यक्रम के बारें में चर्चा करेंगे तथा प्रबुद्ध महिलाओं से संवाद एवं जनसम्पर्क सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# राजस्थान में 13 एफ.एम. ट्रांसमीटर का उद्घाटन

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 91 नए 100 वॉट एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन से देश में रेडियो कनेक्टिविटी को और बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरे भारत का एफएम बनने की दिशा में आकाशवाणी द्वारा एफएम सेवाओं के विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने रेखांकित किया कि आकाशवाणी द्वारा 91 एफएम ट्रांसमीटरों की शुरुआत देश के 85 जिलों और 2 करोड़ लोगों के लिए एक उपहार की तरह है। प्रधानमंत्री ने कहा, एक तरह से, यह उपहार भारत की विविधता और विभिन्न रंगों की झलक प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि नए 91 एफएम ट्रांसमीटरों के तहत कवर किए गए जिले, आकांक्षी जिले और ब्लॉक हैं। उन्होंने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए आकाशवाणी को बधाई दी। उन्होंने पूर्वोत्तर के नागरिकों को भी बधाई दी, जिन्हें इससे बहुत लाभ होगा।

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ये ट्रांसमीटर सरकार के कार्यक्रमों और नीतियों के साथ-साथ आम लोगों तक मनोरंजन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# पत्नी व उसके प्रेमी पर युवक की हत्या कर सबूत मिटाने का आरोप

## मृतक की मां ने इस्तगासे के जरिए खोह-नागोरियान थाने में दोनों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया

- **वृद्धा का कहना है कि उनके बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी, फिर भी बहू ने पुलिस को सूचना नहीं देने दी। पोते ने पुलिस को सूचना देने की बात कही तो बहू ने कहा कि, "लाश का दफना दो, नहीं तो पुलिस उसकी चीरा फाड़ी कर देगी और लाश की बेअदबी हो जाएगी। अगर तुमने मेरी बात ना मानी तो तुम्हें झूठे मुकदमे में फंसा दूंगी।"**

**जयपुर** (कासं)। खोह नागोरियान इलाके में युवक के सुसाइड मामले में नया मोड़ आया है। मृतक की मां ने बहू और उसके प्रेमी सहित अन्य के खिलाफ हत्या कर सबूत मिटाने का मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि मृतक की उसकी पत्नी ने ही हत्या की थी। प्रेमी के साथ मिलकर हत्या का प्री-प्लान बनाया गया था। हत्या करने के बाद सुसाइड बताकर शव को कब्र में दफना दिया। खोह नागोरियान थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि रहीम नगर खोह नागोरियान निवासी नसीम बानों ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कोर्ट के आदेश पर बेटे शौकीन (38) की हत्या कर सबूत मिटाने का मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में बताया कि उनके बेटे शौकीन से उसकी पत्नी शमा परवीन परिवार से अलग रहने का दबाव बनाती थी। खोह नागोरियान स्थित तलाई में बेटे-बहू के लिए अलग से मकान बनवा दिया। आरोप है कि अलग रहने के दौरान बहू शमा अपने प्रेमी शाहिद कुरैशी के साथ ज्यादातर समय बिताने लगी। पति के विरोध करने पर झगड़ा करने लगती। गत 17 फरवरी को शौकीन ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

पोती ने कॉल कर दादी नसीम को बताया कि पापा ने फांसी लगा ली, आप जल्दी आ जाओ। परिवार के साथ पहुंचने से पहले ही पडौसियों ने शौकीन के शव को नीचे उतार लिया था। पोते ने पुलिस को सूचना देने की बात कही तो बहू शमा ने मना कर दिया। कहा कि कि लाश का दफना दो, नहीं तो पुलिस उसकी चीरा फाड़ी कर देगी और लाश की बेअदबी हो जाएगी। अगर तुमने मेरी बात ना मानी तो तुम्हें झूठे मुकदमे में फंसा दूंगी। दबाव बनाकर शौकीन के शव को कब्र में दफना दिया गया।

मृतका की मां नसीम बानो का आरोप है कि बेटे शौकीन के गले पर चोट के निशान नहीं थे। उनके बेटे ने सुसाइड नहीं किया है, बल्कि उसकी जहर देकर जबरदस्ती फांसी लगाकर हत्या की गई है। बहू ने प्रेमी सहित अन्य के साथ मिलकर प्री-प्लान के तहत बेटे शौकीन की हत्या की है। शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम करवाया जाए। मृतक की मां की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्रेन्यूल्स फॉर्म में मिलेगा नया 'कायम चूर्ण एडवांस'




**जयपुर**, (का.सं.)। कब्ज के लिए पिछले 50 वर्षों से देश-विदेश में सबसे लोकप्रिय और परिचित ब्रान्ड कायम चूर्ण के उत्पादक भावनगरवाले शेठ ब्रदर्स ने अब नए फॉर्म्युला के साथ कायम चूर्ण एडवान्स बाजार में प्रस्तुत किया है। कायम चूर्ण एडवान्स ग्रेन्यूल्स फॉर्म में है जिससे गले में चिपकता नहीं है और उसका जीरा फ्लेवर्स का स्वाद भी टेस्टी है, नए फॉर्म्युला के साथ वह अधिक प्रभावी बना है, अरंड तेल एवं गुलाबपत्ती के गुणों की वजह से बगैर अड़चन के पेट को आराम से साफ़ करता है नए एडवान्स कायम पूर्ण का फॉर्म्युला पूर्णतः आयुर्वेदिक है, जिसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

# युवक से मारपीट कर मोबाइल व नकदी लूटने वाले 4 शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। खोह नागोरियान पुलिस ने चाकू की नोंक पर युवक से मोबाइल और 20 हजार रुपए लूटने के मामले में ऑटो चालक सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस ने इसके साथ ही वारदात के समय काम में लिया गया ऑटो चालक भी जब्त कर लिया।

डीसीपी (पूर्व) डॉ ज्ञानचंद यादव ने बताया कि जयपुर शहर में वाहन चोरी, चेन स्नैचिंग और लूट की बढ़ती हुई वारदातों को देखते हुए सभी थानाधिकारियों को इस पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने 16 अप्रेल को खोह नागोरियान जयपुर में ऑटो रिक्शा चालक द्वारा एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर उसका मोबाइल लूटकर फरार होने का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जयपुर ग्रामीण के विभिन्न रास्तों पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज चैक कर मुखबिर तंत्र को मजबूत किया। पुलिस ने चालानशुदा अपराधियों से पूछताछ की। जयपुर और आगरा रोड पर रहने वाले ऑटो चालकों के बारे में



खोह नागोरियान पुलिस ने युवक से मारपीट कर लूटपाट करने वाले ऑटो चालक समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार किया।

सूचना प्राप्त की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी वसीम खान, मुकेश कुमार, इशाक खलील और बाबू सैनी को दस्तयाब कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल और वारदात के समय काम में लिया गया ऑटो बरामद कर लिया। पुलिस का मानना है कि आरोपियों से लूट की कई वारदातों का खुलासा हो सकता है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी वसीम खान, मुकेश कुमार प्रजापत माली की कोठी कानोता, इशाक खलील बगराना खोह नागोरियान जयपुर और बाबू सैनी टोडारायसिंह हाल कानोता का रहने वाला हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह 5-6 लोग मिलकर रात के समय ऑटो में रेल्वे स्टेशन या बस स्टैण्ड से सवारी लेकर सुनसान जगह उनके पास मौजूद गहने और नकदी-मोबाइल लूटते है।

# दो शातिर वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर** (कासं)। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने चौपहिया वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चुराया हुआ लोडिंग टाटा एस वाहन बरामद कर लिया।

डीसीपी (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि आरोपी रमेश कुमावत (40) अजीतगढ़ हाल श्याम मित्र मंडल कॉलोनी मुरलीपुरा और कुन्दन असवाल उदयपुरवाटी झुंझुंनू हाल कबाड़ी का गोदाम सीकर रोड का रहने वाला हैं। पुलिस ने बताया कि 25 अप्रेल को परिवादी लोरिकापुरा मुरैना हाल बाहुबली नगर निवारू रोड झोटवाड़ा निवासी कृष्ण कुमार सिकारवर ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। जिसमें बताया कि वह टाटा एस लोडिंग वाहन चलाता है। जो फर्म श्री निधि एन्टरप्राइजेज (प्रदीप कुमार शर्मा) के नाम से रजिस्टर्ड है। वह टैम्पू को 5 साल से चला रहा है। टैम्पू को उसने फ्लिप कार्ट कंपनी रोड नम्बर 6 विश्वकर्मा में लगा रखा है। लोडिंग टैम्पू को 23 अप्रेल को शाम 5 बजे फ्लिप कार्ट कंपनी रोड नम्बर 6 विश्वकर्मा के सामने खड़ा करके घर चला गया था। सुबह देखा तो टैम्पू गायब था।

पुलिस ने मामला दर्ज होने के बाद एडिशनल डीसीपी रामसिंह, एसीपी राजेन्द्र सिंह और थानाधिकारी रमेश सैनी के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम ने आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज चैक किए। पुलिस ने तलाश करते हुए उदयपुरवाटी झुंझुंनू में कबाड़ी के गोदाम से चोरी गए टैम्पू की बॉडी बरामद कर गोदाम मालिक कुन्दन असवाल को गिरफ्तार कर लिया। शेष माल मुल्जिम की तलाश कर अभियुक्त रमेश कुमावत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से टैम्पू का इंजन और चैचिस बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दो आरोपी फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी रैकी कर वारदात को अंजाम देते है। आरोपी घटनास्थल के आस-पास फैक्ट्री में काम करने के बहाने जाते है और पूरी जानकारी जुटाने के बाद रैकी कर वारदात को अंजाम देते हैं।

# पूर्णतः निःशक्त राज्य कार्मिकों के आश्रितों को मिलेगी नौकरी

**जयपुर** । राज्य कार्मिकों के पूर्णतः निःशक्त व्र अयोग्य होने पर अब उनके आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति दी जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री ने 'राजस्थान कम्पेशनेट अपॉइंटमेंट ऑफ डिपेंडेंट्स ऑफ परमानेंट टोटल डिसेबल्ड गवर्नमेंट सर्वेंट रूल्स 2023' के प्रारूप का अनुमोदन किया है। प्रारूप के मुताबिक ड्यूटी पर कार्य करते हुए कार्मिक के पूर्णतः निःशक्त व अयोग्य होने पर तथा स्वैच्छिक सेवानिवृति लेने पर आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति दी जाएगी। इस निर्णय का लाभ राज्य सरकार के विभिन्न विभाग, निगम, बोर्ड, स्वायत्तशाषी संस्थाओं में मिलेगा।

# ए.आई.एस. रेजीडेंसी के विकास कार्यों पर चर्चा

**जयपुर** (कासं)। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने शुक्रवार को ऑल इंडिया सर्विस रेजिडेंसी (ए.आई.एस.) के रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आवासीय योजना से जुड़े कार्यों में तेजी लाने समेत सभी लंबित कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। बैठक में आवासीय योजना में सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, बीसलपुर पानी कनेक्शन, सभी ब्लॉक्स में लिफ्ट शीघ्र लगवाने, सीवरेज लाइन का कनेक्शन करवाने, पंप हाउस और स्विमिंग पूल, बिजली का काम, सोलर पैनल्स लगवाने, ई.वी.चार्जिंग स्टेशन बनवाने व योजना के सौंदर्यीकरण सहित कई अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।




आवासन आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवासीय योजना से जुड़े तमाम कार्यों में अतिरिक्त श्रमिक लगवाकर काम करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले संवेदको पर पेनल्टी लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून में योजना में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण भी करवाया जाएगा। साथ ही योजना का कार्य पूर्ण कर आवास जल्द से जल्द अधिकारियों को सौंपे जाएंगे। बैठक में मुख्य अभियंता प्रथम के.सी. मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया, एआईएस रेजिडेंसी रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष और आईएएस विष्णु चरण मल्लिक, कोषाध्यक्ष और आरएएस बचनेश अग्रवाल, सदस्य व आईपीएस सचिन मित्तल, आरएएस अरविंद सारस्वत, महावीर सिंह व अरुण गुप्ता मौजूद थे।

## सार-समाचार

### ट्रैफिक पुलिस ने युवक को लौटाया बैग



**जयपुर** (कासं)। यातायात पुलिस बदमाशों को पकड़ने के साथ साथ नेक काम भी कर रही है। विश्वकर्मा में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने सड़क पर गिरे बैग को असली मालिक को लौटा दिया। पर्स में 4800 रुपए, मोबाइल, ब्लूटुथ घड़ी और जरूरी कागजात सहित अन्य सामान रखा हुआ था। जानकारी के मुताबिक विश्वकर्मा सीकर रोड पर ट्रैफिक पुलिस प्वाइंट पर यातायात पुलिसकर्मियों को रोड के उपर के लावारिस बैग रखा हुआ मिला। ट्रैफिक हैड कांस्टेबल मामराज चौधरी ने जन आधार कार्ड के नंबर लेकर कंट्रोल रूम से मोबाइल नंबर प्राप्त कर महिला को फोन किया। बैग की मालिक दो बहनें पूजा टिक्कीवाल एवं नीलू टिक्कीवाल ने बताया कि हम एक्टिवा से खाटू श्याम जी दर्शन करने जा रही थी। रोड नं 9 पर पता ही नहीं चला कब बैग गिर गया। हरमाड़ा थाना पार करने के बाद बैग देखा तो वह गायब था। पूजा ने बताया कि जब वह खाटूश्याम जी दर्शन करने जा रही थी, तो रास्ते में बैग कब गिर गया उन्हें पता हीं नहीं चला। हालांकि हरमाड़ा की तरफ जाने के बाद उन्हें मोबाइल चैक किया तो बैग गायब मिला। पूजा ने बताया कि बैग में पैसे के साथ साथ कई जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। वह बैग को लेकर परेशान थी, ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने फोन कर बताया कि उनका बैग सही सलामत उनके पास रखा हुआ है। जब वह ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के पास पहुंची तो उन्होंने बैग लौटा दिया। महिलाओं ने इस प्रशंसनीय कार्य के लिए पुलिसकर्मियों एवं खाटू श्यामजी को धन्यवाद दिया। इस सराहनीय कार्य में मामराज चौधरी हेड कांस्टेबल, सुमन चौधरी, राजेंद्र चौधरी, हरिनारायण सैनी का विशेष योगदान रहा।

### 'मन की बात' का प्रचार करेंगे रथ



**जयपुर** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" के 100वें एपिसोड को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार को प्रचार रथ जयपुर के मोतीडूंगरी श्री गणेश मंदिर से रवाना किए गए। जयपुर शहर उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, ब्रह्म कुमार सैनी, जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राजेंद्र सैनी, जिला कार्यकारिणी सदस्य दीपेश मिश्रा व राजापार्क मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा भी इस मौके पर मौजूद थे।

### दो मिनट में बाइक चुरा ले गया चोर

**जयपुर** । बजाज नगर इलाके में शातिर चोर मात्र 2 मिनट में बाइक चुराकर फरार हो गया। दिनदहाड़े हुई चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है, जिसके आधार पर पुलिस शातिर चोर को ढूंढ रही है। पुलिस ने बताया कि महेश नगर निवासी रविन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह जेएलएन मार्ग स्थित एक ऑफिस में जॉब करता है। दोपहर 1 बजे वह ड्यूटी आया था। पार्किंग में बाइक खड़ी कर ऑफिस चला गया। करीब सवा दो घंटे बाद चोर ने पार्किंग में खड़ी बाइक को निशाना बनाया। आरोपी ने पार्किंग में खड़ी बाइक का मास्टर चाबी से लॉक खोला और स्टार्ट कर चुरा ले गया। ऑफिस पार्किंग में लगे फुटेज में चोर की करतूत कैद मिली। रात करीब 10 बजे ड्यूटी ऑफ होने पर वह ऑफिस से बाहर निकला। घर जाने के लिए बाइक संभाली तो चोरी का पता चला। ऑफिस पार्किंग में लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला। जिसमें 3:20 बजे एक लड़का पार्किंग में घुसते नजर आ रहा है। पार्किंग में इधर-उधर घूमने के बाद बाइक की लॉक मास्टर चाबी से खोलता है। दोपहर 3:22 बजे बाइक स्टार्ट कर गोपालपुरा की तरफ फरार हो जाता है।

### मंत्रालयिक कर्मियों का अनशन जारी

**जयपुर** । मंत्रालयिक कर्मचारियों का क्रमिक अनशन शुक्रवार को जयपुर में 44 वें दिन भी जारी रहा। उदयपुर-श्री गंगानगर समेत जिलों से सभी इस विरोध-प्रदर्शन को समर्थन किया है। शुक्रवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग के कर्मचारी राशिद मोहम्मद के नेतृत्व में मुकेश शर्मा, राम प्रकाश मीणा, हेमंत कुमार, रवि भाई, चंदन मिश्रा, हारून मोहम्मद और रेवड़ मीणा क्रमिक अनशन पर रहे। मंत्रालयिक एकता मंच द्वारा जयपुर के शहीद स्मारक पर किये जा रहे इस क्रमिक अनशन में शुक्रवार को उदयपुर, गंगानगर, बांसवाड़ा व डूंगरपुर जिलों के लोगों ने प्रदर्शन किया। नीमराणा-अलवर के कर्मचारियों ने भी अनशन को समर्थन दिया और जयपुर आकर अनशन में शामिल हुए। प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25 हजार 500 रुपये देने समेत 6 सूत्री मांगों को लेकर मंत्रालयिक कर्मचारी गत 16 मार्च से शहीद स्मारक पर आंदोलनरत है। क्रमिक अनशन किया जा रहा है।



## World Veterinary Day

Whether someone is a cat person, a dog person, a rabbit person or even a horse person, there's one certain thing that all animal lovers can agree on, and that is the fantastic work that is carried out by veterinarians in care of animals.World Veterinary Day was created in 2000 by the World Veterinary Association to highlight and promote the lifesaving work performed by veterinarians around the globe. Give a big thanks to the medical professionals who keep our dogs, cats, rabbits, horses, rodents and all other manner of creatures healthy and happy.

#MARINE-LIFE

# Surprising Creatures

In the Great Pacific Garbage Patch, plastic creates strange communities that bring coastal and open-ocean animals together.



Plastics floating in a massive "garbage patch" in the Pacific Ocean are home to strange new mixes of coastal and marine species that might increase the odds of biological invasions wreaking havoc on nearby ecosystems.

Scientists have long known that critters such as worms, crustaceans and mollusks could make their home on plastic debris. Animals have even crossed the Pacific Ocean on these makeshift rafts after a devastating tsunami struck Japan in 2011. But a new research adds two details that could be concerning for existing ecosystems. First, it finds that plastic is providing a home for coastal species to thrive in the open ocean thousands of miles from shore. Second, some of these species are reproducing despite the alien environment.

"It's probably one of the least-known environments, the sea surface," says Martin Thiel, a marine biologist at



Catholic University of the North in Chile, who was not involved in the new research. "It's a very, very particular community that we are disturbing now at a massive scale."

For the new study, researchers identified species living on just more than 100 pieces of plastic that were fished out of the so-called Great Pacific Garbage Patch-a region in the northern Pacific Ocean where currents converge to deposit an estimated 79,000 metric tons of plastic debris. The scientists identified 484 invertebrates from a surprising range of species on the plastic. Many of these animals were species that are more commonly found near coastlines of the western Pacific. These coastal species included "moss animals" or bryozoans, jellyfish, sponges, worms and other organisms.

"I just remember the first time [study co-author] Jim [Carlton of Williams College and Mystic Seaport Museum] and I pulled out a piece of plastic and saw the level of coastal species present, we were just blown away," says Linsey Haram, lead author of the study. Haram, who was a research associate with the Smithsonian Environmental Research Centre during the study, specializes in marine ecology.

Nearly all the debris hosted pelagic, or open-ocean, species-which makes sense considering that weathering on much of the plastic suggested it had spent several years at sea. But all told, about 70 percent of the debris the researchers analysed carried at least one species usually found in coastal waters-a much higher tally than Haram and her colleagues expected going into the work, she says.

And as they looked closer, the scientists found that some two thirds of the debris pieces were home to coastal and open-ocean species living side by side. Plastic isn't just carrying coastal species out to sea; it's also creating unnatural neighbourhoods that the researchers call "neopelagic communities."

"What's new, the 'neo' part of that, is that we now-likely because of plastics-are seeing coastal species and these native pelagic species together, interacting quite frequently on debris," Haram says. "We're essentially creating new communities in the open ocean."

And these unnatural communities may come at a cost for traditional open-ocean residents that are used to living on natural debris, she adds, because coastal creatures could be competing for space and food or could even be eating their neighbours.

Haram and her colleagues found signs that these coastal species were reproducing. For instance, they found insect like arthropods tending to clutches of eggs and anemones sprouting little clones of themselves-indicators that suggest the relocations aided by plastic aren't necessarily temporary. And the plastic in the Great Pacific Garbage Patch doesn't necessarily stay there but can instead wash up on foreign beaches, where transplanted species might take root.

"If you can reproduce, then you can spread. And if you can spread, you can invade," says Linda Amaral-Zettler, a marine microbiologist at the Royal Netherlands Institute for Sea Research, who was not involved in the new study. "You're not just a dead end; you're not just hitchhiking and then perishing at the end of it." She hopes the research serves as a warning that plastic may be facilitating species invasions, particularly between widespread coastal ecosystems.

The new work highlights a different way that the flood of plastic is interfering with the natural environment, one beyond the well-publicized harm it does to species such as fish, turtles and seabirds.





#LIEUTENANT GENERAL AJAI SINGH

# The Afterglow Remains (...2)

He was commissioned into one of the most famous cavalry regiments of the Indian Army, The Poona Horse, where he excelled. His is a special record in that he was with the Regiment in both the 1965 and 1971 Wars and was awarded a Mentioned in Dispatches for his gallant actions. He was one of the few surviving to have been part of actions.



**Lt. Gen Aditya Singh**
**PVSM, AVSM**
*Military Historian, Former General Officer, Commander-in-Chief (Southern Command)*

Most of Delhi considers Sunday as a day of rest and recreation. This was belied on 23rd April 2023 where vast numbers gathered at Chinmaya Auditorium to pay homage to Lt Gen Ajai Singh who passed away on 17th April 2023 at the age of 88. They came from all parts of India to pay their respects to one who epitomised a General and a Gentleman.

Lt Gen Ajai Singh was a persona extraordinary. Born in the Kunadi Clan he was educated at Mayo College, Ajmer and joined the Joint Services Wing from School. He outshone all and passed out from the Indian Military Academy in 1956 as the best all-round cadet and was awarded the Sword of honour and Silver Medal.

He was commissioned into one of the most famous cavalry regiments of the Indian Army,

### Respect And Admiration

The Poona Horse, where he excelled. His is a special record in that he was with the Regiment in both the 1965 and 1971 Wars and was awarded a Mentioned in Dispatches for his gallant actions. He was one of the few surviving to have been part of actions where officers of The Poona Horse, Lt Col AB Tarapore and Lt Arun Khetarpal won the Param Veer Chakra in these conflicts. A rare coincidence.

Personnel who were in action with The Poona Horse in both wars spoke with reverence of his bravery and leadership. He had that ability to inspire and bring out the best in his command by first reposing complete faith and trust; and then backing his juniors to the hilt. His men swore by and would die for him.

He later commanded the Poona Horse and lateran Armoured Brigade after which on merit, he was selected to attend the Royal College of Defence Studies in UK. He grew not only in rank but, in stature and as a military leader with a special aura. His command of the Armoured Division in Jhansi is still talked of. He was later selected to command a Corps in Assam during the difficult years of insurgency. 'Operation Bajrang' was launched under his stewardship to tackle the serious situation. With his unconventional and innovative approach, he was able to quell the insurrection and achieve success.

Thereafter he as a 'go-getter' was appointed Director General Combat Vehicles where he worked with Dr Abdul APJ Abdul Salaam, then head of DRDO to rejuvenate the Arjun Main Battle Tank Project which had languished. It is majorly due to his efforts that

> Personnel who were in action with The Poona Horse in both wars spoke with reverence of his bravery and leadership. He had that ability to inspire and bring out the best in his command by first reposing complete faith and trust; and then backing his juniors to the hilt. His men swore by and would die for him.



the tanks were produced and handed over for trial within a year of his taking over.

Thus during his illustrious career, he led several successful missions and played a key role in many important military campaigns. He was known for his unwavering commitment to duty and his ability to lead troops even in the most challenging of circumstances. His strategic vision, courage, and determination earned him the respect and admiration of his colleagues and his enemies alike. Throughout his career, Lt Gen Ajai Singh was recognized for his outstanding service to his country. He received numerous military honours, including two from the President of India.

In view of his brilliant record and experience of the North-East, he after retirement was appointed as Governor of Assam where, by his ability to synergise all instruments of the state, he ushered in an era of peace and prosperity.

### An Afterglow

He later settled down in Delhi, adjusted to a retired life and was part of the strategic circuit. Always positive and willing to help, he continued to be involved in every activity. In the last few years he had age-related medical challenges which he confronted with his innate courage. My Wife and I visited him in RR Hospital Delhi Cantt a day before his last surgery and he was cheerful and optimistic as always.

He is survived by his wife Mrs Krishna Singh and two children Sajai and Shambhavi, their families which includes loving grandchildren. Our thoughts and prayers are with all of them.

General Ajai will be deeply missed not only by his family, but also a vast galaxy of friends, and colleagues both within and outside the military. His legacy will live on through the many lives he touched and the countless contributions he made to his country.

There is an old saying that Generals never die, they just fade away. While this may be so, in General Ajai's case he leaves behind an afterglow that will always remain. Om Shanti.

rajeshsharma1049@gmail.com

# My Uncle Ajai Kaka



**Savitri Kunhadi**
*Former Ambassador to France*

> Both the governors had also taken a tough stand against the rebel United Liberation Front of Assam, known to be more sympathetic to the Congress. Ajai Singh's father Rao Dalip Sen was my father's uncle and was among the oldest surviving members of the Kunhadi thikana.

Kunadi thikana under the erstwhile rulers of Kota were always loyal to Kota. Palaitha was also one of the thikanas under Kota and both these thikanas were the prominent ones among the many thikanas. Post-Independence, both Palaitha and Kunhadi produced two governors and an ambassador. While Lt Gen Bahadur Singh of Palaitha was the first Governor of Himachal Pradesh, another noted soldier also a Lt Gen Ajai Singh from my own Kunadi served as the Governor of Assam. Interestingly, both the governors were posted in the country's hill states.

Interestingly, both of them rose to become Lt Generals and both served the defence forces with utmost devotion. Bahadur Singh, who graduated from Sandhurst was involved in active military duties and fought wars and Bahadur Singh was appointed a member of the Order of the British Empire (OBE)

Lieutenant General Ajai Singh PVSM, AVSM was a general officer of the Indian Army Armoured Corps and an administrator, serving as the Governor of Assam from 2003 to 2008, and as the chairman of the North Eastern Council (NEC).

Ajai Singh was born on 20 November 1934 in Kunadi of erstwhile Kotah State. He studied at Mayo College, Ajmer and Madras University. After studies, he joined the Indian Army and was commissioned into the Poona Horse.

He saw action in the Indo-Pakistani wars of 1965 and 1971. He was a gunnery expert and was actively involved in tank development both during his service years and post retirement tenure in the



Defence Research and Development Organisation. He was involved in the up gunning of T- 54 tanks and the development of the Arjun main battle tank.

Assam had two Army officers, Lt Gen SK Sinha and Lt Gen Ajai Singh as governors – and shared a good equation with CM Tarun Gogoi. Gogoi however had major differences with both Sinha and Singh on the issue of Bangladeshi infiltration, especially with Sinha's famous speech to the President in which he said that Bangladeshi infiltrators would eventually demand merger of those districts with Bangladesh. Ajai Singh shared similar views.

Both the governors had also taken a tough stand against the rebel United Liberation Front of Assam, known to be more sympathetic to the Congress. Ajai Singh's father Rao Dalip Sen was my father's uncle and was among the oldest surviving members of the Kunadi thikana.

Ajai Singh studied in the Mayo College where one of his colleagues was Rajendra Shekhar, who rose to become the Director of CBI and also DGP of Rajasthan. He received his early training in IMA where he won the sword of honour. I had the honour of witnessing the award ceremony in Dehradun along with other members of the family.

Though Ajai Singh was posted in different parts of the country, yet he maintained a close contact with the Kunadi family and knew each member of the family and also loved them.

I have several memories of Ajai Kaka, as I other members of my family addressed him with all affection. During family gatherings, I used to have a long talk with Ajai Kaka on various topics and issues.

He was a disciplinarian and encouraged the family members to join the armed forces. When after my graduation I decided to appear for the civil services examination, apart from my father Gajendra Singh, who was an IAS, it was Ajai Kaka who encouraged me. With



their blessings I passed out the tough civil services examination and became the first Indian Foreign Service officer and also the first woman from Rajasthan. I remember how Ajai kaka blessed me with all his love for my success.

Ajai Kaka played an important role in both 1965 and 1971 Indo-Pak wars and contributed in a major way in arming our army with the latest guns. He was a true soldier and also a patriot and he contributed in a major way in promoting harmony and tolerance during his very distinguished career. He was posted in Assam as Governor as he knew the area well as an army officer.

I have lost my Ajai Kaka and my heartfelt condolence to Kaki Krishna Kumari and Ajai kaka's talented son Sajai Singh.

rajeshsharma1049@gmail.com

***(As told to Prakash Bhandari)***

> Operation Rhino the successful counter-insurgency action against the United Liberation Front of Assam (ULFA) was helmed by him as commander of IV Corps headquartered at Tezpur in the state from 1990 to 1992. His final job in the Army was as Director General, Combat Vehicles.

# The Scholar-Warrior Of The Superior Kind



**Mandeep Singh Bajwa**
*Military Historian*

Lieutenant General Ajai Singh, who passed away recently, had a most distinguished career. Of him it can truly be said that he was a scholar-warrior of a superior kind. Most notably he was an illustrious leader of men. Let us see the influences that went into the making of such a commander. Born into an aristocratic family of Kota State in 1935 he received the usual training that scions of land-owning dynasties received. Thereafter it was off to Mayo College, Ajmer for schooling. Not for nothing did Wellington remark that the Battle of Waterloo was won on the playing fields of Eton. His reference was to the British junior military leadership which in the 19th Century largely consisted of the aristocracy and sons of land-owning families with their leadership skills honed by education at public schools.

Joining the Army in June 1956 after winning the Sword of Honour and the silver medal at the Indian Military Academy he was commissioned into the famous armoured regiment, the Poona Horse. The young Ajai had entered the very best environment for learning the profession of arms. Unlike other regiments who had officers commissioned in the early 20s Poona Horse received its first Indian officers only twenty years later. A succession of brilliant, experienced Commandants who came from other units guided the regiment and refined its officers' skills through the 50s and 60s. Ajai developed formidable talents as a tank gunnery expert, an area in which our tankmen excelled in both 1965 and 1971. This was particularly so in the



> During the 1965 war he served as Adjutant of the regiment who is the Commandant's principal staff officer and coordinator of operations. His work was appreciated by him being mentioned in despatches.

British Centurion tanks with which the Poona Horse was equipped.

During the 1965 war he served as Adjutant of the regiment who is the Commandant's principal staff officer and coordinator of operations. His work was appreciated by him being mentioned in despatches. Poona Horse performed spectacularly at the Battles of Phillora and Buttur Dograndi in the Sialkot sector knocking out a large number of Pakistani tanks. Ajai was second-in-command of the regiment when the Poona Horse won a famous victory at the Battle of Basantar in 1971 in the Shakargarh sector. He had moved heaven and earth to come back to his unit in time for the war from the extra-regimental appointment where he was employed.

Command of his regiment and an independent armoured brigade followed. Then he did the prestigious, formative year's course at the Royal College of Defence Studies in Britain in 1983. By the mid-80s he was a Major General tenanting the important appointment of Director, Weapons and Equipment at Army HQ followed by command of 31 Armoured (White Tiger) Division, part of India's southern strike force. Ajai received his third star in 1989 and was posted as Director General, Mechanised Forces overseeing the training, equipment and doctrinal aspects of the Armoured Corps and mechanised infantry. Operation Rhino the successful counter-insurgency action against the United Liberation Front of Assam (ULFA) was helmed by him as commander of IV Corps headquartered at Tezpur in the state from 1990 to 1992. His final job in the Army was as Director General, Combat Vehicles.

In this capacity and in his post-retirement job as Chief Controller Research & Development (Land Systems), in the Defence Research & Development Organisation (DRDO) which he did from 1993 to 1995 he was involved in significant projects involving tank and weapons development. These included the up-gunning of Russian T-55 tanks to the 105mm L-7 gun and the growth of the indigenous Arjun main battle tank (MBT). Here his technical skills and leadership style came into full play.

This was not the end. There was a final round to play as Governor of Assam from 2003 to 2008. A stickler for the rules and propriety he scrupulously adhered to the Constitution in this final crowning glory to a magnificent career. Farewell, General you shall be missed but your work will live on forever.

rajeshsharma1049@gmail.com

#RESEARCH

# Walking The Dog

Finger fracture, traumatic brain injury, and shoulder sprain or strain are the three most common injuries related to walking a dog on a leash, research finds.



Johns Hopkins University researchers have found that traumatic brain injuries (TBIs) were the second most common injury among adults treated in US emergency rooms for injuries related to walking a leashed dog from 2001 to 2020.

The researchers also found that women, and all adults age 65 and older, were more likely to sustain serious injuries, such as fractures and TBIs, than people in other demographic groups.

"According to a 2021-2022 national pet ownership survey, nearly 53% of US households own at least one dog," says Ridge Maxson, the study's first author and a third-year medical student at Johns Hopkins University. "Dog ownership also increased significantly in recent years during the COVID-19 pandemic. Although dog walking is a common daily activity for many adults, few studies have characterized its injury burden. We saw a need for more comprehensive information about these kinds of incidents."

The researchers were from the Johns Hopkins University School of Medicine and the Johns Hopkins Bloomberg School of Public Health. The researchers found that an estimated 422,659 adults sought treatment in US emergency rooms for injuries resulting from leash-dependent dog walking from 2001 to 2020. Nearly half of all patients were adults age 40 to 64, and 75% of patients were women. Most injuries occurred due to falling after being pulled by, tangled in, or tripped by the leash connected to a dog they were walking.


The three most common injuries among all adults were, in order, finger fracture, TBI, and shoulder sprain or strain. TBI and hip fracture were the two most common injuries among adults age 65 and older. TBIs identified in this study consisted of both concussions and non-concussive internal head injuries.

Across the 20-year study period, the estimated annual incidence of injuries due to leash-dependent dog walking more than quadrupled. The researchers posit that this trend may be due to concurrent rising dog ownership rates and promotion of dog walking to improve fitness.

The team hopes its findings will promote awareness among dog owners and encourage clinicians to discuss the injury potential of leash-dependent dog walking with their patients.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# फायरिंग की घटना के बाद पीड़ित व्यापारी से मिले विधायक व सांसद

## सांसद कस्वां, जिला प्रमुख ने पुलिसकर्मी रमेश मीना व गार्ड केशर की हिम्मत की दाद दी

**सुजानगढ़,** (निसं)। गैंगस्टर रोहित गोदारा को रंगदारी नहीं देने पर सोने-चांदी के व्यापारी पवन सोनी के शोरूम पर हुई फायरिंग की घटना के बाद कांग्रेस व भाजपा के नेताओं ने पीड़ित पवन सोनी के पास पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

शुक्रवार सुबह सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल पवन सोनी के निवास स्थान पर पहुंचे। विधायक ने पूरी घटना की जानकारी लेते हुए घटना की निंदा की। विधायक से जे.डी.जे ज्वैलर्स के पवन सोनी ने शहर में पुलिस चौकी या थाना खोलने की मांग की। जिस पर विधायक ने कहा कि उन्होंने 2 पुलिस चौकियां स्वीकृत कराई थी, जिन्हे जल्द शुरू करवाया जायेगा। वहीं पवन सोनी ने नगरपरिषद पर उनका पट्टा नहीं बनाने का आरोप लगाया। साथ ही सोनी ने कहा कि वे सरकार को सबसे ज्यादा टैक्स देते है। फिर व्यापारियों को सुरक्षा नहीं मिल रही है। इस दौरान सभापति प्रतिनिधि इदरीश गौरी, उप सभापति अमित मारोठिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामावतार मंगलहारा, मुकुल मिश्रा सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



घटना के बाद विधायक मनोज मेघवाल ने पीड़ित व्यापारी पवन सोनी से मुलाकात की।

- चूरू एस.पी. से सांसद ने कहा कि आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो और आम व्यापारी को सुरक्षा मुहैया होनी चाहिए

**राहुल कस्वां ने की मुलाकात** : पीड़ित पवन सोनी के गांधी चौक स्थित शोरूम पर चूरू सांसद राहुल कस्वां, जिला प्रमुख वंदना आर्य पहुंचे। जिन्होंने पूरी घटना की जानकारी ली और घटना के वक्त हिम्मत दिखाने वाले पुलिसकर्मी रमेश मीना व गार्ड केशर मेघवाल की हिम्मत की दाद दी। सोनी ने बताया की अगर पुलिसकर्मी व निजी गार्ड और स्थानीय लोग बदमाशों का सामना नहीं करते तो बडी घटना घटित हो जाती। सोनी ने सांसद राहुल कस्वां को शोरूम में लगी गोलियां दिखाई।

चूरू एसपी से सांसद ने कहा कि आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो और आम व्यापारी को सुरक्षा मुहैया होनी चाहिए। साथ में सोनी ने गांधी चौक में पुलिस चौकी या थाना खोलने की मांग की। इसके बाद सांसद ने चूरू एसपी से बात कर गांधी चौक में पुलिस चौकी खोलने के निर्देश दिए। मुलाकात के वक्त मंडल अध्यक्ष पवन माहेश्वरी, विजय चौहान, पार्षद पंकज घासोलिया, वैद्य भंवरलाल शर्मा, रिछपाल बिजारनीया सहित साथ रहे। घटना के बाद शुक्रवार को पीड़ित पवन सोनी ने अपना प्रतिष्ठान खोला। शोरूम के बाहर पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से आधा दर्जन हथियारबंद जवान तैनात किए।

# प्रतिनिधिमंडल व प्रशासन की मृतक के परिजनों से वार्ता

**भरतपुर,** (निसं)।भरतपुर में जिला कलेक्टर के चैम्बर में आरक्षण आंदोलन के दौरान आत्महत्या करने वाले मृतक मोहन सिंह सैनी के पोस्टमार्टम कराने के संबंध में माली, सैनी, शाक्य, कुशवाहा और मौर्य समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन से जिला कलेक्ट्रेट में आंदोलनकारी मोहन सिंह के परिजनों के साथ वार्ता की।

वार्ता के बाद तय हुआ कि मृतक मोहन सिंह केशव का शनिवार को पोस्टमार्टम कराया जाए। जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने बताया कि मृतक मोहन सिंह के परिजनों से वार्ता हुई है। परिजनों ने एसपी श्याम सिंह को तहरीर दी है। जिसमें मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। परिवार के द्वारा पहले मांग की जा रही थी कि मृतक को शहीद का दर्जा दिया जाए, परिजनों को एक करोड की सहायता दी जाए वहीं परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

वहीं शुक्रवार को मृतक मोहन के परिजनों एवं प्रतिनिधिमंडल की अब मांग है कि सरकार के द्वारा उचित कार्यवाही की जाए और जो भी सहायता दी जा सकती है दी जाए। जिससे मृतक मोहन सिंह के शव के पोस्टमार्टम का गतिरोध दूर हो सका। शनिवार को मृतक के शव का जिला आरबीएम अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतक मोहन सिंह के परिजनों ने बताया कि प्रशासन से वार्ता संतोशजनक वार्ता रही। प्रशासन के द्वारा उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। शहीद का दर्जा एवं एक करोड की आर्थिक सहायता की मांग को छोड दिया गया है। सरकार से आशा है कि उचित कार्यवाही कर उचित मुआवजा दिया जाएगा।

## 12 लाख की शराब सहित एक गिरफ्तार

**चूरू,** (कासं)। दूधवाखारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने 250 कार्टन पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर सहित एक ट्रक जब्त करके तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी अल्का बिश्नोई उनि पुलिस थाना दूधवाखारा के नेतृत्व में थाना दूधवाखारा की टीम ने आज गश्त के दौरान देवेन्द्र निवासी ढाणी दरियापुर, पुलिस थाना सिवानी, जिला भिवानी, हरियाणा के कब्जे से बन्द बॉडी ट्रक कैन्टर से 250 कार्टन अंग्रेजी शराब व बीयर पंजाब निर्मित जब्त करके मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हरणी की पहाड़ियों में मिली लाश की शिनाख्त, हत्या का आरोप

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह बड़ी हरणी की पहाड़ी पर मिली अज्ञात युवक की लाश की शिनाख़्त बीलियाखुर्द के निवासी श्यामसुंदर तिवाड़ी के रूप में हुई है, जो बागेश्वर धाम जाने की कहकर घर से निकला था। कोतवाल पुष्पा कासोटिया ने बताया कि गुरुवार सुबह चामुंडा माता मंदिर के पीछे तलहटी में कच्ची सीढ़ियों के पास अज्ञात युवक की लाश मिली थी। मृतक की जेब मे कुछ राशि और गुटके, जबकि कानों में सोने की मुरकिया और हाथ में चांदी का कड़ा पहने हुए था। पुलिस शव की पहचान के प्रयास कर रही थी कि शुक्रवार सुबह बीलियाखुर्द निवासी ओमप्रकाश तिवाड़ी व उनका बेटा सोनू तिवाड़ी जिला अस्पताल पहुंचे। ओमप्रकाश ने शव की पहचान अपने बेटे श्यामसुंदर तिवाड़ी (40) के रूप में कर ली। वहीं मृतक के छोटे भाई सोनू ने बताया कि श्यामसुंदर बुधवार को घर से बागेश्वर धाम जाने की कहकर निकला था। इसके बाद दोपहर 12 बजे पिता ओमप्रकाश की भी श्यामसुंदर से बात हुई तब उसने बागेश्वर धाम के लिए रवाना होने की बात कही थी।

# कलयुगी बेटे ने मां पर किए थे 83 वार, आरोपी गिरफ्तार

- पोस्टमार्टम के दौरान शरीर पर घाव देखकर डॉक्टर भी रह गए सन्न
- पारिवारिक कलह के चलते बेटे ने अपनी ही मां की हत्या कर दी थी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के उपनगर पुर में गुरुवार को दिनदहाड़े दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। पारिवारिक कलह के चलते एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही मां को चाकू से गोद कर मौत के घाट उतार दिया था। शुक्रवार सुबह जब महिला के शव का एमजी अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ तो महिला के शरीर पर घाव देख कर डॉक्टर भी सन्न रह गए। बेटे ने मां के शरीर पर 83 वार किए जिससे उसकी मौत हुई।

पुर थाना प्रभारी पूरणमल मीणा ने बताया कि गुरुवार को पुर के विश्नौई मोहल्ले में रहने वाले शंकर लाल विश्नौई की पत्नी मंजू (45) की उसी के बेटे सुनील विश्नौई (22) ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। वारदात के समय मृतका की सास घर के बाहर बैठी थी, जबकि पति शंकर लाल सब्जी लेने गया हुआ था। घर में मंजू व उसका बेटा सुनील दोनों थे। पुलिस ने शव को कब्जे में कर एमजी अस्पताल की मोर्चरी भिजवा दिया। वहीं रात को ही पुलिस ने मृतका के भाई पुर निवासी विनोद पुत्र छगनलाल विश्नौई की रिपोर्ट पर सुनील के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। इसके बाद हत्या के आरोपित सुनील को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उससे मौका तस्दीक करवाते हुये वारदात में काम लिया छोटा चाकू उसी के घर से बरामद कर लिया। शुक्रवार को आरोपित सुनील को कोर्ट में पेश करने पर जेल भिजवा दिया गया। इस बीच, पुलिस ने मंजू का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस का ख़ाना था की मंजू के शव का शुक्रवार सुबह मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान मंजू के शरीर पर 83 घाव मिले, जो उसी के बेटे ने उसे चाकू से पहुंचाये। ये घाव मंजू के गले, पीठ, हाथ आदि पर मिले हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि इस नृशंस हत्या से जाहिर है कि हत्या का आरोपित युवक साइको है। हालांकि पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी है।

## 18 किलो डोडा-चूरा जप्त

**कोटपूतली** (निस)। कस्बे के निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कन्टेनर में अवैध डोडा चुरा परिवहन करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जयपुर रेंज आईजी उमेश चन्द्र दत्ता, एसपी डॉ. राजीव पचार के निर्देशानुसार क्षेत्र में पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ बेचने, परिवहन व खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एएसपी विधा प्रकाश, डीएसपी गौत्तम कुमार के निर्देश पर सरूण्ड थाना पुलिस टीम ने थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह के नेतृत्व में राजमार्ग पर बड़ी कार्यवाही करते हुए कन्टेनर में अवैध डोडा चुरा का परिवहन कर रहे एक जने को गिरफ्तार कर कन्टेनर को जप्त किया है। थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 23 अप्रैल को कोटपूतली के सराय मौहल्ला में स्थानीय थाना पुलिस ने रवि कुमार पुत्र नितेश कुमार शर्मा के घर दबिश देकर 04 किलो 600 अवैध डोडा पोस्त जप्त कर आरोपित रवि कुमार को गिरफ्तार किया था।

इस सम्बंध में कोटपूतली थाने पर मुकदमा दर्ज कर सरूण्ड थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह को जाँच सुपुर्द की गई थी। जाँच के दौरान पुछताछ में आरोपित रवि कुमार शर्मा ने बताया कि उसने उक्त डोडा पोस्त कन्टेनर नं. जे के 08 एम 6508 के चालक मंजीत कुमार से खरीदी थी। जिस पर पुलिस ने उक्त चालक व कन्टेनर की तलाश शुरू की। इसी दौरान 27 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिली कि उक्त कन्टेनर दिल्ली की ओर से आ रहा है। इस पर राजमार्ग पर ग्राम गोरधनपुरा स्टैण्ड पर नाकाबंदी की गई तो कन्टेनर दिल्ली की ओर से आया। जिसको रोक कर चेक किया गया तो कन्टेनर की केबिन में प्लास्टिक के कट्टे में रखा 18 किलो 600 ग्राम डोडा चुरा भरा हुआ मिला। जो कि उक्त चालक मंजीत कुमार द्वारा अवैध रूप से भर कर परिवहन किया जा रहा था।

# भाजपा जनाक्रोश महाघेराव कार्यक्रम में नहीं जुटी भीड़



करौली में जनाक्रोश महाघेराव कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**करौली,** (निसं)। भाजपा का शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित हुआ जनाक्रोश महाघेराव कार्यक्रम में भीड़ नहीं जुटने से भाजपा के नेताओं और भाजपा की किरकिरी होती दिखाई दी। जिला मुख्यालय पर भाजपा के जनाक्रोश महाघेराव कार्यक्रम की तैयारी गत एक पखवाड़े से जिले भर में जोर-शोर से चलती आ रही थी। जिस जनाक्रोश महाघेराव में अधिक से अधिक संख्या में भीड़ जुटाने के लिए जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के अलावा आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट की लाइन में लगे करीब 1 दर्जन से अधिक संभावित प्रत्याशियों ने भी जिले भर में गांव-गांव में पीले चावल बांटकर लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का न्यौता देने में लगे हुए थे। गत दिन यानी गुरुवार को कार्यक्रम के 1 दिन पूर्व भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जनाक्रोश महाघेराव कार्यक्रम में करीब 20 हजार लोगों के जुड़ने का दावा भी किया था। मगर इस सब कुछ को देखते हुए जब शुक्रवार को जनाक्रोश कार्यक्रम में लोगों की संख्या बहुत कम देखी गई तो भाजपा के राजनेताओं और राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के मुंह फीके नजर आए और भीड़ कम जुटने से भाजपा की किरकिरी होती देखी गई और लोगों में भीड़ कम जुटने की एक आम चर्चा भी सुनने में आई।

गौरतलब है कि जिले में 4 विधानसभा क्षेत्र करौली, हिण्डौन, टोडाभीम और सपोटरा है जिन चारों विधानसभा क्षेत्रों में आगामी विधानसभा चुनाव में भाग्य आजमाने वाले यानी संभावित प्रत्याशियों की लाइन काफी लंबी लग रही है। जिसमें खासतौर से जिला मुख्यालय स्थित करौली विधानसभा क्षेत्र से भाग्य आजमाने के लिए संभावित प्रत्याशियों की बाढ़ सी आ रही है। जो विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं में एक आम चर्चा बनी हुई है। लेकिन शुक्रवार को भाजपा के जिला मुख्यालय पर आयोजित हुए जनाक्रोश महाघेराव में उम्मीद से बहुत कम संख्या में भीड़ जुटना उन सभी संभावित प्रत्याशियों के लिए भी एक प्रश्न चिन्ह है। देखने लायक यह है कि करौली विधानसभा क्षेत्र में भाग्य आजमाने के लिए इन दिनों संभावित प्रत्याशियों की लंबी कतार है जिनमें प्रमुख रूप से अशोक सिंह धाभाई,राजाराम गुर्जर, राजकुमारी गुर्जर, सतबीर चंदीला, गोपाल सिंह गुर्जर, अशोक पाठक,ओपी सैनी, डॉ. रूप सिंह गुर्जर सहित करीब एक दर्जन के लगभग हैं। मगर शुक्रवार को आयोजित हुए भाजपा के जनाक्रोश महा घेराव कार्यक्रम में उम्मीद से बहुत कम संख्या में भीड़ जुटना इन सभी संभावित प्रत्याशियों के मुंह पर आमजन का एक तमाचा ही है जिसकी आमजन में चर्चा भी है।

करौली जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर मुख्य सडक पर भाजपा कि जनआक्रोश सभा आयोजित हुई जिसमे जिले भर से भाजपा कार्यकर्ताओं ने एवं आमजन ने भाग लिया। इसके पश्चात सभा मे आई भीड और भाजपा नेता रैली के रूप मे कलेक्ट्रेट कार्यालय के घेराव के लिये पहुँचे जहां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में भारी पुलिस जाप्ते ने भीड को कलेक्ट्रेट मे घूसने से रोक दिया इस दौरान भाजपाई सरकार के खिलाफ नारे बाजी और प्रदर्शन करने लगे वही मौके पर पहुंचे अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुरलीधर प्रतिहार एवं सहायक कलेक्टर प्रीति चक ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से ज्ञापन लिया।

इस दौरान एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, करौली धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजौरिया, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मा डागूर, किसान मोर्चा के मंत्री अशोक सिंह धाभाई, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमेंद्र वशिष्ठ, प्रहलाद सिंहल,एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री शेर सिंह मीणा, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, राजेंद्र शेखपुरा जिला संयोजक जन आक्रोश महाघेराव, पूर्व विधायक रमेश मीणा, सुरेश मीणा, सुखलाल मीणा, बत्ती लाल मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा, भौरू सिंह जादौन, रमेश राजौरिया, शिव कुमार सैनी, महेंद्र मीणा, गोवर्धन सिंह जादौन भरतपुर सह प्रभारी, जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह जादौन, धीरेंद्र सिंह बैंसला, राजकुमारी गुर्जर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा, अशोक पाठक, गोपाल सिंह गुर्जर, राजाराम गुर्जर, सतवीर चंदीला, ओपी सैनी सहित कई अन्य भाजपाईयों ने संबोधित किया।

## युवक ने ज्वलनशील पदार्थ का किया सेवन

**भरतपुर,** (निसं)। सैनी समाज द्वारा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन स्थल के पास में ही एक और घटनाक्रम हो गया। वहीं मौके पर एक युवक ने ज्वलनशील पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन-फानन में आंदोलन स्थल पर मौजूद लोग इसे अस्पताल लेकर पहुंचे। यह युवक ओमप्रकाश कुशवाह पुत्र मूलचंद है जो कि, उच्चैन थाना इलाके के तोता का नगला का रहने वाला है। ओमप्रकाश को घटनास्थल से पहले उच्चेन के सरकारी अस्पताल लाया गया जिसकी गंभीर हालत होने पर रेफर कर दिया। बाद में ओमप्रकाश को भरतपुर में आरबी एम हॉस्पिटल लाया गया जहां इसे आईसीयू में भर्ती किया, अभी इलाज जारी है। वहीं आरबी एम हॉस्पिटल में सीओ सिटी सतीश वर्मा मथुरा गेट थानाधिकारी रामनाथ गुर्जर सहित पुलिस टीम पहुंची।

# आंधी व बारिश से मंडियों में कृषि जिंसों की आवक कम

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। आंधी व बारिश के मौसम को देखते हुए मंडियों में कृषि जिंसों की आवक कम हो गई है। श्रीगंगानगर धान मंडी में सिर्फ 3254 क्विंटल गेहूं की आवक हुई। औसत भाव एमएसपी से अधिक होने के कारण किसान अच्छी क्वालिटी का गेहूं सरकार को बेचने की बजाय बोली पर बेच रहे हैं। श्रीगंगानगर गुरुवार को गेहूं के औसत भाव 2295 रुपए प्रति क्विंटल रहे। जबकि एमएसपी 2125 रुपए प्रति क्विंटल है। खराब मौसम को देखते हुए किसानों ने मंडियों में गेहूं लाना कम कर दिया।

श्रीगंगानगर में दो दिन पहले तक 10 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो रही थी। अब दो दिन से तीन हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो रही है। श्रीगंगानगर मंडी में सिर्फ 3254 क्विंटल गेहूं की आवक हुई। दूसरी ऊंचे भाव मिलने से किसान अच्छी क्वालिटी का गेहूं एमएसपी पर बेचने की बजाय बोली पर व्यापारियों को बेच रहे हैं। श्रीगंगानगर मंडी में अब तक 700 किसानों ने सरकार को गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। खरीद एजेंसी एफसीआई ने अब तक 24 सौ एमटी गेहूं की खरीद की है। 800 एमटी गेहूं की एमएसपी पर खरीद हुई। किसानों ने बाकी गेहूं बोली पर बेचा।

मंडियों में एमएसपी पर बिक रहे कम चमक व कमजोर दानों वाला गेहूं पर इस बार सामान्य तौर पर 15 से 16 रुपए प्रति क्विंटल की कटौती हो रही है। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपए प्रति क्विंटल है। दूसरी ओर मंडी में कम चमक व कमजोर दाने वाला गेहूं 1961 से 2150 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बिका।

मंडी के तीन नंबर गेट के पास किसान भवन में राहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का सीएम ने निरीक्षण करना था इसलिए मंडी प्रबंधन ने गेट नंबर तीन बंद रखा। इससे मंडी में कृषि जिंसे लेकर आने वाले किसानों को परेशानी हुई। सूबेसिंह रावत, सचिव, कृषि उपज मंडी समिति श्रीगंगानगर का कहना है कि श्रीगंगानगर मंडी में सरकारी खरीद के साथ ही गेहूं का उठाव करवाया जा रहा है ताकि मंडी में अनावश्यक भीड़ नहीं हो। व्यवस्था बनी रहे। व्यापारी भी बोली जो कृषि जिंसें खरीद रहे हैं, उसका उठाव करवाकर पिड़ खाली करवा रहे हैं। ताकि मंडी में कृषि जिंसे लेकर आने वाले किसानों को परेशानी नहीं हो।

## हड़ताल जारी

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान राज्य अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ के आव्हान पर 11 सूत्री मांगों को लेकर 24 अप्रेल से आईटी कार्मिक सामूहिक अवकाश पर चल रहे हैं। आगे की रणनीति तय करने के लिए शुक्रवार को संघ के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन संघ जिलाध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुआ। राजस्थान राज्य अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ झुंझुनूं के अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि 2 मई तक यदि हमारी मांगों के निस्तारण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है तो 3 मई को महापड़ाव के लिए सभी जिलों से आईटी कार्मिक जयपुर कूच करेगे। राजस्थान राज्य अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ झुंझुनूं के महासचिव वेदप्रकाश नूनियां ने बताया कि सामूहिक अवकाश के चलते कार्यालय संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग झुंझुनूं परिसर में एक मई को आईटी कार्मिकों द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को लिखा गया है।

# दुकान में लगी भीषण आग से 30 लाख का सामान जला

**सुजानगढ़,** (निसं)। अशोक सर्किल से गांधी आश्रम के बीच स्थित एक इलेक्ट्रानिक समान की दुकान में शुक्रवार दोपहर को आग लग गयी। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरी दुकान को आग ने अपने आगोश में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि आधे घण्टे तक आग की लपटें आसमान में उठती रही और काला धुंआ चारों तरफ फैल गया। जिसके बाद दुकान के अन्दर रखा सारा सामान राख हो गया।

- शिवरात्रि पर लगाई थी नयी दुकान, शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया
- घटना के बाद पहुंची नगरपरिषद की टीम ने आग पर काबू पाया



आग की घटना के बाद दुकान में उठती लपटें।

दुकानदार गेडाप गांव निवासी दिव्यांग श्रीभगवान सोमानी ने बताया कि उन्होंने इसी वर्ष शिवरात्रि पर ही अपनी जमा पूंजी से यह दुकान किराये की जगह पर की थी। जिसमें कूलर, पानी की मोटर, पीवीसी पाइप, पंखे व कलर सहित अन्य हार्डवेयर का सामान था। आज अचानक उनकी दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि उनके 15 लाख रूपये का कर्जा भी बाजार में दुकान का है। श्रीभगवान के अनुसार तीस लाख से अधिक का का समान जलकर नष्ट हो गया।

आग इतनी भीषण थी की दुकान के बाहर खडी एक बाइक को भी अपने चपेट में ले लिया। घटना के बाद पहुंची नगरपरिषद की टीम ने आग पर काबू पाया। घटना के बाद सैंकड़ों की तादाद में लोगों की भीड़ जुट गयी। जिस कारण यातायात भी बाधित हुआ। मौके पर पहुंचे एसआई दिलीप सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों को मौके से भीड़ को हटाने के लिए भी मशक्कत करनी पड़ी।


# नौ महीने में सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प

## सांसद कस्वां ने जोधपुर से आए रेलवे अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन का सर्वे किया

**सुजानगढ़,** (निसं)। सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन की अमृत योजना के तहत आठ करोड रुपए की लागत से कायापलट होगी। रेलवे बोर्ड द्वारा टेंडर करने के बाद 9 महीने में इसका काम पूरा हो जाएगा। नए रेलवे स्टेशन के निर्माण से पहले शुक्रवार को चूरू सांसद राहुल कस्वां ने जोधपुर से आए रेलवे अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन का सर्वे किया।

सांसद राहुल कस्वां ने बताया कि प्रथम फेज में होने वाले निर्माण में कला, संस्कृति, साहित्य को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन का निर्माण होगा। सांसद ने बताया कि रेलवे स्टेशन से 150 मीटर की दूरी पर 65 मीटर लंबा नया भवन बनेगा। जिसमें सात मीटर लंबे स्टेशन के अंदर व बाहर आने के लिए दस मीटर चौडे दो रास्ते बनाए जायेंगे। स्टेशन के भीतर यात्रियों के लिए एयरपोर्ट के तर्ज पर ए.सी वेटिंग हाल का निर्माण होगा।

सांसद ने कहा कि सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन का नव निर्माण होगा जिसे मॉडर्न लुक दिया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर सालासर बालाजी मंदिर की आकृति भी लगाई जाएगी। सांसद राहुल ने आधे घंटे तक अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन का थ्री डी नक्शा देखकर अधिकारियों को भव्य स्टेशन बनाने के लिए निर्देश दिए।



सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों से चर्चा करते सांसद राहुल कस्वां।

- सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन की अमृत योजना के तहत आठ करोड़ रुपए की लागत से कायापलट होगी

रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य को लेकर मीडिया से बात करते हुए सांसद राहुल कस्वां ने कहा की राज्य सरकार ने जीएडी में काफी बार बदलाव करवाए। जिस कारण निर्माण में देरी हुई। सांसद राहुल ने कहा कि अप्रैल अंत तक या मई माह में रेलवे सेक्शन कर अपने हिस्से का रुपया दे देगी। जिसके बाद पुल का निर्माण शुरू हो जाएगा।

इस दौरान सांसद राहुल कस्वां के साथ चूरू जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रधान मनभरी मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, मंडल अध्यक्ष पवन माहेश्वरी, विजय चौहान, बुद्धिप्रकाश सोनी, वैद्य भंवरलाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, पार्षद पंकज घासोलिया, रिछपाल बिजारनीया, पंचायत समिति सदस्य अंकित सारण, प्रहलाद जाखड, महेश पारीक, सुरभि पांडे, कमल दाधीच सहित भाजपा नेता व जोधपुर डीआरएम कार्यालय से आए अधिकारी मौजूद रहे।

# टेम्पो और बस की टक्कर, तीन की मौत

## टेम्पो में प्लास्टिक के पाइप भरे हुए थे और वह बस के शीशे तोड़कर उसमें घुस गया

**नोखा, (निसं)।** यहां देर रात हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। टेम्पो और बस की आमने-सामने भिड़ंत इतनी खतरनाक थी कि शव दो घंटे तक फंसे रहे। टेम्पो में भरे प्लास्टिक के पाइप बस के कांच को तोड़ते हुए आर-पार हो गए। हादसे के बाद बस हाईटेंशन लाइन के पोल से टकरा गई। मामला जिले के नोखा-नागौर रोड पर चरकड़ा गांव का है। मृतकों में लोडिंग टेम्पो में बैठे दो लोग और बस ड्राइवर शामिल हैं। वहीं, बस में बैठा अन्य व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि लोडिंग टेम्पो चरकड़ा की तरफ से नोखा आ रहा था। टेम्पो में प्लास्टिक के पाइप भरे हुए थे। वहीं, बस ड्राइवर बाइपास पर बने एक होटल पर खाना खाने के लिए जा रहा था। ऐसे में दोनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

हादसे में टेम्पो में बैठे नोखा निवासी ड्राइवर मुकेश पाईवाल (40) पुत्र देवीलाल और उगमपुरा कक्कु पीएस 5 निवासी लिछमन जाट (35) पुत्र चुतराराम सहित जैतासर निवासी बस ड्राइवर महेंद्र (40) पुत्र मोहनलाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बस में बैठे सांवतसर निवासी मनीराम (58) पुत्र रतीराम घायल हो गया। उसे नोखा के बागडी अस्पताल

■ **टेम्पो और बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी**

में भर्ती कराया गया है।

हादसे के बाद शव दोनों वाहनों में फंस गए। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों की सहायता से बाहर निकाला। बस 11 हजार केवी की बिजली लाइन के पोल टकरा गई। ऐसे में बिजली विभाग के लाइट बंद करने के बाद रेस्क्यू हो सका। शवों को निकालने में करीब दो घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। बस में सवारियां नहीं थीं। ड्राइवर के अलावा सिर्फ एक व्यक्ति बैठा हुआ था जो अपने खेत की मूंगफली का बीज लेकर जा रहा था। बस में 10-15 कट्टे मूंगफली के बीज के भरे हुए थे। वहीं, टेम्पो में पाइप भरे हुए थे।

मृतक नोखा निवासी मुकेश पाईवाल की नोखा के पंचारिया चौक में हार्डवेयर की दुकान है। उगमपुरा निवासी लिछमन उसकी दुकान पर नौकरी करता था। दोनों शाम के समय नागौर से दुकान का सामान लेकर नोखा आ रहे थे।

## ट्रेलर व ट्रैक्टर की भिड़ंत में चार की मौत, एक घायल


हादसे के बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को हटवाया।

**पाली, (नि.सं.)** सांडेराव के पास फोरलेन हाइवे पर नेतरा गौ शाला के पास शुक्रवार ट्रेलर व ट्रैक्टर की भिड़ंत में चार जनों की मौत हो गई, वहीं एक घायल हो गया। भिड़ंत में ट्रैक्टर पर सवार सभी लोग ट्रेलर के नीचे दब गए। हादसे में तीन की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक की अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई। क्रेन की मदद से पुलिस लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद दबे शवों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना की सूचना पर एसडीएम हरि सिंह देवल, पुलिस उप अधीक्षक रजत विश्नोई मौके पर पहुंचे और हाईवे का रास्ता शुरू किया।

# मालपुरा में घटनास्थल व घायलों के बीच पहुंचे राज्यमंत्री अवाना

## मालपुरा में दो पक्षों के बीच हुई पत्थरबाजी का मामला


मालपुरा के पुरानी तहसील मे हुए पथराव की घटना के बाद मालपुरा पहुंचे राज्यमंत्री जोगीन्द्र सिंह अवाना।

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर के पुरानी तहसील गुर्जर मौहल्ले में दो पक्षों के बीच हुए पथराव व उपद्रवियों एवं असामाजिक तत्वों द्वारा घरों में घुस कर महिलाओं से अभद्रता व मारपीट सहित लूटपाट की घटना में घायलों से मिलने पहुंचे देवनारायण बोर्ड चैयरमेन व राज्यमंत्री जोगीन्द्र सिंह अवाना घायलों से मिले, वहीं घटनास्थल व पीड़ितों के मकानों का मुआयना किया तो हालातों को देख चकित रह गये।

अवाना ने घटना की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि उपद्रवियों द्वारा रचे गये मौत के ताण्डव व कुछ परिवारों को पलायन के लिए मजबूर करने की नियत से फैलाई दहशत के नापाक मनसुबों को गुर्जर समाज की महिलाओं

■ **घटनास्थल व पीड़ितों के मकानों का मुआयना किया तो अवाना चकित रह गये**

ने जिस प्रकार मुंह तोड़ जवाब दिया तो तारीफ के काबिल है। पीड़ित परिवारों द्वारा मकानों में हुई तोड़फोड़ व लूटपाट को लेकर बताई दास्तां सुन अवाना ने मुख्यमंत्री से मिलकर आर्थिक सहायता की घोषणा तथा भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृति को रोकने के लिए मालपुरा में अतिसंवेदनशील तथा दोनों समुदायों के आबादी क्षेत्र सीमा पर स्थाई पुलिस चौकियां लगवाने का आश्वासन दिया। अवाना ने घटनास्थल के आसपास की आवासीय बस्ती का फिडबैक लिया। इस दौरान देवनारायण बोर्ड के जिला सदस्य बच्छराज गुर्जर, पूर्व पालिका अध्यक्ष सुभाष गालव, पूर्व डीआर नन्दकिशोर सैनी, मणिशंकर शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं थानाधिकारी खिलेरी ने सार्वजनिक सूचना जारी कर मालपुरा शहर में मकानों में किरायेदार रखने पर मकान मालिक को किरायेदार के पहचान के दस्तावेज थाने में देने की सख्त हिदायत देते हुए बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किरायेदार रखने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी।

# राजस्थान हाईकोर्ट : केंद्रीय मंत्री शेखावत की संजीवनी मामले में मुश्किलें बढ़ीं

**जोधपुर, (कासं)।** प्रदेश में निवेश के नाम पर हुए सबसे बड़े घोटाले संजीवनी क्रेडिट सोसायटी प्रकरण में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

शुक्रवार को राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पेश एप्लिकेशन को स्वीकार कर लिया है। यह एप्लिकेशन शेखावत को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की ओर से संजीवनी घोटाला मामले में आरोपी मानने के लिए लगाई गई थी। मामले में अगली सुनवाई 30 मई को होगी। सरकार की ओर से हाईकोर्ट में आदेश संशोधन प्रार्थना-पत्र दाखिल किया गया था। पहले एसओजी ने संजीवनी घोटाले में शेखावत को आरोपी नहीं बनाया था, इसमें संशोधन करते हुए एसओजी ने शेखावत को इस मामले में आरोपी बनाया और फिर सरकार ने कोर्ट में एप्लिकेशन पेश की, जिसे आज स्वीकार किया गया है। 27 अप्रैल को भी इस मामले में सुनवाई हुई थी। हालांकि समय अभाव के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी थी। शुक्रवार को हुई सुनवाई में जस्टिस

■ **अब सुनवाई 30 मई को होगी**

कुलदीप माथुर की बेंच ने सरकार की ओर से दाखिल एप्लिकेशन को मंजूर कर लिया। 13 अप्रैल को राज्य सरकार की ओर से सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मामले में जिरह करते हुए कहा था कि शेखावत को एसओजी की एफआईआर में न तो आरोपी माना है और न ही गिरफ्तार कर रहे हैं। इस पर हाईकोर्ट ने गजेंद्र सिंह की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी।

इस आदेश के बाद उसी दिन एप्लिकेशन में संशोधन के लिए प्रार्थना-पत्र पेश किया गया। सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ऑनलाइन होने से ब्रीफिंग के समय सही से समझा नहीं सके। यह भी कहा कि कोर्ट में एसओजी के जांच अधिकारी भी मौजूद थे। तथ्यात्मक रिपोर्ट के अनुसार शेखावत आरोपी हैं। इसके लिए संशोधन पत्र पेश किया गया, जिसे आज स्वीकार कर लिया गया है। इससे पहले 28 मार्च और 3 अप्रैल को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट जस्टिस मनोज गर्ग और प्रवीर भटनागर की बेंच ने सुनवाई पर इनकार कर दिया था। 13 अप्रैल गुरुवार को हुई सुनवाई में जस्टिस कुलदीप माथुर ने शेखावत को राहत देते हुए एसओजी व राजस्थान में कहीं भी दर्ज एफआईआर पर उनकी संभावित गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी और 3 सप्ताह बाद दोबारा सुनवाई के लिए कहा था। इसके बाद इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई, जिसमें राज्य सरकार की ओर से दी गई अर्जी को स्वीकार कर लिया गया।

# हत्या के मामले में तीन भाईयों को आजीवन कारावास

**टोंक, (निसं)।** अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश टोंक ने हत्या के ढाई साल पुराने मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही आरोपियों पर 35 हजार 700 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

जानकारी के अनुसार गत 28 जुलाई 2020 को पुरानी टोंक थानान्तर्गत बटवालान मौहल्ले में मोहम्मद नदीम पर कसीम, वसीम एवं मोहसीन समेत कई लोगों ने तलवार, सरिये एवं चाकू से हमला कर दिया था, जिसमें नदीम की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में मोहम्मद शकील की रिपोर्ट पर पुलिस थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर 29 सितंबर 2020 को वसीम, कसीम एवं मोहसिन के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया था। जहां अभियोजन पक्ष की ओर से 18 गवाह एवं 27 दस्तावेज पेश किये गये। मामले में कोर्ट ने जुर्म प्रमाणित होने पर तीनों आरोपियों को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कठोर कारावास एवं 35 हजार 700 रुपए जुर्माने की सजा से दण्डित किया है।

# खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित को गावस्कर की सलाह

### कहा- कुछ समय के लिए क्रिकेट से ब्रेक लें ताकि डब्ल्यूसी के लिए खुद को फिट रख सकें

नई दिल्ली, 28 अप्रेल। आईपीएल 2023 में खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा को पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने सलाह दी है। रोहित टीम इंडिया के कप्तान भी हैं। ऐसे में गावस्कर का कहना है- रोहित को मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग से थोड़े समय के लिए ब्रेक लेना चाहिए। ताकि वह जून में होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खुद को फिट रख सकें।

गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, मैं मुंबई के बैटिंग क्रम में कुछ बदलाव देखना चाहता हूं। मुझे लगता है कि रोहित शर्मा को थोड़ा ब्रेक लेना चाहिए और खुद को फाइनल के लिए फिट रखना चाहिए। वे कुछ मैचों के बाद बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन अभी उन्हें थोड़ी राहत की जरूरत है। वे अभी काफी ज्यादा बेचैन लग रहे हैं। हो सकता है कि वे इस समय के बारे में सोच रहे हों, मुझे नहीं पता। गावस्कर ने आगे कहा, अभी मुंबई जिस स्थिति में है वैसे में अगर वे प्लेऑफ में जगह बनाते हैं तो यह चमत्कार होगा। वे नंबर चार पर रह सकते हैं, लेकिन उन्हें बल्लेबाजी और गेंदबाजी में असाधारण प्रदर्शन करना होगा।

रोहित ने सात मैचों में अब तक 181 रन बनाए हैं, इसमें एक अर्धशतक शामिल है। उनका औसत 25.86 और स्ट्राइक रेट 135.07 है। ने इस सीजन में अभी तक सात मैच खेले हैं। मुंबई को तीन मैचों में जीत और चार मैचों में हार मिली है। टीम अभी पॉइंट्स टेबल में सातवें नंबर पर काबिज है।

## एथलीटों का सड़कों पर उतरेत देखना दुखद : नीरज

नयी दिल्ली, 28 अप्रैल। भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के समर्थन में उतरते हुए शुक्रवार को कहा कि खिलाड़ियों को सड़कों पर देखना दुखद है और इन्हें जल्द से जल्द इंसाफ मिलना चाहिए। टोक्यो ओलंपिक 2020 के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज ने ट्वीट किया, ''हमारे एथलीटों को न्याय के लिए सड़कों पर उतरते देखना दुखद है। उन्होंने हमारे महान देश का प्रतिनिधित्व करने और हमें गौरव दिलाने के लिए कड़ी मेहनत की है।'' उन्होंने कहा, ''एक राष्ट्र के रूप में हर व्यक्ति की अखंडता और गरिमा की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है, चाहे वह एथलीट हो या न हो। जो हो रहा है।

# मोहाली में शिखर की वापसी, पहले लखनऊ करेगी बल्लेबाजी

मोहाली 28 अप्रैल। पंजाब सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुक्रवार को यहां खेले जाने मुकाबले में टास जीत कर मेहमान लखनऊ सुपर जायंट्स को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया।

लखनऊ और पंजाब ने अब तक सात सात मैच खेले है जिनमें से हर एक को चार मैचों में जीत मिली है और दोनो के आठ अंक है लेकिन बेहतर रन औसत के कारण लखनऊ की स्थिति पंजाब से फिलहाल बेहतर है। आज के मैच में गेंदबाजों में लखनऊ के आवेश खान और रवि विश्नोई पर प्रशंसकों की निगाहें होंगी जबकि अच्छे स्कोर का दामोमदार कप्तान केएल राहुल और काइल मेयर्स पर निर्भर करेगा वहीं पंजाब के अर्शदीप और कैसीडो रबाडा की गेंदो से मेहमान लखनऊ को निपटना होगा।

शिखर धवन की वापसी निसंदेह पंजाब को मजबूती प्रदान करेगी। चोट के कारण पिछले दो मैचों में टीम से बाहर रहे कप्तान शिखर धवन की इस मुकाबले में वापसी हुयी है। उन्होने कहा मेरा कंधा अब काफी बेहतर है और दर्द से भी राहत है। हम काफी खुश हैं। हमारे पास सात मैच आगे हैं। उम्मीद है कि हम उनमें से अधिकांश जीतेंगे और आसानी से क्वालीफाई कर लेंगे। केएल राहुल का कहना है कि मोहाली के मैदान पर ओस अहम भूमिका निभाती है, इसलिए टीमें पहले गेंदबाजी करना चुनती हैं। हम अंतिम एकादश में परिवर्तन नहीं कर रहे हैं।

# जोरदार लेपर्ड्स ने जीती डिवीजनल चैम्पियंस लीग की विजेता ट्रॉफी

लखनऊ, 28 अप्रैल। मैन ऑफ द मैच पवन कुमार (76) की अगुवाई मे शानदार बल्लेबाजी के चलते ज़ोरदार लेपर्ड्स ने डिवीज़नल चैंपियंस लीग के फाइनल में दिलकश टाइगर्स को सात विकेट से हराकर विजेता ट्राफी अपने नाम कर ली। पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वाधान में ऐशबाग रेलवे स्टेडियम पर शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में ज़ोरदार लेपर्ड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। दिलकश टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 154 रन का स्कोर बनाया।

## दृष्टि बाधित महिला टी-20 में नेपाल ने भारत को हराया

काठमांडू, 28 अप्रैल। बिनीता पुन और मनकेशी चौधरी के बीच पहले विकेट की 186 रन की साझेदारी से नेपाल ने यहां दृष्टिबाधित महिला टी20 के रोमांचक मुकाबले में भारत को नौ विकेट से हरा दिया। मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे मैच में भारत द्वारा दिये गये 214 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए नेपाल ने अपनी पारी की अंतिम गेंद पर विजयी रन बनाकर मैच का नजारा पेश कर दिया। इस जीत के साथ नेपाल ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। नेपाल की कप्तान भगवती भट्टारी ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भारत ने अपने 20 ओवरों में पांच विकेट में 213 के प्रभावशाली स्कोर पर पारी समाप्त की। भारतीय बल्लेबाजों की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने सात ओवर के अंदर चार विकेट गंवा दिए। बाद में कप्तान सुषमा पटेल और उप-कप्तान गंगा ने पांचवें विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने स्वतंत्र रूप से भारत के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। सुषमा ने अपना अर्धशतक पूरा किया और 51 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 63 रन बनाकर नाबाद रहीं। सिमू ने सिर्फ 18 गेंदों में ताबड़तोड़ 46 रन बनाए और नाबाद रहे। आखिरकार नेपाल के लिए निशा चौधरी ने एक विकेट लिया।


**न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, नीमकाथाना जिला सीकर (राजस्थान)**

**श्रीमती माल कॅवर उम्र 72 वर्ष पत्नि श्री विजयसिंह जाति राजपूत निवासी कुम्हारान मौहल्ला, गोला, वाया खरवा, तहसील पीसांगन, अजमेर (राजथान) हाल निवासी छावनी, नीमकाथाना जिला सीकर (राजस्थान)** .....आवेदिका

बनाम

01. निदेशक, पेन्शन एवं पेन्शन वेल्फेयर विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर (राज.)
02. संयुक्त निदेशक, पेन्शन एवं पेन्शन वेल्फेयर विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, अजमेर
03. उपकोषाधिकारी, उपकोष कार्यालय, ब्यावर जिला अजमेर (राजस्थान)
04. शाखा प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा ब्यावर जिला अजमेर (राजस्थान)
05. हर खास व आम .....अनावेदकगण

मुकदमा नं. 05/2023 तारीख दर्ज-09.03.2023
तारीख पेशी-06.05.2023

**इश्तिहार**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जा रहा है कि आवेदिका के पति मृतक विजयसिंह पुत्र श्री प्रतापसिंह, जाति राजपूत निवासी गोला, तहसील ब्यावर, जिला अजमेर (राजस्थान) के PPO नम्बर 851488 AJ(R) के द्वारा फेमिली पेन्शन एवं भारतीय स्टेट बैंक, शाखा ब्यावर जिला अजमेर में संधारित बचत खाता सं. 11053582075 में जमा राशि प्राप्त करने के लिये आवेदिका द्वारा न्यायालय के समक्ष अपने हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस सम्बन्ध में किसी को कोई उज्र हो तो दिनांक 06.05.2023 को समय 8.00 ए.एम. पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर न्यायालय के समक्ष अपने उज्रात प्रस्तुत करें। उक्त तिथि या समय पर किसी के भी हाजिर नहीं होने पर प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। इश्तिहार आज दिनांक 21.04.2023 को स्वहस्ताक्षरित एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(मोहर)

**आज्ञा से-प्रस्तुतकार**
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, नीमकाथाना**


## श्रीलंका के खिलाफ आयरलैंड की पारी और दस रन से हार

गॉल, 28 अप्रैल। निशांत मधुशका (205) और कुशाल मेंडिस (245) के शानदार दोहरे शतकों के बाद रमेश मेंडिस (64 रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी की मदद से श्रीलंका ने शुक्रवार को आयरलैंड की दूसरी पारी को 202 रन पर समेट कर पारी और 10 रन द्वहली पारी में 492 रन बनाये जिसके जवाब में श्रीलंका ने अपनी पहली पारी तीन विकेट पर 704 रन बना कर घोषित कर दी और आयरलैंड की दूसरी पारी को 202 रनों पर निपटा कर मेहमान टीम को टेस्ट श्रृखंला में सूपडा साफ कर दिया। युवा फिरकी गेंदबाज प्रभात जयसूर्या ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया और उन्होने दूसरी पारी में दो विकेट हासिल करने के साथ सात मैचों में 50 विकेट लेने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले टेस्ट में स्पिन गेंदबाज द्वारा सबसे कम मैच में 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के अल्फ वेलेंटाइन के नाम था। उन्होंने आठ मैचों में यह कारनामा किया था। श्रीलंका के लिए असिथा फर्नांडो ने 30 रन देकर तीन विकेट लिये।

# जयपुर में राजस्थान एनपीसी चैम्पियनशिप का आयोजन

### प्रदेशभर से बॉडी बिल्डर भाग लेंगे




जयपुर, 28 अप्रेल। जयपुर में 21 मई को न्यूट्रिशन सपोर्ट राजस्थान एनपीसी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रो क्वालीफायर लीग है। इसमें भाग लेकर एथलीट 16 से 18 जून को दिल्ली में होने वाले प्रो शो के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं। वहीं जयपुर में एनपीसी चैंपियनशिप का आयोजन इंडियन फिजिक्स रिलायंस के राजस्थान हेड अरुण सिंह करेंगे। उन्होंने बताया कि 21 मई को होने वाले इस कंपटीशन का शुक्रवार को जयपुर में पोस्टर लांच किया गया। कंपटीशन के कैटेगरी में मैंस फिजिक्स, मेंस क्लासिक फिजिक्स, जूनियर बॉडी बिल्डिंग और जूनियर फिजिक के साथ वूमेन फिजिक्स कैटेगरी भी रहेंगे। कंपटीशन में प्रदेशभर से एथलीट आएंगे जो राजस्थान एनपीसी ट्रायल के लिए पार्टिसिपेट करेंगे। वहीं अन्य प्रदेशों से आने वाले एथिलीट प्रो शो क्वालीफायर के लिए पार्टिसिपेट करेंगे। कार्यक्रम के दौरान पंकज बत्रा, गगन, केशव, आशीष, प्रमोद कुमार, आशीष यादव, तनिष्क चौधरी, विनोद सिंघानिया और जतिन मौजूद रहे।

# कोहली को अंपायर पर आया गुस्सा

## हर्षल-सिराज ने छोड़े आसान कैच, वेंकटेश की डाइव ने पलटा मैच

बेंगलुरु, 28 अप्रेल। इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 21 रन से हरा दिया। से जेसन रॉय ने फिफ्टी लगाई, वहीं 3 विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती प्लेयर ऑफ द मैच रहे। से फिफ्टी लगाने वाले विराट कोहली वेंकटेश अय्यर के डाइविंग कैच के पकड़ने के बाद आउट हो गए। हर्षल पटेल और मोहम्मद सिराज ने आसान से कैच छोड़े। में बचे जेसन रॉय ने 5 गेंदों पर 4 छक्के लगाए और बेंगलुरु के विजय कुमार वैशाख ने 5 ही गेंदों में दोनों ओपनर्स के विकेट झटके। मैच के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स इस खबर में हम जानेंगे।

कोलकाता नाइट राइडर्स के ओपनर जेसन रॉय ने 29 गेंद पर 56 रन बनाए। लेकिन पारी के पांचवें ओवर में वह अपील में बच गए थे। बेंगलुरु के हसरंगा ने ओवर की चौथी बॉल फुलर लेंथ गूगली फेंकी। बॉल रॉय के पैड पर लगी, लेकिन अंपायर ने नॉटआउट करार दिया। बेंगलुरु ने लिया, लेकिन रॉय यहां भी बच गए।




रॉय ने इस मौके को भुनाया और अगले ही ओवर में शाहबाज अहमद की 5 गेंदों पर 4 छक्के लगा दिए। इस ओवर के बाद कोलकाता का स्कोर 66 रन हो गया। कोलकाता ने ओपनर्स की मजबूत पारियों के दम पर 83 रन जोड़ लिए थे। बेंगलुरु के विजय कुमार वैशाख ने 10वें ओवर में नारायण जगदीसन को आउट कर पहले तो साझेदारी को तोड़ा। फिर इसी ओवर में आक्रामक जेसन रॉय को भी बोल्ड कर दिया।

वैशाख के बाद वनिंदु हसरंगा ने भी पारी के 18वें ओवर में 3 गेंदों पर 2 विकेट लिए। उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर सेट बैटर नितीश राणा और चौथी गेंद पर वेंकटेश अय्यर को कैच आउट कराया। कोलकाता के खिलाफ बेंगलुरु ने ग्राउंड फील्डिंग तो ठीक की, लेकिन 2 आसान से कैच छोड़ दिए। 13वें ओवर में वैशाख ने ऑफ स्टंप पर स्लोअर बॉल फेंकी। नितीश राणा ने लॉन्ग ऑफ पर शॉट खेला, लेकिन मोहम्मद सिराज ने आसान सा कैच छोड़ दिया। पारी के 15वें ओवर में फिर सिराज ने बाउंसर फेंकी। राणा ने पुल शॉट खेला, बॉल लॉन्ग लेग पर हर्षल पटेल के हाथ में चली गई। लेकिन हर्षल ने भी आसान सा कैच छोड़ दिया। राणा आखिरी में 21 गेंदों पर 48 रन बनाकर आउट हुए। इस सीजन के पावरप्ले में 7 विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज कोलकाता के खिलाफ शुरुआती ओवरों में एक भी विकेट नहीं ले सके। लेकिन अपने स्पेल की आखिरी गेंद पर आंद्रे रसेल को बेहतरीन यॉर्कर पर बोल्ड कर दिया। 19वें ओवर में आउट होने वाले रसेल बेंगलुरु के खिलाफ 2 गेंद पर एक ही रन बना सके।

201 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बेंगलुरु को विराट कोहली और महिपाल लोमरोर ने जीत की उम्मीद दी थी। लेकिन पारी के 13वें ओवर में कोहली ने आंद्रे रसेल की गेंद पर पुल शॉट खेला। बॉल डीप मिड-विकेट की ओर गई, जहां वेंकटेश अय्यर ने डाइव मारकर बेहतरीन कैच पकड़ लिया। कोहली 54 रन बनाकर आउट हो गए और अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उनके आउट होने के बाद टीम 47 गेंदपर 86 रन नहीं बना सकी।


**गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय**
**बाँसवाड़ा-327001 (राज.)**

क्रमांक : एफ 1 (1) गोगुजवि/स्था/2023/ 178 दिनांक : 27.04.2023

**विज्ञप्ति संख्या-02/2023**

विश्वविद्यालय में विभिन्न 10 टीचिंग एसोसिएट पदों के लिये संविदा पर पूर्णतया अस्थाई आधार पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | विषय | स्वीकृत पद | क्र.सं. | विषय | स्वीकृत पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Botany | 1 | 6. | Geography | 1 |
| 2. | Chemistry | 1 | 7. | Law | 1 |
| 3. | Civil Engineering | 1 | 8. | Management | 1 |
| 4. | Commerce | 1 | 9. | Yoga | 1 |
| 5. | Computer Science | 1 | 10. | Zoology | 1 |

नोट :- 1. आवेदन पत्र दिनांक 28.04.2023 से 27.05.2023 रात्रि 12.00 बजे तक वेबसाइट https://recruitment.ggtuexam.com/ पर ऑनलाइन भरे जा सकेंगे।
2. विस्तृत विज्ञप्ति एवं भर्ती से संबंधित अन्य जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://ggtu.ac.in/ पर Teaching Associate Contractual Recruitment Link को क्लिक करने पर देखी जा सकती है।

**कुलसचिव**

## संक्षिप्त

### सीता देवी को राशन कार्ड मिला

**टोंक,** (ताज भारती)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर आयोजित किए जा रहे महंगाई राहत कैंप, प्रशासन गांवों के संग अभियान से लोगों को बड़ी सहूलियत मिल रही है। प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत मालपुरा उपखंड की नगर ग्राम पंचायत में आयोजित कैंप में सीता देवी भील के आधार और जन-आधार में त्रुटियों को दूर कर तत्काल राशन कार्ड जारी किया गया। सीता देवी भील ने बताया कि उनके आधार और जनाधार कार्ड में त्रुटियां थी, जिनके कारण उन्हें राशन कार्ड बनवाने में लंबे समय से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने महंगाई राहत कैंप में आकर अधिकारियों के समक्ष अपनी वर्षों पुरानी समस्या रखी और मदद की गुहार लगाई। इस पर उपखंड अधिकारी महिपाल सिंह तथा विकास अधिकारी सतपाल कुमावत ने कैंप में मौके पर ही उनके आधार, जनाधार कार्ड में संशोधन किया और नया राशन कार्ड देकर राहत प्रदान की। साथ ही, महंगाई राहत कैंप में जन-कल्याणकारी योजनाओं में भी पंजीकरण कर लाभ पहुंचाया। सीता देवी के लिए असंभव लगने वाला काम तुरंत हो गया। इस पर उन्होंने शिविर में मौजूद समस्त अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को धन्यवाद दिया।

### चेक अनादरण के आरोपी को 1 वर्ष का कारावास

**श्रीमाधोपुर।** स्थानीय अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट दिलीप सैनी ने गुरुवार को सुनाए गए अपने एक निर्णय में चेक अनादरण के एक आरोपी को एक वर्ष के कारावास से दंडित किया है तथा चेक राशि 75 हजार रूपए के लिए 95 हजार भुगतान करने के आदेश दिए हैं प्रकरण के अनुसार परिवादी प्रेम प्रकाश पुत्र कजोड़ मल निवासी वार्ड नंबर 25 पुष्प नगर ,श्रीमाधोपुर से अपनी घरेलू आवश्यकताओं के लिए आरोपी दिलीप कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी नई जयराम का वाली ढाणी नर्सरी के पास ,नांगल भीम रोड श्रीमाधोपुर ने माह जुलाई 2017 को 75 हजार रुपए नकद उधार लिए थे। इस उधार ली गई रकम 75 हजार रुपए के भुगतान की एवज में आरोपी ने परिवादी को एक चेक अपने बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा श्रीमाधोपुर का दिनांक 22 अक्टूबर 2018 को देय का दिया था। परिवादी ने इस चेक को संबंधित बैंक में लगाया जो 23 अक्टूबर 2018 को बाउंस हो गया। इस पर परिवादी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी दिलीप कुमार को 25 अक्टूबर 2018 को विधिक नोटिस भिजवाया। इस पर भी आरोपी ने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया तो आरोपी के खिलाफ परिवादी प्रेम प्रकाश ने न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने चेक राशि 75 हजार रुपए के भुगतान के लिए 95 हजार रुपए देने व एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई । परिवादी की ओर से एडवोकेट अमित कुमार ठठेरा ने पैरवी की।

### राजेंद्र बैरवा को उपाधि मिली

**टोंक।** जिले के चिरोंज निवासी राजेंद्र बैरवा को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय बिहार की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने "इन्फ्लुएंस ऑफ ट्रैश ट्रीटमेंट्स ऑन सॉइल कार्बन एंड नाइट्रोजन इंडिसेज अंडर सुगरकेन प्लांट रेटून सिस्टम" विषय पर किए गए अपने शोध में गन्ने के अवशेष का मृदा कार्बन और नाइट्रोजन पर प्रभाव का अध्ययन किया है। बैरवा ने यह शोध कार्य डॉ. सी. के. झा के निर्देशन में किया है।

### सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी

**सांभरझील।** यहां वाल्मीकि समाज की ओर से सफाई कर्मियों की भर्ती के मामले में संशोधित विज्ञिप्त जारी नहीं करने का विरोध जताते हुए चौथे दिन भी लगातार हड़ताल रखी गई। सफाई कर्मियों ने बताया कि राजस्थान सरकार ने 2023 बजट में 30000 सफाई कर्मचारियों की भर्ती घोषणा की थी , जिसमे स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान द्वारा 13164 रिक्त पदों पर विज्ञिप्त जारी की गई थी। जिसका प्रदेश भर में विरोध वाल्मीकि समाज द्वारा किया जा रहा है। यह भर्ती आरक्षण पद्धित के माध्यम से की जा रही थी जो कि वाल्मीकि समाज के हितों पर कुठाराघात है। सांभर नगरपालिका के सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन सफाई कार्य बन्द कर रखा है। शुक्रवार वाल्मीकि समाज के सभी सफाई कर्मचारियों ने सर, और हाथ पर काली पट्टी बांधकर के इस भर्ती का विरोध किया।

# नवगठित ग्राम पंचायत रूंध के महंगाई राहत शिविर में ग्रामीणों ने पहुंच कार्ड प्राप्त किया


ग्राम पंचायत रूंध के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में महंगाई राहत शिविर का आयोजन हुआ।

**बहरोड़/ मुंडावर।** मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के नवगठित ग्राम पंचायत रूंध के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में दूर तक टेंट लगाकर पूरी तैयारी से राज्य सरकार के प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत दो दिवसीय कैंप की शुरुआत होने से ततारपुर के नजदीकी गांवों के लोगों ने महंगाई राहत शिविर में पहुंचकर नामांकन कराने के साथ ही कार्ड प्राप्त किए।

मुंडावर उपखंड अधिकारी पंकज बड़गूर्जर के नेतृत्व में रूंध के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित महंगाई राहत शिविर में पहुंचे मुंडावर विधानसभा क्षेत्र में कृषि भूमि हेतु नहर लाने के नेतृत्वकारी पूर्व प्रधान रोहिताश्व चौधरी एवं राजू खटीक, बाबूलाल हुड्डा, एडवोकेट संतराम, रमेश सेन, ताहिर खान एवं सूर्य देव के द्वारा महंगाई राहत कैंप में पहुंचकर ततारपुर, कुशालबास, नारेडी आदि ततारपुर के आस-पास के गांव के लोगों द्वारा कैंप में पहुंचने की जानकारी ली तथा राज्य सरकार की प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत आयोजित कैंप का जायजा लिया। वहीं राज्य सरकार की आधारशील योजनाओं के लिए उत्साहवर्धन कर कैंप में कार्ड वितरित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार प्रकट कर शिविर में पहुंचे प्रशासनिक एवं सहयोगी कर्मचारियों तथा अधिकारियों का क्षेत्र के लोगों के उत्साहवर्धन एवं सहयोग की सराहना की। वहीं मुंडावर उपखंड अधिकारी पंकज गूर्जर ने बताया कि मुंडावर पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारियों सहित तहसीलदार रजनी यादव एवं उपखंड स्तरीय सभी विभागों के प्रतिनिधि एवं महंगाई राहत शिविर में आसपास के क्षेत्रों से पहुंचने वाले लोग मौजूद रहे।

## कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे आज से

**टोंक।** राजस्थान राज्य मंत्रालय कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन शाखा टोंक से जुड़े नगर परिषद टोंक के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी 29 अप्रेल से सामूहिक अवकाश पर जाने की घोषणा की है।

राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन के अध्यक्ष नाथूलाल चांवरिया व महामंत्री कन्हैयालाल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 सितंबर 2021 को राज्य सरकार एवं महासंघ के साथ हुए लिखित समझौते की पूर्ण पालना नहीं होने एवं 3 फरवरी को बजट पूर्व ध्यानाकर्षण महारैली के माध्यम से मंत्रालय कर्मचारियों की पीड़ा अवगत कराने के बावजूद महासंघ की महत्वपूर्ण वित्तीय मांगों को बजट घोषणाओं में भी उपेक्षित रखने से मंत्रालय कर्मचारियों का महा-आंदोलन 10 अप्रैल से अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश के साथ शुरू हो चुका है। राजस्थान राज्य मंत्रालय कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर नगर परिषद टोंक कार्यालय के समस्त मंत्रालय कर्मचारी 29 अप्रेल से अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर रहेगें तथा जयपुर में 17 अप्रैल से चल रहे महापड़ाव में सम्मिलित होंगे। जिलाध्यक्ष चांवरिया ने बताया कि नगर परिषद के सभी मंत्रालयिक कर्मचारियों के अवकाश का प्रार्थना पत्र जिला कलेक्टर, नगर परिषद सभापति एवं आयुक्त को दे दिये गये है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

**खुली ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक इंजीनियरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। (1) निविदा संख्या/ कार्य का नामः इंजी./जय/2023-24/20(S), सहायक मंडल इंजी./मुख्यालय/III/जेपी दो साल (दो पैकेट सिस्टम) के तहत रहने योग्य स्थिति प्रदान करने के लिए रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। अनुमानित लागतः ₹ 11936724/-, बयाना राशिः ₹ 209700/- (1) उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड- मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। (2) निविदा इंजी./जय/2023-24/20(S) की बन्द होने की तिथि 17.05.2023 समय 15.30 बजे एवं खुलने की तिथि 17.05.2023 समय 16.00 बजे।

448-DP/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**Stock Holding Corporation Of India Ltd.**

Regd Office : 301, Centre Point, Dr. Babasaheb Ambedkar Road, Parel, Mumbai-400012 | CIN : U67190MH1986GOI040506

**NOTICE FOR INVITING APPLICATIONS FOR PROVIDING OUTSOURCED MANPOWER SERVICES**

Stock Holding Corporation of India Limited invites applications in a prescribed format from reputed and experienced Service Provider for providing Outsourced Manpower Services for non-core activities for a period of three years for its offices located at Rajasthan & Madhya Pradesh. The Service Provider may download e-Tender Document from our website: https://corporate.stockholding.com/tenders/ and https://stockholding.auctiontiger.net/EPROC/.

Further, Corrigendum / Addendum with regard to this advertisement, if any, shall be uploaded only on our website https://corporate.stockholding.com/tenders/ and https://stockholding.auctiontiger.net/EPROC/

Last date for online submission of bids is 22 May 2023 till 12:00 pm. Stock Holding reserves the right to accept or reject any or all other applications without assigning any reason.

For any queries e-mail: etender.rajmp@stockholding.com


## सैनी समाज के लोगों ने भरतपुर के लिए कूच किया

**कोटपूतली।** सैनी आरक्षण संघर्ष समिति के तत्वाधान में सैनी समाज के अग्रिम संगठनों द्वारा सैनी, माली, मौर्य, शाक्य, कुशवाहा समाजों के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण समेत विभिन्न 11 सुत्रीय माँगों को लेकर भरतपुर के अरोदा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाकर चक्का जाम प्रदर्शन किया जा रहा है।

आन्दोलन को लेकर स्थानीय सैनी सभा भवन पर सैनी आरक्षण संघर्ष समिति के तत्वाधान में करीब दो दर्जन सैनी समाज के लोग एकत्रित हुए। इस दौरान धरना स्थल के लिए राशन, फल व सब्जी की गाडियों के साथ-साथ धरने में भाग लेने के लिए सैनी समाज के लोगों को संस्था अध्यक्ष राकेश सैनी द्वारा रवाना किया गया।

जो कि आन्दोलन में कोटपूतली की तरफ से भाग लेते हुए आरक्षण का शंखनाद करेगें। संस्था अध्यक्ष राकेश सैनी ने बताया कि राज्य सरकार अगर सैनी समाज की मांगे नहीं मानती है तो प्रदेश संघर्ष समिति के निर्देशानुसार आगे की रणनीति बनाई जायेगी।

अगर सम्पूर्ण प्रदेश में चक्का जाम या आन्दोलन किया जाता है तो सैनी समाज द्वारा कोटपूतली में भी चक्का जाम प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान संघर्ष समिति के स्थानीय संयोजक हनुमान प्रसाद सैनी, सभा अध्यक्ष राकेश सैनी, एड. अशोक सैनी, जगदीश खेमजी, नारेहड़ा सैनी समाज अध्यक्ष नानकराम सैनी, रतन लाल सैनी, रामस्वरूप, प्रदीप, रोहिताश, योगेश, रामसिंह, नत्थुराम, प्रमोद गुरूजी, महेश सैनी, रमन सैनी, विक्रम सैनी, अमित, मथुरा प्रसाद, कृष्ण, प्रकाश सैनी, हरिराम, राहुल सैनी, रवि, मनोज आदि सैनी समाज के लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने रूकवाया बाल-विवाह

**मालपुरा,** (निस) लाम्बाहरिसिंह थाना क्षैत्र के बागडी गांव में बाल-विवाह होने की मिली सुचना पर पहुंची थाना पुलिस ने बाल-विवाह रूकवा परिजनों को पाबंद किया। थानाधिकारी भागीरथ सिंह ने बताया कि बाल-विवाह रोकथाम के लिए बनाये जिला नियंत्रण कक्ष से बागडी गांव में गोपाल जाट के यहां नाबालिग पुत्र का बाल-विवाह होने की मिली सुचना पर तत्काल पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंच जांच की तो सूचना सही पाई गई।

गोपाल जाट के पुत्र की शादी ग्राम माधोनगर उर्फ खेडिया निवासी नन्दा जाट की लडकी के साथ 29 अप्रेल को शादी होनी थी। शुक्रवार को शादी से पूर्व सामाजिक प्रतिभोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। पुलिस टीम ने प्रतिभोज कार्यक्रम व बाल-विवाह रूकवा परिजनों को पाबंद किया गया तथा वधु पक्ष के सम्बंध मे पचेवर थाना पुलिस को कार्यवाही के लिए सुचना दी गई।

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी

**टोंक।** गैर वाल्मीकि समाज के नियमित सफाई कर्मचारियों से सफाई कार्य करवाने सहित अन्य मांगों को लेकर टोंक में सफाईकर्मियों की शुक्रवार को तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रहने से शहर में कुड़े-कचरा का अम्बार लग गया है। इधर नगर परिषद द्वारा गैर वाल्मिकी नियमित सफाई कर्मचारियों को अपने मूल पद पर लौटने के दिये गये आदेशों के बावजूद अभी तक वह काम पर नही लोटे है।

ऐसे में अब उनके खिलाफ परिषद विभागीय कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। उधर बाबा साहेब अबेंडकर सर्किल पर शुक्रवार को तीसरे दिन भी वाल्मीकि समाज के नियमित सफाई कर्मचारी धरने पर बैठे हुये है। शहर में सफाई व्यवसथा ठप्प होने से बाजार व गलियों में कचरे के ढेर लग गये है। जिनके उठाव के लिये परिषद द्वारा कोई वैक्लिपिक उपाय नही किये जाने से आम लोग परेशान हो रहे है। टोंक नगर परिषद में 443 सफाईकर्मी है। इनमें 49 गैर वाल्मीकि समाज के हैं। गैर वाल्मीकि समाज के सफाईकर्मी प्रतिनियुक्ति पर अन्य विभागों में लगे हुए हैं। ये अभी सफाई कार्य नहीं कर रहे हैं।


**कार्यालय पंचायत समिति बाडी ( धौलपुर )**

क्रमांक/पं.स.बा./लेखा/ई.नि./2023/51-56 दिनांक:27.04.2023

**ई-निविदा सूचना 9/2023-2024**

पंचायत समिति परिक्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरेह, अजीतपुर, सहेडी, नकसौदा, टौटरी, गढीखिसना, बुदिन्ना, रूर्धेरा, मत्सूरा में महानरेगा तथा ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत प्रत्येक ग्राम पंचायत 100.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत अनुभवी फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 08.05.2023 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिनके UBN No. क्रमशः ZDH2324GLOB00151-59 है। विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan. gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

विकास अधिकारी
पंचायत समिति बाडी


## मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर 38 वें दिन भी जारी रहा आंदोलन

**मालपुरा** (निस) मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बनाओं कोर कमेटी के बैनर तले शुरू किया गया आंदोलन शुक्रवार को 38वें दिन भी जारी रहा तो गांधी पार्क में 12 दिनो से अनशन व धरने पर बैठे युवक अंकित टांक उर्फ अन्ना उर्फ अन्नपूर्णा बाबा के धरनास्थल पर पहुंचे राज्यमंत्री जोगीन्द्र सिंह अवाना ने युवक की कुशलक्षेप पूछते हुए कहा कि रियासत काल मे कमिश्नरी बने व उपखण्ड मुख्यालय का दर्जा पाने के साथ-साथ जिला मुख्यालय बनने की सभी मापदण्डों को पूर्ण करने के बावजूद आज तक जिला नही बनने के पीछे यदि कोई कारण रहा तो वो रहा स्थानीय जनप्रतिनिधि की उदासीनता।

अवाना ने कहा कि दूदू जैसा गांव जिला बन सकता है तो सर्व गुण सम्पन्न मालपुरा जिला क्यों नही बन सकता। 19 मार्च को विधानसभा मे मुख्यमंत्री द्वारा नवीन जिला की कि गई घौषणा पर कांग्रेस के ही विधायक व राज्यमंत्री सहित देवनारायण बोर्ड के चैयरमेन अवाना ने दूदू पर कटाक्ष कर अपनी ही सरकार के मुखिया की घोषणाओं पर निशाना दागा।

अवाना ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिलो की घौषणा से पूर्व रामलुभाया कमेटी का गठन कर सभी विधायको से फिडबैक लेने के बाद ही जिलो की घौषणा की लेकिन मालपुरा विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने एक बार भी ना तो विधानसभा मे और ना ही रामलुभाया कमेटी के समक्ष मालपुरा को जिले की मांग तक नही उठाई। मालपुरा विधायक एक व्यापारी है जिसे अपने व्यापार से ही फुर्सत नही है। मालपुरा जिला बने तो बढिया नही बने तो बढिया अर्थात अपना काम बनता भाड में जाए जनता की सोच के चलते ही आज मालपुरा जिला बनने से वंचित रहा है। अवाना ने मालपुरावासियों द्वारा चलाया जा रहै आंदोलन व अनशन पर बैठे युवक की भावना से मुख्यमंत्री को अवगत करवा जिला बनाने की पैरवी करने का विश्वास दिलाया। अवाना के इस आश्वासन के बाद विधानसभा क्षैत्रवासियो मे एक बार फिर से जिला बनने की उम्मीदों की किरण नजर आई है। आंदोलन की इस कडी में जिला बनाओं कोर कमेटी के प्रतिनिधिमंडल मे शामिल एडवोकेट रवि कुमार जैन, जतन लाल जाट,सुरेश शर्मा, कमल जैन,पवन मैन्दवास्या, डॉ. जीएल शर्मा, एडवोकेट विवेक व्यास,शत्रुध्न शर्मा,ने मुख्यमंत्री के प्रमुख शासन सचिव कुलदीप रांका से मिल मालपुरा के इतिहास व जिला बनने के मापदण्डो की तथ्यात्मक रिपोर्ट ज्ञापन के रूप मे सौंप मालपुरा को जिला बनाने की मांग की।

## 'राजस्थान में बदलाव निश्चित है'

**पावटा।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा में खोरी मोड़ और विराटनगर के आंतेला में शुक्रवार को भाजपा बूथ अध्यक्षों, शक्ति केन्द्र प्रमुखों, प्रभारियों और पन्ना प्रमुखों की बैठक आयोजित हुई। बैठक को महामंत्री संगठन चन्द्रशेखर, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह सहित कई नेताओं ने सम्बोधित किया।

इस दौरान कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में बदलाव आना निश्चित है लेकिन बदलाव हमसे हो और ऐसा बदलाव हो कि फिर राजस्थान पीछे मुडकर नहीं देखे। उन्होंने कहा हम सब अस्थाई है, अगर कोई स्थाई है तो वह है हमारी भारतीय जनता पार्टी और हमारी विचारधारा। कमल ही हम सभी कार्यकर्ताओं की निशानी है, भाजपा का एक एक कार्यकर्ता चाहता है कि हमारा देश, धर्म, संस्कृति और परिवार सुरक्षित रहे इसके लिए हमें भाजपा की विचारधारा को लगातार आगे बढ़ाना है।


**कार्यालय नगरपालिका, निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

रेल्वे स्टेशन के पास नीमच रोड़ निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ ( राज. )

E mail:-nagarpalika_nimbahera@yahoo.com (01477) 220042, 220435, 221115 (O) 220004 (R)

क्रमांकः- नपानि/स्टोर/2023-24/805 दिनांक:- 28.04.2023

**-:ऑन लाईन निविदा सूचना:-**

नगर पालिका निम्बाहेड़ा द्वारा पालिका सीमा क्षेत्र में टेन्ट सप्लाई एवं फिक्सिंग करने का कार्य, फ्लेक्स बैनर को फिक्सिंग करने का कार्य हेतु कार्य के लिए किसी भी विभाग में पंजीकृत, तकनीकी और आर्थिक रूप से मजबूत प्रतिष्ठान/ फार्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई- प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है । निविदा से संबंधित विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है जिसका NIB Code DLB2324A1021 पर भी देख सकते है एवं ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर Tender ID 2023_DLB_332236_1, 2023_DLB_332236_2 पर भी देख सकते है।

| | |
|---|---|
| कार्य निविदा के कार्य | कुल 02 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि 52.00 लाख रूपये |
| ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक | 26/04/2023 |
| ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक | दिनांक 08/05/2023 प्रात: 09.00 बजे तक |
| डी.डी./दस्तावेज जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 08/05/2023 दोपहर 12.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | दिनांक 08/05/2023 सांय 05.00 बजे |
| Unique Bid Number | DLB 2324SLRCO3208<br>DLB 2324SLRCO3209 |

( सुभाष चन्द्र शारदा )
अध्यक्ष
नगरपालिका निम्बाहेड़ा

( सौरभ कुमार जिंदल )
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका निम्बाहेड़ा


## महंगाई राहत शिविर लोगों के लिए ऐतिहासिक साबित होंगे : परसादी


चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने महंगाई राहत शिविर का निरीक्षण किया।

**लालसोट,**(निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा उपखंड मुख्यालय नगरपालिका में एवं वार्ड में संचालित मुख्यमंत्री महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन शहरों के संग शिविर का ओचक निरीक्षण किया गया । इसी तरह चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा रामगढ़ पचवारा क्षेत्र के कालुवास ग्राम पंचायत में चल रहे महंगाई राहत व प्रशासन गांव के संग अभियान का निरीक्षण किया गया।

महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन शहरों व गांवों के संग चल रहे अभियानों के औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा वहां पहुंचे लाभार्थियों से रूबरू होकर शिविरों में किए जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली गई.. इस कार्यक्रम के दौरान मौजूद लाभार्थियों को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा कहा गया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की विकासशील सोच पर आधारित यह मुख्यमंत्री व महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन शहरों व गांवों के संग अभियान आम लोगों एवं पात्र लाभार्थियों के लिए मील का पत्थर एवं ऐतिहासिक साबित होंगे।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की भाभी सोच का नतीजा है कि एक बड़ा तब का व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं एवं विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकेगा।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि वैसे तो लालसोट विधानसभा क्षेत्र के विकास में ना तो उनके द्वारा कोई कोर कसर छोड़ी गई ना ही मुख्यमंत्री द्वारा जो विकास के लिए मांगा उसके लिए कोई कमी छोड़ी गई है.. चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि इन शिविरों में पात्र लाभार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडा जाए एवं गांव ढाणियों में प्रचार प्रसार कर किसी भी पात्र लाभार्थी को इस शिविरों के दौरान लाभान्वित करने से अछूता नहीं छोडा जाना चाहिए.. शिविर के दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा कई लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड प्रमाण पत्र भी वितरण किए गए.. शिविर के दौरान एसडीएम विजेंद्र मीणा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी आर आई संतोष मीणा कनिष्ठ अभियंता बस राम मीणा पार्षद हिना मिर्जा इरफान खान रोहित पंसारी रामगढ़ पचवारा प्रधान डॉ कौशल्या मीणा खंड विकास अधिकारी प्रियंका मीणा ब्लॉक अध्यक्ष दीपक पुरोहित पार्षद जीतु बडाया खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ धीरज शर्मा आदि कई अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।


**कार्यालय पंचायत समिति मालपुरा-टोंक (राज.)**

क्रमांक-पसमा/लेखा/2023-24/393 दिनांक- 26.04.2023

**संशोधित निविदा सूचना संख्या 02 (2023-24)**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 01 (2023-24) पत्र क्रमांक 46 दिनांक 06.04.2023 द्वारा कार्यालय पंचायत समिति एवं महात्मा गांधी नरेगा में वर्ष 2023-24 हेतु विभिन्न सामग्री/सेवाओं की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी।


वर्तमान में दिनांक 11.04.2023 से मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के आव्हान पर सभी मंत्रालयिक कर्मचारियों के हडताल पर होने के कारण निविदा की तिथियों में संशोधित निविदा सूचना संख्या 01/2023-24 पत्रांक 236 दिनांक 18.04.2023 द्वारा संशोधन किया गया था। मंत्रालयिक कर्मचारियों के हडताल वर्तमान में भी जारी होने के कारण तिथियों में निम्नानुसार पुनः संशोधन किया जाता है।

| क्र. सं. | सामग्री/सेवा का विवरण | निविदा प्रपत्र प्राप्त/ डाउनलोड करने की अंतिम तिथि व समय | भरे हुए निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फोटोस्टेट कार्य | 08.05.2023 को सायं 6 बजे तक नकद/अथवा डीडी जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते है। | 09.05.2023 को दोपहर 12 बजे तक कार्यालय पंचायत समिति मालपुरा में जमा करवाया जा सकता है। | 09.05.2023 को दोपहर 2 बजे से निविदा कमेटी द्वारा खोली जावगी। |
| 2 | प्रिंटिंग कार्य | | | |
| 3 | कम्प्यूटर रिपेयरिंग व रिफिलिंग कार्य | | | |
| 4 | भोजन एवं नाश्ता व्यवथा | | | |
| 5 | हड्डी ठैका | हड्डी ठेके हेतु बोली 10.05.2023 को मध्यान्ह 11 बजे प्रारंभ की जावेगी जो बोली समाप्ति तक जारी रहेगी। धरोहर राशि 3500/- बोली प्रारंभ होने से पूर्व जमा करवाना अनिवार्य होगा। | | |

नोट-अन्य शर्ते एवं विस्तृत विवरण हेतु कार्यालय में अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB CODE- ZTN2324A0004
UBN CODE- ZTN2324SSOB00019 TO 00023

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, मालपुरा



*रोम के ट्रैवी फाउन्टेन में हर साल दस लाख यूरो से ज्यादा मूल्य के सिक्के फेंके जाते हैं। सन् 1762 में बना मार्बल का यह अद्भुत नमूना रोम के प्रमुख आकर्षणों में से एक है। परम्परा के अनुसार यहाँ आने वाले पर्यटक फाउन्टेन की तरफ पीठ करके दाहिने हाथ से बाएं कंधे के ऊपर से सिक्का उछालते हैं। मान्यता है कि, ऐसा करने से इस जगह वापस आने का मौका मिलता है। यह परम्परा 1954 में आई एक फिल्म ''थ्री कॉइन्स इन द फाउन्टेन'' की देन है। फिल्म में, रोम में रह रही तीन अमेरिकन महिलाएं रोम में अपना प्यार पाने की कामना से फाउन्टेन में सिक्के डालती हैं। फाउन्टेन में डाले गए सिक्कों को सक्शन मशीन से बाहर निकाला जाता हैं। कैरिटास नामक एक चैरिटी संख्या, जो कैथलिक चर्च द्वारा संचालित है, इन सिक्कों से गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करती है। इन पैसों से गरीबों के लिए नर्सिंग होम, कैन्टीन की सुविधा मुहैया कराई जाती है। बताया जाता है कि, ईसापूर्व उन्नीसवीं सदी में इस एक्वाडक्ट का नाम ट्रैवी नाम की एक खुबसूरत युवती के नाम पर रखा गया था, जो प्यासे सैनिकों को इसी स्थान पर मौजूद एक चश्मे के पास ले जाती थी। यह एक्वाडक्ट रोम और इसके अनेक स्नानागारों का मुख्य जल स्रोत था और इसी के ऊपर बाद में फाउण्टेन बना है। फाउण्टेन के बीच में सी हॉर्सेज़ के रथ पर सवार एक देवता की भी मूर्ति है। रोम के इतिहास में नैप्च्यून मीठे पानी के देवता हैं इसलिए माना जाता था कि, यह अवश्य ही नैपच्यून की मूर्ति होगी। परंतु यह ग्रीक गॉड ओशनस की मूर्ति है, जो यूनानी मायथॉलजी के अनुसार समुद्र का देवता है। इसके चारों तरफ सीहॉर्स और जलपरियों की मूर्तियाँ हैं। निकोला साल्वी द्वारा डिज़ाइन किए इस फाउण्टेन का निर्माण सन् 1732 में शुरु हुआ और 1762 में पूरा हुआ। यह फाउण्टेन अनेकों फिल्मों में दिखाया गया है। इतना ही नहीं, इसके साथ छेड़खानी की कोशिश भी हुई है। सन् 2007 व 2017 में इटली के एक एक्टिविस्ट ने भ्रष्टाचार के विरोध में फाउण्टेन के पानी में लाल रंग डाल दिया था। सन् 2012 में कड़ाके की ठंड की वजह से फाउण्टेन क्षतिग्रस्त हो गया था तब जून 2014 में फाउण्टेन को बंद करके इसकी मरम्मत की गई और जून 2015 में इसे पुनः शुरु किया गया।*

# पार्टी का सारा काम संगठन महामंत्री की मर्जी से होने की चर्चा

## प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी सिर्फ फोटो खिंचवाने तक सीमित?

जयपुर, 28 अप्रेल (का.सं.)। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में इन दिनों एक चर्चा जोरों पर हैं कि भाजपा में संगठन महामंत्री के बिना पत्ता भी नही हिलता है। कई कार्यकर्ता तो अपनी दबी हुई जबान से ये भी कहते हैं कि चंद्रशेखर ही भाजपा हैं। सियासी गलियारों में चर्चा है कि पार्टी के झंडे बैनर, होर्डिग्स, प्रिंटिग कार्य, अभियानों के बैनर जो भी सामग्री तैयार होती है, उनके टेंडर देने में संगठन महामंत्री की महत्वपूर्ण भूमिका की है। पार्टी के जिलों में जो कार्यालय बने और बनने वाले कार्यालयों के निर्माण कार्य, जमीन फाइनल करने से लेकर इत्यादि कार्यों में संगठन महामंत्री की टीम का ही प्रबंधन और निर्णय महत्वपूर्ण रहता है। अब कार्यकर्ताओं ने दबी आवाज से कह रहे हैं कि जयपुर में बनने वाले प्रदेश कार्यालय की जमीन देखने से लेकर और उसके निर्माण में लगने वाले बड़े बजट की चर्चा भी जोरों पर है, लेकिन देखने वाली बात ये है कि इसमें संगठन महामंत्री चंद्रशेखर की कितनी भूमिका रहती है।

- **चर्चा है कि, प्रदेश भाजपा में प्रदेश संगठन महामंत्री सर्वेसर्वा की भूमिका में आ चुके हैं, जो लगभग 6 वर्षों से संगठन महामंत्री हैं, जिनकी मर्जी के बिना अब पार्टी में पत्ता भी नहीं हिलता है।**
- **चर्चा में हैं कि, चंद्रशेखर का पार्टी के वित्तीय प्रबंधन में पूरा दखल था ही, साथ ही पार्टी के तमाम फैसलों में भी काफी दखल रहा, लेकिन मौजूदा हालात में संगठन महामंत्री इतने हावी हो गये हैं कि, पार्टी के हर फैसले में पूरा दखल कर लिया है, किसी की कुछ कहने, करने और आवाज उठाने की हिम्मत नहीं होती, ऐसे में पूरी प्रदेश भाजपा मौन रहती है।**

यहां तक कहा जा रहा है कि दिसंबर 2022 से लेकर लगभग फरवरी 2023 तक भाजपा जन आक्रोश यात्रा के लिये जिस एजेंसी से रथ मंगवाये गये थे, वह राजस्थान से बाहर की है। इनमें से काफी संख्या में रथ दिल्ली और उत्तरप्रदेश के नंबरों के थे। अब एक नई चर्चा और है कि भाजपा द्वारा राजस्थान के ट्विटर और फेसबुक पेजों को हैंडिल करने के लिये काफी महीनों पहले ही एक एजेंसी हायर की गई, और वह भी उत्तरप्रदेश की है। कार्यकर्ताओं का कहा है कि संगठन महामंत्री चंद्रेशखर की कार्यशैली से राजस्थान में संघ काफी नाराज है। कार्यकर्ता कहते हैं कि इनकी कार्यशैली की शिकायत पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व तक पहुंच चुकी है। प्रदेश भाजपा में ओबीसी, दलित और जनजाति वर्ग पूरी तरह साइडलाइन हो गया हैं। दिल्ली के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के बारे में केन्द्रीय नेतृत्व को जो रिपोर्ट भेजी गई है, उसमें भी इन बड़े समुदायों का वोट बैंट भाजपा से दूर खिसकने का संकेत दिया गया है।

भाजपा संगठन के सर्वेसर्वा बने चंद्रशेखर के सामने मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्णय लेने की क्षमता पर भी प्रश्न उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि चंद्रशेखर पार्टी के मोर्चा और प्रदेश की टीम में परिवर्तन करने की जल्दी में हैं, ऐसे में चर्चा है कि कहीं उन्हें खुद को बदले जाने का संकेत मिल गये हैं?

पार्टी प्रदेश कार्यालय की अंदरूनी हकीकत की बात करें तो संगठन महामंत्री ने अपने कई खास लोगों को पार्टी प्रबंधन से जुड़े पदों पर बिठाया है, जो भाजपा प्रदेश कार्यालय के प्रबंधन में पूरा दखल रखते हैं, जिनके आगे प्रदेश पदाधिकारी भी मौन रहते हैं।

राजस्थान संगठन में तीन बड़े पदों पर बैठे लोगों के जातिगत-सामाजिक संतुलन की बात करें तो प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ब्राह्मण, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह राजपूत है, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ भी राजपूत हैं। ओबीसी-किसान, दलित और जनजाति वर्ग का संगठन के इन तीन बड़े पदों पर प्रतिनिधित्व नही होने की चर्चा है, और यह बात गांव-ढाणियों तक फैलती जा रही है, जिसका विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव पर बड़ा असर पड़ सकता है। जनाक्रोश सभाओं में कम लोगों का आना भी चर्चा का विषय बन गया है।

## 'मेरी मां ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के स्ट्रोक धीरे-धीरे उबर रही हैं। सिंह की लापरवाही और उपेक्षा इससे और भी पुष्ट होती है कि उन्होंने जयमाला को अपनी बहिन के घर भेज दिया था।''

एक बयान में उन्होंने कहा, मैं ऐसा अकेला व्यक्ति हूँ जिसने अपनी माँ के दाह संस्कार को लम्बित करने तथा उनके शव को मुरदा घर में सुरक्षित रखने का अनुरोध किया है। ऐसा करने का कारण यह तथ्य है कि जनवरी 2022 में मेरी श्रीनगर की अंतिम यात्रा के बाद, भारत सरकार ने मुझे ब्लैकलिस्ट कर दिया है। उसके बाद 13 फरवरी 2022 को मुझे ब्रिटिश पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया था, जब मैं जम्मू-कश्मीर की जनता की खातिर भारतीय उच्चायोग के सामने प्रदर्शन कर रहा था।''

अंकित ने आगे कहा, ''मैं लंदन-स्थित भारतीय उच्चायोग के प्रथम सचिव से व्यक्तिश: मिला हूँ तथा उनसे कहा है कि वे मुझ पर लगे प्रतिबंध रद्द करा दें तथा वे ऐसा कराने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।''

# कूनो के कुछ चीतों को राजस्थान के मुकुंदरा में स्थानांतरित करने पर विचार

## कूनो में एक माह के अंतराल में दो चीतों की मौत हो चुकी है। ऐसे में कुछ चीतों को दूसरे स्थान पर भेजने की चर्चाएं तेज हो गई हैं

मुरैना, 28 अप्रेल। मध्यप्रदेश में चंबल संभाग के श्योपुर जिला स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दक्षिण अफ्रीका से लाये गए चीतों को अब राजस्थान के मुकुंदरा राष्ट्रीय उद्यान में स्थानांतरण करने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

वन विभाग के एक आला अधिकारी के अनुसार हाल ही में एक माह के अंतराल में कूनो में दो चीतों की मौत हो चुकी है। ऐसे में कुछ चीतों को दूसरे स्थान पर भेजने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। वन विभाग ने 24 अप्रेल को राष्ट्रीय बाघ संरक्षक प्राधिकरण (एनटीसीए) को एक पत्र लिखकर चीतों के लिये वैकल्पिक स्थान की मांग भी की है।

- **पिछले माह मार्च में हुई चीता टास्कफोर्स की बैठक में राजस्थान के मुकुंदरा हिल्स उद्यान और गांधी सागर अभ्यारण्य में कुछ चीतों को शिफ्ट करने पर विचार विमर्श हो चुका था।**
- **इसमें मुकुंदरा उद्यान प्राथमिकता पर रखा गया था और यहां पर चीतों को बसाने के लिये सभी आवश्यक तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं।**

सूत्रों का कहना है कि, कूनो के कुछ चीतों को दूसरे स्थानों पर स्थानांतरित करना पहले से ही प्रस्तावित था। पिछले माह मार्च में हुई चीता टास्कफोर्स की बैठक में राजस्थान के मुकुंदरा हिल्स उद्यान और गांधी सागर अभ्यारण्य में कुछ चीतों को शिफ्ट करने पर विचार विमर्श हो चुका था। बैठक में सामने आया कि कूनो से कुछ चीतों को तत्काल भी शिफ्ट किया जाए तो मुकुंदरा हिल्स पूरी तरह से तैयार है।

वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि, दक्षिण अफ्रीका के चीतों के लिये राजस्थान के मुकुंदरा हिल्स उद्यान के साथ ही मध्यप्रदेश के गांधी सागर अभ्यारण्य को चिन्हित किया गया था। इसमें मुकुंदरा उद्यान प्राथमिकता पर रखा गया था और यहां पर चीतों को बसाने के लिये सभी आवश्यक तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं। वहीं गांधी सागर में व्यवस्थाएं जुटाने में करीब एक साल का समय भी लग सकता है। हालांकि कूनो से कितने चीते कब शिफ्ट होंगे ये निर्णय केंद्र सरकार को लेना हैं।

सूत्रों ने कहा कि, मध्यप्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक जेएस चौहान ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षक प्राधिकरण (एनटीसीए) को पूर्व में एक पत्र भी लिखा था जिसमें उनके विभाग ने चीतों के लिये वैकल्पिक स्थान का आग्रह किया था। कूनो राष्ट्रीय उद्यान के 748 वर्ग किलोमीटर में अधिकतम 20 से 21 चीतों को रखने की क्षमता है। इस लिहाज से 18 चीतों के लिये अभी पर्याप्त स्थान हैं। इसके लिये चीतों की संख्या कम करने की जरूरत है।

## 'अगर शिकायत...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

था कि वह हेट स्पीचेज़ के विरूद्ध कार्रवाई करने में विफल रही है।

जस्टिस के.एम. जोसफ और जस्टिस बी.वी. नागरत्ना की डबल बैंच ने आज अपने एक आदेश में कहा कि ''हम आगे यह स्पष्ट करते हैं कि हेट स्पीच देने वाले के धर्म का लिहाज ना करते हुए एक्शन लिया जाए, जिससे कि संविधान की प्रस्तावना में परिकल्पित भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र का संरक्षण किया जा सके।

याचिकाकर्ताओं ने सिफारिश की है कि प्रत्येक राज्य के लिए एक नोडल ऑफीसर नियुक्त किया जाए। इस पर बैंच ने प्रत्येक जिले में एक नोडल ऑफीसर का सुझाव दिया। याचिकाकर्ताओं ने आगे कहा कि हेट स्पीच को सोशल मीडिया से हटाने के लिए कोई प्रक्रिया तय करने की जरूरत है।

हेट स्पीच को लेकर केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व अन्य के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करने की याचिका में की गई मांग पर जस्टिस के.एम. जोसफ ने कहा कि इस बारे में लोअर कोर्ट के मजिस्ट्रेट ने माना था कि मंत्री के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करने के लिए स्वीकृति लेनी पड़ती है और हाई कोर्ट का भी ऐसा मानना था कि 156 (3) के लिए अनुमोदन जरूरी है।

बैंच ने कहा कि ''जजों का राजनीति से कोई लेना देना नहीं है तथा वे किसी ''ए'' अथवा ''बी'' पार्टी से संबंधित नहीं है। उनके ध्यान में एक ही बात रहती है और वह है भारत का संविधान।''

उसने कहा कि कोर्ट देश के विभिन्न हिस्सों में हुईं हेट स्पीचेज़ के विरूद्ध दायर याचिकाओं पर जनता की भलाई और कानून का राज सुनिश्चित करने को लेकर सुनवाई करता रहा है। विधि सम्मत शासन के प्रति जनता के विश्वास की बहाली को लेकर आज के आदेश का दीर्घकालीन असर होगा।

सुप्रीम कोर्ट इस प्रकरण पर अगली सुनवाई 12 मई को करेगा।

## पायलट खेमे के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मिलकर चलेंगे, सब मिलकर प्रयास सामूहिक प्रयास करेंगे, तब ही कांग्रेस पार्टी दोबारा सत्ता में आ सकती है।

पायलट समर्थक सोलंकी ने कहा कि पार्टी छोड़ने की बातें तो ऐसे ही चलती रहती हैं, लेकिन जिन लोगों से सरकार बन सकती है, जिनके चेहरे पर वोट मिलते हैं, उन लोगों को आगे लाना चाहिए। उन लोगों को जनता के सामने पेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ''जनता सब जानती है। यह पब्लिक है, सब जानती है। समय पर सबका जवाब देती है, लेकिन वर्तमान समय में यह स्थिति है कि जिन लोगों के पीछे सरकार बनी थी, उन लोगों को आगे लाने का समय आ गया है। उन लोगों को आगे लाएं, मिलकर चलें, साथ चलें तभी सरकार दोबारा रिपीट कर सकते हैं।'' वेद प्रकाश सोलंकी ने शुक्रवार को राजस्थान की सह प्रभारी अमृता धवन और वीरेंद्र सिंह से मुलाकात की और उसके बाद यह बात मीडिया के सामने रखी।

इधर राजस्थान के नए सह प्रभारी बनाए गए वीरेंद्र सिंह राठौड़ में शुक्रवार को सचिन पायलट के सरकारी आवास पर उनसे मुलाकात की हालांकि मुलाकात में क्या बात हुई इस बारे में जानकारी सामने नहीं आई है। पायलट से मुलाकात करने के बाद राठौड़ देशनोक करणी माता के लिए रवाना हो गए।

# सिसोदिया की जमानत की अर्जी खारिज

नयी दिल्ली, 28 अप्रेल। दिल्ली शराब नीति-2021-22 में कथित अनियमितताओं में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज मामले में एक विशेष अदालत ने मनीलॉन्ड्रिंग के आरोपी आदमी पार्टी (आप)के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

साउथ एवेन्यू स्थित एम. के. नागपाल की विशेष अदालत ने ईडी के विरोध बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया।

- **इससे पहले, इसी अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।**

अदालत ने 18 अप्रेल को जमानत याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले, इसी अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

केन्द्रीय जांच ब्यूरो(सीबीआई) ने 26 फरवरी को लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। फिलहाल वे ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

विशेष अदालत ने सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में 31 मार्च को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद सिसोदिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जहां यह मामला लंबित है।

## 'यह कैसी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ग्रुप को हस्तांतरित करने के निर्देश महाराष्ट्र सरकार को दें।

चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) डी. वाय चन्द्रचूड़ और जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की एक बैंच ने याचिकाकर्ता आशीष गिरी के इस मामले के पक्षकार बनने पर सवाल किया और कहा कि ''यह किस प्रकार की याचिका है और आप कौन हैं? आपके अनुरोध पर गौर नहीं किया जा सकता।''

शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट के संदर्भ में ठाकरे और शिंदे गुटों की कई परस्पर विरोधी याचिकाओं पर गत 16 मार्च को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

चुनाव आयोग ने तीन कमान का चुनाव चिन्ह शिंदे गुट को दिया है तथा यह मुद्दा वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है।

# पाकिस्तान में चुनाव की सुगबुगाहट

इस्लामाबाद 28 अप्रेल। पाकिस्तान में चुनाव की सुगबुगाहटें तेज हो गई हैं और इसी कड़ी में एक साल की कड़वी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के बाद गठबंधन सरकार और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रतिनिधियों ने बैठक की। एक दिन पहले, सीनेट के अध्यक्ष सादिक संजरानी ने संघीय सरकार के अनुरोध पर सरकार के साथ बातचीत के लिए विपक्षी दल को एक मेज पर लाने का प्रयास किया था। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पीटीआई प्रतिनिधि मंडल में शाह महमूद कुरैशी, फवाद चौधरी और सीनेटर अली जफर शामिल थे, जबकि सरकार का प्रतिनिधित्व पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के इशाक डार, ख्वाजा साद रफीक, आजम नजीर तरार, सरदार अयाज सादिक और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) नेता यूसुफ रजा गिलानी और नवीद कमर ने किया था।

- **एक साल की राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के बाद गठबंधन सरकार और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रतिनिधि वार्ता की टेबल पर आए।**

अंदरूनी सूत्रों ने डॉन को बताया कि, पीटीआई ने बैठक के दौरान तीन प्रमुख मांगें रखीं, जिसमें पहली मांग मई में नेशनल असेंबली और सिंध तथा बलूचिस्तान विधानसभाओं को भंग करके जुलाई में आम चुनाव का रास्ता साफ करना, दूसरी अगर सरकार पंजाब में 14 मई के चुनाव की तारीख से आगे जाना चाहती है, तो 90 दिनों से अधिक के मतदान में देरी के लिए एक बार की रियायत के लिए एक संवैधानिक संशोधन पारित करना और पीटीआई एमएनए के इस्तीफे को नेशनल असेंबली में वापस लाने के लिए स्पीकर के आदेश को वापस लेना शामिल है।

## जम्मू में महिला...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

भी अप्रिय घटना पर नजर रखने के लिए, बल्कि रात के समय महिलाओं, विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं को और अधिक सुरक्षित बनाने तथा अकेले यात्रा करने वालों की सहायता करने के लिए भी तैनात किया गया है।

# कुश्ती फैडरेशन के मुखिया के...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

खिलाफ कोई कार्यवाही करना नहीं चाहती। वे उत्तर प्रदेश के गौंडा, कैसरगंज तथा बलरामपुर सीटों से छः बार लोकसभा सांसद रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि राज्य की पाँच लोकसभा सीटो पर सिंह का प्रभाव है तथा 2024 के चुनावों के लिये भाजपा के प्रचार की दृष्टि से वे अपरिहार्य समझे जाते हैं।

एफ.आई.आर. दर्ज किये जाने के निर्णय के समाचार पर प्रतिक्रिया देते हुये, सिंह ने कहा कि वे जानते थे कि उनके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज होगी। उन्होंने आगे कहा, ''मैं इस बात को पूरी तरह हलका अनुभव कर रहा हूँ कि शीघ्र ही हर चीज बिल्कुल स्पष्ट हो जायेगी। दिल्ली पुलिस को अपनी जाँच-पड़ताल करनी चाहिये। मैं पूरी तरह आश्वस्त हूँ। जल्दी ही सच सामने आ जायेगा।''

आंदोलनकारी महिला पहलवानों में से एक, विनेश फोगट, जो भारत की मैडल-विजेता भी हैं, ने कहा है कि दिल्ली पुलिस को एफ.आई.आर. दर्ज करने में छः दिन लग गये तथा पहलवानों को जाँच एजेंसी पर विश्वास नहीं है। वर्ल्ड चैम्पियनशिप मैडलिस्ट ने कहा, ''पुलिस ढ़ीली या हल्की एफ.आई.आर. दर्ज कर सकती है। हम देखेंगे, परखेगे तथा उसके बाद आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लेंगे। वे (सिंह) उन सभी पदों से हटाये जाने चाहिए तथा उन्हें जेल भेजा जाना चाहिये, अन्यथा वे जाँच को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे।''

- **इन प्लेयर्स ने यह भी कहा कि, उन्हें दिल्ली पुलिस पर विश्वास नहीं है तथा वे कमजोर सी धाराएं लगा सकते हैं, अतः वे तब तक धरने पर बैठेंगे, जब तक फैडरेशन के मुखिया हर सार्वजनिक पद से हटा नहीं दिये जाते।**
- **मुखिया ब्रज भूषण शरण सिंह छः बार भाजपा के सांसद निर्वाचित हो चुके हैं, गोण्डा, केसरगंज व बलरामपुर संसदीय सीट से।**
- **सिंह का पांच लोकसभा सीटों में भारी प्रभाव है और वे 2024 के चुनाव की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माने जाते हैं।**

मुख्य न्यायाधिश डी.वाय. चन्द्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की दो सदस्यीय बैंच के समक्ष उपस्थित होकर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि पहलवानों द्वारा दायर की गई याचिका को निपटा दें क्योंकि सिटी पुलिस आज बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने को तैयार हो गई है। अपनी शिकायत में, एक नाबालिग सहित, सात महिला पहलवानों ने सिंह पर यौन-उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

ओलिम्पिक में काँस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया तथा साक्षी मलिक एवं दो बार वर्ल्ड चैम्पियनशिप मेडलिस्ट रहीं विनेश फोगट, अन्य बहुत से पहलवानों के साथ रविवार से जन्तर मन्तर पर बैठे हुये है तथा माँग कर रहे हैं कि सिंह के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की जाये।

तीन महीने में यह दूसरा अवसर है, जब पहलवानों ने अपनी माँगों को लेकर दिल्ली में डेरा डाला है। जनवरी में, डब्ल्यू.एफ.आई. प्रमुख के खिलाफ यौन-उत्पीड़न एवं डराने-धमकाने के आरोपों की जांच के लिये, सरकार ने छः सदस्यीय पैनल गठित कर दिया था। इस पैनल ने 5 अप्रैल को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी, लेकिन सरकार ने इस रिपोर्ट के निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं किये हैं तथा कहा है कि अभी रिपोर्ट का निरीक्षण-परीक्षा चल रहा है।

# अमूल को ''साऊथवर्ड पुश''...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मालिक है, नन्दिनी का अधिग्रहण करता है तो उन लोगों की आजीविका खत्म हो जायेगी।

और फिर इसके बाद आता है उनका कन्नड़-गौरव, जिसका कांग्रेस अपने प्रचार अभियान में बख़ूबी इस्तेमाल कर रही है। इस हवा का लाभ अब जनता दल (एस) के कुमारास्वामी भी उठाना चाह रहे हैं। उन्होंने किसानों से वादा कर दिया है कि वे गुजरात के अमूल ब्रान्ड की लूटेरी कोशिशों से नन्दिनी को बचाने के लिये कुछ भी करने को तैयार हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया ने तो जनता से यहाँ तक कह दिया कि वे अमूल-उत्पादों का बहिष्कार कर दें, और तथ्य यह भी है कि कुछ होटलों और रेस्टोरेन्टों ने घोषणा तक कर दी है कि वे अमूल-उत्पाद नहीं खरीदेंगे।

भाजपा और कर्नाटक सरकार ने इस मुद्दे से जुड़े सभी दोषारोपणों का खण्डन किया है तथा कहा है कि वे नन्दिनी को संरक्षण प्रदान करेंगे तथा उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। लेकिन, पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के किसानों के अनुभव के चलते, कर्नाटक के किसानों को आशंका है कि अगर अमूल को खुली छूट दे दी गई तो वे कहीं के नहीं रहेंगे।

प्रसंगवश बता दें कि ऐसा प्रतीत होता हे कि आंध्र प्रदेश के घटनाक्रम से कर्नाटक के लोगों के डर एवं आशंकाओं को बल मिला है।

आंध्र प्रदेश के किसान संगठन अब आंध्र प्रदेश में आंदोलन कर रहे हैं तथा अमूल, जो वहाँ के स्थानीय सहकारी दुग्ध निकायों के खुशहाली को सीधे ही प्रभावित कर रहा है, की बेदखली की माँग कर रहे हैं। कृषक-ग्रुपों ने आरोप लगाया है कि सरकार अपने पैसे से दूध खरीद कर अमूल को सप्लाई कर रही है। उनका यह आरोप भी है कि मुख्यमंत्री ने स्थानीय सहकारी दुग्ध इकाइयों की कीमत पर अमूल को अपना व्यवसाय करने की अनुमति प्रदान की है। राज्य के पूर्व मंत्री वाड्डे सोभनेश्वर राव ने गुरुवार को विजयवाड़ा में आयोजित गोलमेज सभा को बताया कि अमूल के व्यवसाय से राज्य के किसी किसान को लाभ नहीं हो रहा है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि स्थानीय सहकारी डेरियों की परिसम्पत्तियाँ अमूल को दी जा रही हैं।

पूर्व मंत्री ने कर्नाटक का उदाहरण भी दिया, जहाँ, वहाँ मच रही हाय-तौबा के बाद, सरकार को अमूल के साथ अपने दूध-कारोबार को निलम्बित करना पड़ा है।

इसके अतिरिक्त कर्नाटक में विपक्ष ने इसे बहुत बड़ा चुनावी मुद्दा बना लिया है तथा बासवराज बोम्मई को शीघ्र ही अपने कदम वापस लेने को बाध्य कर दिया है। इस बीच, अमूल ने भी एक बयान देकर कहा है कि वह कर्नाटक में अपने दुग्ध-व्यवसाय को फैलाने की कोशिश को निलम्बित कर रहा है। अमूल कर्नाटक मे दूध की खरीद-फरोख्त के व्यवसाय में प्रवेश करना चाहता था तथा स्थानीय किसान एवं व्यापारी इसका विरोध कर रहे हैं।

शीघ्र ही, इस मुद्दे को अपने लिये एक अच्छे अवसर के रूप में देखते हुये, कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने बड़ी चतुराई के साथ इस सामान्य व्यावसायिक कोशिश को एक बहुत बड़े तथा प्रभावी चुनावी मुद्दे का रूप दे दिया तथा इस पूरे अभियान में कन्नड़-अस्मिता को भी खूबसूरत तरीके से गूँथ दिया।

प्रसंगवश बतादें कि कर्नाटक के दुग्ध-व्यवसाय में प्रवेश करने का अमूल का निर्णय उसके दक्षिण की तरफ बढ़ने (साउथवर्ड पुश) का हिस्सा है तथा इसकी प्रतिक्रिया के रूप में, स्थानीय लोकप्रिय सहकारी दुग्ध-ब्रान्ड कर्नाटक का ''नन्दिनी'', केरल का ''मिलमा'' तथा तमिलनाडु का ''आविन'' तथा अन्य निकाय अमूल की लूट का जवाब देने की कोशिशें के साथ आगे आने को बाध्य हो गये हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908




बड़ी बचत

**WAGONR ₹61 000*** **ALTO K10 ₹57 000*** **S-PRESSO ₹56 000***

**CELERIO ₹51 000*** **EECO ₹34 000***

ऑफ़र सिर्फ़ स्टॉक रहने तक मान्य है।

**WAGONR ALTO K10 S-PRESSO CELERIO EECO**

**E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk/corporate & DGS&D enquiries email at bharat.mittal@maruti.co.in**

**MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD:** CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: 4411111, 9785023000. **AURIC MOTORS PVT LTD.:** MANSAROVAR: 8929207471. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: 9209056789. **VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** TONK ROAD: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: 4065555, 9660000363. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** ADARSH NAGAR: 4074444, 9549650361. BANIPARK: 4072222, 2201365, 8698003009. **SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.:** MALVIYA NAGAR: 2523400, 8302890000. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** TONK ROAD: 2793924/5/6/7, 4110100, 9772210902. **JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.:** DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. **KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.:** PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. **FORTUNE CARS:** KARAULI: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: 9214794314 / 8875007758. **PREM MOTORS PVT. LTD.:** BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. **K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.:** TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727. **SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.:** CHOMU: (MORIJA ROAD): 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: 9772210451. **AJMER: RELAN MOTORS**: 0145-2610106, 9214444222. **AJMER AUTO**: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. **ALWAR: MG MOTORS:** 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. **BIKANER: DUDI AUTOMOBILES:** 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. **AURIC MOTORS**: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. **SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS**: 8955559963. **DUDI AUTOMOBILES:** PADAMPUR: 7412075151. **SIKAR: JAMU AUTOMOBILES**: (01572) 245515 / 246219. **NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES**: 9785644715. **JHUNJHUNU: AURIC MOTORS**: 8955664400. **CHURU: AURIC MOTORS:** 01562-250696, 8875010502. **KOTA: BHATIA & COMPANY:** CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: 9001997116, 9001997113, 9587898054. **SUWALKA MOTORS PVT. LTD.:** KUNHARI: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: 9116178527. BHAWANIMANDI: 9116178557. KHANPUR: 07430-299240, 8306333715. **JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED:** SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 6377715171. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. **SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.:** PRATAP NAGAR: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: 9928841300, 9116150669, 9929244402. **L.M.J. SERVICES LTD:** A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. **NAGAUR: MANGALAM MOTORS**: 9116008626, 9116008630. **PALI: L.M.J. SERVICES LTD.:** 02932 - 256177, 8094011136. **SIROHI: NAVNEET MOTORS:** 02972-222917-18, 7665010638. **UDAIPUR: NAVNEET MOTORS**: MADRI: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: 0294-2415142, 7230046381. **TECHNOY MOTORS:** GOVARDHAN VILLAS: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. **BANSWARA: NAVNEET MOTORS**: 9414159145, 7665010632, 7412074100. **BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES**: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. **CHAMPION CARS:** 01482-267135, 9602892423, 7727863720. **BHARATPUR: TM MOTORS:** 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. **CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY**: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117.

*Offer includes consumer offer, retail support, 2 ka 4 offer, exchange offer and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on WagonR (1.0L Petrol- all variants except AGS) Alto K10 (Petrol- LXI & VXI variants only), S-Presso (Petrol- all variants except AGS), Celerio (Petrol- all variants except AGS) and Eeco (Petrol- all variants except cargo, flexi & Ambulance). *Terms & Conditions apply. Creative visualization. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till stocks last.